CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

देहरादून, शनिवार 31 जनवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 174 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में नगर निगम कर्मी बनेंगे 'आपदा मित्र', मिलेगा 12 दिवसीय प्रशिक्षण पेज 2



ईशारानी बरुआ थाईलैंड मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में खेल टाइम्स



क्या उप्र के मुसलमान एआईएमआईएम के राजनीतिक नारों का समर्थन करेंगे सम्पादकीय



ट्रम्प को ईरान का अल्टीमेटम, हमारे 1000 ड्रोन तैयार पेज 12

# यूपी के मंत्री अब 50 करोड़ तक कर सकेंगे खर्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को अधिक तेज, सरल और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब विभागीय मंत्री स्तर पर 50 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति दी जा सकेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को वित्त विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में राज्य की राजकोषीय स्थिति, बजट प्रबंधन, पूंजीगत व्यय, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, डिजिटल वित्तीय सुधार, कोषागार और पेंशन प्रणाली सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि 50 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को वित्त मंत्री की मंजूरी मिलेगी, जबकि 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य होगी। इससे विकास परियोजनाओं को समय पर मंजूरी मिल सकेगी और कार्यों की गति तेज होगी। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना हर हाल में 15 अप्रैल तक स्वीकृत करा लें। समय सीमा का पालन न करने वाले विभागों की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी परियोजना की लागत में 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होती है, तो संबंधित विभाग को कारण सहित पुनः अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को -शेष पृष्ठ दो पर

**150 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य होगी**

**आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय का हर माह तय तिथि पर भुगतान सुनिश्चित हो: सीएम**



## पूर्व विधायक इरफान सोलंकी पर चलेगा गैंगस्टर का मुकदमा

**प्रयागराज।** कानपुर के पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। गैंगस्टर के तहत दर्ज मुकदमे की कार्रवाई रद्द करने की मांग को लेकर दायर अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जनवरी को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकल पीठ ने दिया है। जाजमऊ थाने में दिसम्बर 2022 को इरफान पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। ट्रायल कोर्ट की ओर से जारी समन आदेश सहित पूरी कार्रवाई को रद्द करने की मांग में इरफान ने हाईकोर्ट में अर्जी दायर की थी।

# सोना और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट दिखी है। खासकर चांदी तो एक ही दिन में करीब 66 हजार रुपये सस्ती हो गई, जो अब तक का इतिहास है। सोना भी 1100 रुपये टूटा, इतिहास की बड़ी गिरावट दिख रही है।

सोने-चांदी की आसमान छूती कीमतें शुक्रवार को अचानक जमीन पर लैंड कर गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शुक्रवार को चांदी का वायदा भाव करीब 66 हजार रुपये सस्ता हो गया। एक समय 4 लाख के पार जाती दिख रही चांदी की कीमत अचानक 3.34 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास पहुंच गई। एमसीएक्स पर शुक्रवार को सोने की कीमत भी करीब 7 फीसदी टूटकर 1.58 लाख रुपये के आसपास पहुंच गई है। एमसीएक्स पर एक दिन पहले ही चांदी 4 लाख के बेहद करीब पहुंच गई थी, लेकिन शुक्रवार सुबह से ही सोने और चांदी की कीमत पर दबाव दिख रहा था।

**चांदी 66000 व सोना भी 11000 रुपये टूटा**

## संक्षिप्त समाचार

### भारत व बांग्लादेश ने 151 मछुआरों को भेजा वापस

**नई दिल्ली/ढाका।** भारत और बांग्लादेश ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) को अनजाने में पार कर चुके मछुआरों की पारस्परिक रिहाई और स्वदेश वापसी की प्रक्रिया पूरी की। अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्ष इसे समुद्री सीमा संबंधी लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों के मानवीय समाधान के रूप में देखते हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बांग्लादेश के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए गए कुल 23 भारतीय मछुआरों और भारत में हिरासत में लिए गए 128 बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा कर उनके चालू मछली पकड़ने वाले जहाजों के साथ उनके संबंधित देशों में वापस भेज दिया गया।

### पराक्रम दिवस पर नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ-साथ कई संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संसद भवन में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में महान स्वतंत्रता सेनानी, आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस पर शुक्रवार को उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### रंजीत ने राज्य और राष्ट्रीय पुरस्कारों पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता पी- रंजीत ने तमिलनाडु सरकार द्वारा हाल ही में राज्य फिल्म पुरस्कार और राज्य टेलीविजन पुरस्कारों की घोषणा के बाद पुरस्कार देने वाली राष्ट्रीय और राज्य स्तर की संस्थाओं की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि क्या सच में वे भेदभाव से मुक्त होती हैं? श्री रंजीत ने सोशल मीडिया पर पुरस्कार प्रणालियों की ईमानदारी पर चिंता जताते हुए पूछा कि तमिलनाडु सरकार द्वारा फिल्म पुरस्कारों की घोषणा के बाद मेरा आपसे एक सवाल है, क्या तमिलनाडु और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर सरकारी और निजी पुरस्कार संगठन सच में ईमानदारी से काम करते हैं? साल 2016 से 2022 तक के तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार, साथ ही 2014 से 2022 तक के राज्य टेलीविजन पुरस्कारों की घोषणा गुरुवार को की गई।

# स्कूलों में मुफ्त मिले सैनेटरी पैड

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: स्कूलों में लड़के-लड़कियों के अलग-अलग टॉयलेट हों

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- आदेश न मानने पर स्कूल की मान्यता रद्द होगी
- दिव्यांगों के अनुकूल डिसेबल फ्रेंडली टॉयलेट बनाएं सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश: शीर्ष अदालत
- सुप्रीम कोर्ट में पिछले 4 सालों से चल रही थी सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सैनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग वॉशरूम बनाने होंगे, जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनकी मान्यता रद्द की जाएगी।

इसके साथ ही कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएं। केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में पिछले 4 सालों से सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने शुक्रवार को सिर्फ फैसला सुनाया है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में एक जनहित याचिका लगाई थी। उनकी मांग थी कि मेन्स्ट्रुयल हाइजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए। कोर्ट ने कहा कि अगर स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 (बराबरी का अधिकार) का उल्लंघन है। अगर लड़कियों को सैनेटरी पैड नहीं मिलते तो वे लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई और गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं। मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) का हिस्सा है। अगर लड़कियों को उचित सुविधा नहीं मिलती, तो उनकी गरिमा और निजता प्रभावित होती है। कोर्ट ने कहा कि यह आदेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े लोगों के लिए नहीं है। यह उन क्लासरूम के लिए भी है, जहां लड़कियां मदद मांगने में झिझकती हैं। यह उन टीचर्स के लिए है, जो मदद करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण बंधे हुए हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो शायद यह नहीं समझ पाते कि उनकी चुप्पी का क्या असर पड़ता है। यह समाज के लिए भी है, ताकि प्रगति का पैमाना इस बात से तय हो कि हम अपने सबसे कमजोर वर्ग की कितनी सुरक्षा करते हैं। हम हर उस बच्ची तक यह संदेश पहुंचाना चाहते हैं, जो स्कूल में अनुपस्थिति की शिकार बनी, क्योंकि उसके शरीर को बोझ की तरह देखा गया, जबकि इसमें उसकी कोई गलती नहीं है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करके लड़कियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता जताई थी। याचिका में बताया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों के कारण कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं होते। उन दिनों (मासिक धर्म के दिनों में) कपड़ा यूज करके स्कूल जाना परेशानी का कारण बनता है। स्कूलों में भी लड़कियों के लिए फ्री पैड की सुविधा नहीं है। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इतना ही नहीं, स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोजल करने की सुविधा भी नहीं है, इस वजह से भी लड़कियां पीरियड्स में स्कूल नहीं जा पातीं।

# लखनऊ में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, सवार थे 275 यात्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी अरब जा रहे एक विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के कुछ समय बाद विमान में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। सूत्रों के मुताबिक, जब विमान मुंबई के पास पहुंचा, तब केबिन प्रेशर में समस्या आ गई। इसके चलते कुछ यात्रियों को सांस लेने में परेशानी होने लगी।

हालात देखते हुए पायलट ने पहले मुंबई एयरपोर्ट से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी, लेकिन वहां से परमिशन नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट से संपर्क किया। लखनऊ से इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मिलते ही विमान वापस लौट आया। करीब 82 मिनट में विमान सुरक्षित रूप से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। खराबी दूर होने पर विमान जेद्दा के लिए रवाना हो गया। यह विमान सऊदिया अरबिया एयरलाइंस का था। फ्लाइट नंबर एसवी-891 जेद्दा जा रही थी। विमान में 275 यात्री, 4 पायलट और 6 क्रू मेंबर सवार हैं।



**सऊदी जाते वक्त तकनीकी खराबी आई, मुंबई में उतरने की परमिशन नहीं मिली, तो वापस लौटा**

### कुवैत से दिल्ली आ रहे इंडिगो विमान को बम से उड़ाने की धमकी, अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग

**अहमदाबाद।** बीते कुछ वक्त से विमानों को धमकी भरे संदेश लगातार मिल रहे हैं। इस बीच शुक्रवार को अब कुवैत से दिल्ली आ रहे इंडिगो के विमान को बम से उड़ाने और हाईजैक करने की धमकी दी गई, जिसके बाद सतर्कता बरतते हुए विमान की अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जानकारी के मुताबिक एक टिशू पेपर पर लिखे नोट में प्लेन को हाईजैक करने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिसके बाद सभी 180 यात्रियों और उनके सामान की अच्छी तरह से जांच की गई और हर यात्री की पहचान की पुष्टि की जा रही है। इधर, विमान की सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग कराई गई है। धमकी भरा नोट मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां फौरन सक्रिय हो गई हैं। फिलहाल हवाई अड्डे के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अभी तक किसी भी तरह की संदिग्ध या आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है। एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के अनुसार बम निरोधक दस्ते ने विमान की पूरी तरह से जांच की है।

जानकारी के मुताबिक, विमान का तय समय दोपहर 12:05 बजे था, लेकिन यह 12:23 बजे उड़ान भर सका। दोपहर -शेष पृष्ठ दो पर

## एआई अनुसंधान पर फोकस के लिए आईएआईआरओ की स्थापना

**नई दिल्ली।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए शुक्रवार को भारतीय एआई अनुसंधान संगठन (आईएआईआरओ) का शुभारंभ किया गया।

यह संगठन देश की मूल चुनौतियों और प्राथमिकताओं के अनुरूप बुनियादी तथा एप्लाइड एआई अनुसंधान के लिए समर्पित है। रणनीति-निर्माण से संप्रभुता तथा प्रोटोटाइप और बौद्धिक संपदा (आईपी) से लेकर वैश्विक उत्पादों तक सुव्यवस्थित क्रियान्वयन को गति देने के लिए इसकी स्थापना की गई है। डा. अमित शेठ को इसका पहला निदेशक नियुक्त किया गया है।

**डा. अमित शेठ को पहला निदेशक नियुक्त किया गया**

## कश्मीर के सोनमर्ग में पारा -11.2 डिग्री

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के कारण भीषण सर्दी पड़ रही है। अधिकांश जगहों पर गुरुवार रात में न्यूनतम तापमान जीरो डिग्री से नीचे चला गया।

सोनमर्ग सबसे ठंडी जगह रही। यहां पारा माइनस 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गुलमर्ग में -9 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में -3.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इधर, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। एमपी के ग्वालियर में भिंड रोड हाईवे पर कोहरे के कारण एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इससे कार सवार सभी 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2 महिलाएं और 2 पुरुष थे। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में नेशनल हाईवे- 58 पर 5 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 6 से ज्यादा लोग घायल हैं।

### दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में ठंड जारी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को ठंडा मौसम रहा तथा सुबह आसमान में बादल छाए रहे एवं हल्की से मध्यम धुंध छाई रही। मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार का अधिकतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद थी और सुबह का न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। गुरुग्राम में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है।

## राहुल ने शहीद दिवस पर गांधीजी को दी श्रद्धांजलि




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने शहीद दिवस पर शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके शहीद स्थल 30 जनवरी मार्ग जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आज शहीद दिवस पर 30 जनवरी मार्ग पर महात्मा गांधी जी के जीवन और बलिदान को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। सत्य, साहस और करुणा की उनकी विरासत हमारा मार्गदर्शन करती है और हमें उनके सपनों के न्यायसंगत, सामंजस्यपूर्ण और एकजुट बनाने भारत की प्रेरणा देता है जिसके लिए हमें प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने लिखा कि महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक सोच हैं - वह सोच जिसे कभी एक साम्राज्य ने, कभी एक नफ़रत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की। मगर राष्ट्रपिता ने हमें आजादी के साथ यह मूलमंत्र दिया कि सत्ता की ताकत से बड़ी सत्य की शक्ति होती है और हिंसा एवं भय से बड़े अहिंसा और साहस। यह सोच मिट नहीं सकती, क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं।

**महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक सोच हैं: कांग्रेस**

# अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा होंगी महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम

**मुंबई/पुणे, वार्ता**

**अजित पवार** की पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बन सकती हैं। पार्टी के नेता छगन भुजबल ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी के विधायक दल की बैठक शनिवार को (आज) होगी।

सुनेत्रा के नाम पर चर्चा हो रही है। सूत्रों के अनुसार सीएम फडनवीस ने इस पर सहमति जताई है। अगर शनिवार को कोई फैसला होता है, तो शपथ ग्रहण समारोह कल ही होगा। अजित की प्लेन क्रैश में मौत के बाद उप मुख्यमंत्री पद खाली हो गया है। यह पद पत्नी को दिए जाने, एनसीपी के दोनों गुट के विलय और विभागों के बंटवारे को लेकर अटकलें जारी हैं। इन्हीं मांगों को लेकर शुक्रवार को एनसीपी के नेता सीएम देवेंद्र फडनवीस से मिलने उनके घर वर्षा बंगले पहुंचे। इसमें प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, सुनील तटकरे शामिल हुए। मीटिंग आधे घंटे तक चली। महाराष्ट्र सरकार में अजित के पास वित्त, आबकारी और खेल विभाग के साथ-साथ डिप्टी चीफ मिनिस्टर का पद भी था। एनसीपी नेताओं में इस बात पर चर्चा चल रही है कि ये विभाग और पार्टी की नेशनल लीडरशिप किसे दी जाए। यह दावा भी किया जा रहा है कि अजित पवार एनसीपी के दोनों गुट के जिस मर्जर पर बातचीत कर रहे थे, उस पर आखिरी फैसला शरद पवार लेंगे। अजित की 28 जनवरी को बारामती में एक प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। वे जिला परिषद चुनाव के लिए रैली को संबोधित करने जा रहे थे। सीएम देवेंद्र फडनवीस से मुलाकात के बाद एनसीपी के नेता प्रफुल्ल पटेल ने मीडिया से कहा कि हमने सीएम फडनवीस को साफतौर पर बता दिया है कि जनभावना को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द फैसला लेना जरूरी है। प्रफुल्ल ने कहा कि हमारी मांग है कि अजित के पोर्टफोलियो और एनसीपी से जुड़े फैसलों को लेकर कोई अनिश्चितता नहीं होनी चाहिए।



- सीएम फडनवीस ने जताई सहमति
- एनसीपी नेता फडनवीस से मिले, विभाग भी मांगे

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि श्रद्धेय 'बापू' का सत्यनिष्ठ आचरण, अहिसा की उनकी अडिग साधना और मानवता के प्रति उनकी अनन्य करुणा न केवल भारत, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए सदैव प्रेरणाोत बनी रहेगी। महात्मा गांधी के विचारों ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और आज भी उनके सिद्धांत समाज को सही मार्ग दिखाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और एक समृद्ध, न्यायपूर्ण व विक. सित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### पुलिस को जिंदा जलाने की थी साजिश

**बरेली( ब्यूरो )।** कानपुर के आई लव मोहम्मद पोस्टर की आड़ में मौलाना तौकीर रजा ने बरेली में उपद्रव कराया था। उसके कहने पर आई भीड़ ने पुलिस पर हमला किया। पुलिस का वायरलेस, एंटी राइट गन आदि को भी लूटकर दंगाई फरार हो गए थे। इसके अलावा पुलिस पर पेट्रोल बम के साथ-साथ एसिड की बोतलें भी फेंकी गई। इस बात का खुलासा पुलिस ने करते हुए बताया कि पुलिस को जिंदा जलाने की साजिश रची गई थी। फारेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) में भी इसकी पुष्टि हो चुकी है। श्यामगंज में हुए बवाल के दौरान फेंकी गई बोतलों को जब लैब भेजा गया, तो उसमें एसिड पाया गया। पुलिस इस रिपोर्ट को अपनी विवेचना में शामिल करेगी।

# नगर निगम कर्मी बनेंगे 'आपदा मित्र' मिलेगा 12 दिवसीय प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नोयडा में एक इंजीनियर की गड्ढे में डूबने से हुई मौत के बाद राज्य आपदा प्रबन्धन पर बड़े सवाल खड़े हुए थे। इस बीच अब सरकार ने इसको लेकर बड़ा कदम उठाया है।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राज्य के नगर निगम क्षेत्रों में आपदा से होने वाले नुकसान को कम करने और त्वरित राहत सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम कर्मियों को 'आपदा मित्र' के रूप में प्रशिक्षित करेगा। अधिकारियों के अनुसार यह प्रशिक्षण जिला स्तर पर दिया जाएगा, जिससे शहरी क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन की क्षमता मजबूत हो सके। प्रदेश के राहत आयुक्त ऋषिकेश भास्कर ने बताया कि नगर निगम कर्मियों को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित कर आपदा प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियों के कुशल संच. ालन में लगाया जाएगा। प्रशिक्षित कर्मी किसी भी आपातकाल या आपदा की स्थिति में फर्स्ट रिस्पॉन्डर के तौर पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराएंगे और शहरी समुदाय को आपदा प्रबंधन के प्रति सशक्त बनाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन द्वारा 17 नगर निगमों के कुल 1,700 कर्मियों को 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक नगर निगम से 100-100 कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया है।

# उत्तर प्रदेश में बारिश व ओलावृष्टि ने बढ़ाई ठिठुरन, तापमान गिरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सरसों-आलू की फसल पर आफत
■ किसी बड़े नुकसान की संभावना नहीं: कृषि विभाग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में छिटपुट वर्षा और ओलावृष्टि ने ठंड में इजाफा किया है, जबकि बेमौसम वर्षा से सरसों और आलू किसानों की चिता बढ़ा दी ह। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहने और बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

किसानों ने आशंका जताई है कि यदि असमय बारिश का सिल. सिला जारी रहा, तो नुकसान और बढ़ सकता है तथा लागत निक. ालना कठिन हो जाएगा। वहीं कृषि विभाग ने किसी बड़े नुकसान की संभावना से इनकार किया है। मौसम विभाग के अनुसार संभल जिले में सर्वाधिक 32.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। राजधानी लखनऊ में इस दौरान 6.9 मिमी बारिश हुई। अधिकतम तापमान गिरकर 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि की भी सूचना है, जिनमें बरेली शामिल है। दोनों मौसमीय उपखंडों में तेज़ हवाएं चलीं। आगरा में अधिकतम 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में घना कोहरा भी देखा गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार लखनऊ में सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाया रह सकता है, जबकि दिन में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 23 और 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है, हालांकि कुछ स्थानों पर घना को. हरा पड़ने की प्रबल संभावना है। प्रदेश में हरदोई का दिन सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि प्रयागराज में रात का तापमान सबसे अधिक 15.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर असमय हुई बारिश से प्रदेश के कई जिलों में किसानों की चिंता बढ़ गई है। सरसों, आलू और मटर की फसलों को नुकसान पहुंचा है।

## गेहूं की फसल के लिए लाभकारी साबित हुई बारिश

रिपोर्टों के अनुसार मंगलवार रात से रुक-रुक कर हुई बारिश ने फूल अवस्था में खड़ी सरसों की फसल को प्रभावित किया है, जिससे दानों के सही विकास पर असर पड़ने और उत्पादन घटने की आशंका है। अधिक नमी के कारण आलू और मटर की फसल भी प्रभावित हुई है। गेहूं की फसल के लिए यह बारिश लाभकारी साबित हुई है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस समय मिली नमी से गेहूं की बढ़वार और उत्पादकता में सुधार होगा। कृषि निदेशक पंकज त्रिपाठी ने कहा कि प्रारंभिक आकलन में फसलों को किसी बड़े नुकसान के संकेत नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि ये बारिश व्यापक जरूर रही, लेकिन इतनी तेज नहीं थी कि फसलों को गंभीर नुकसान पहुंचा सके। बल्कि यह गेहूं की फसल के लिए अमृत समान है, जिसे इस समय नमी की आवश्यकता होती है। जिसके कारण गेहूं के फसल के लिए फायदेमंद है।

## शहीद दिवस पर कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम

# सरकार की साजिश कामयाब नहीं होने देंगे

**नई दिल्ली, वार्ता**




■ पुलिस ने कई नेताओं को हिरासत में लिया 28 फरवरी तक चलेगा संग्राम

कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय से बापू के शहीद स्थल 30 जनवरी मार्ग तक मार्च करते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम (मनरेगा) बचाओ संग्राम के तहत मार्च निकाला जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस ने कहा है कि मनरेगा ग्रामीण भारत की आत्मा में बसा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लाख को. शिशों के बाद भी उसे मिटा नहीं सकती। पार्टी का कहना है कि उसके कार्यकर्ता इसके खिलाफ अपनी पूरी ताकत लगा देंगे और सरकार की इस साजिश को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने मनरेगा के समर्थन में हाथों तख्तियां और मनरेगा बचाओ संग्राम लिखे बैनर लेकर प्रदर्शन करते हुए 'मनरेगा चोर-गद्दी छोड़, मनरेगा गर जाएगा बाजार सुस्त हो जाएगा, हर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दो' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता अजय माकन, जयराम रमेश, राजीव गौड़ा, पवन खेड़ा, उदित राज, देवेंद्र यादव, कर्नल रोहित चौधरी सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। बाद में पुलिस ने कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। गौरतलब है कि कांग्रेस हाल ही में बनाए गए नए वीबी जीराम जी अधिनियम को समाप्त कर मनरेगा की बहाली की मांग कर रही है और इसके लिए देशव्यापी विरोध के तहत उसने मनरेगा बचाओ संग्राम शुरु किया है। कांग्रेस का देशव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम 10 जनवरी से शुरु हुआ और 28 फरवरी तक चलेगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा ष्यह दिल्ली में मनरेगा बचाओ संग्राम की झलक है। मोदी सरकार ने बुलडोजर चलाकर मनरेगा अधिनियम को रद्द कर दिया। मनरेगा ऐतिहासिक और क्रांतिकारी अधिनियम था, जो सितम्बर 2005 को सर्वसम्मति से पारित हुआ था। इस अधिनियम को बनाने में पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी, राहुल गांधी का महत्वपूर्ण योगदान था। मनरेगा कानून संवैधानिक हक था, लोगों के पास रोजगार की कानूनी गारंटी थी। इस कानून से पंचायतें मजबूत हुईं। हर परिवार को पहली बार प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से पैसा पहुंचाया गया। लेकिन ये कानून रद्द कर दिया गया, क्योंकि नरेंद्र मोदी नहीं चाहते हैं कि महात्मा गांधी जी से जुड़ा हुआ ये कानून ज्यादा समय तक चले। वो नहीं चाहते हैं कि लोगों को उनका हक मिले। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मनरेगा की लड़ाई देश के आम गरीब नागरिकों के रोजगार और हक की लड़ाई है, जिसे कांग्रेस पूरे देश में लड़ रही है।

### नाइंसाफ़ी भाजपा सरकार की पहचान बन चुकी है: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा है कि बुलडोज़र अब विकास नहीं, बल्कि नकारात्मक और विध्वंसकारी सोच का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने सवाल किया कि क्या 'भेदकारी भाजपा' के पास कोई ऐसा बुलडोज़र भी है, जो लोगों के टूटे घर बना दे और उनके मान-सम्मान की छत दोबारा खड़ी कर दे। यादव न शुक्रवार को एक्स पर लिखा सत्ताधीश अपने ऊपर लगे मुकदमे तो हटवा सकते हैं, लेकिन जो अन्याय और पाप किए गए हैं, उनका हिसाब ऊपर वाले की अदालत में लिखा जा रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इतना अन्याय करके कोई चैन की नींद कैसे सो सकता है।

# गोमाता को 40 दिनों में राज्यमाता का दर्जा दें योगी

**वाराणसी, वार्ता**

■ शंकराचार्य ने सीएम से मांगा हिंदू होने का प्रमाण पत्र

ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शुक्रवार को कहा कि योगी सरकार को गोमाता की रक्षा के लिए अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए 40 दिनों का समय दिया जा रहा है। यदि इस अवधि में गोमाता को 'राज्यमाता' का दर्जा नहीं दिया गया और गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो परिणाम गंभीर होंगे।

शंकराचार्य ने कहा कि जो सरकार गोवंश की रक्षा नहीं कर सकती, उसे हिदू कहलाने का कोई अधिकार नहीं है। विशेष रूप से उस योगी को तो बिल्कुल नहीं, जो गुरु गोरक्षनाथ की पवित्र गद्दी का महंत होने का दावा करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी से कहा कि हमसे आपने हमारा प्रमाण-पत्र मांग लिया था, हमने सहज भाव से दे दिया, क्योंकि सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता। अब समय आपके 'हिंदू' होने का प्रमाण देने का है। सनातनी समाज अब आपसे आपके हिंदू होने का साक्ष्य मांगता है। हिदू होना केवल भाषणों या भगवा वस्त्र तक सीमित नहीं है,इसकी कसौटी गो-सेवा और धर्म-रक्षा है। शंक. राचार्य ने दो स्पष्ट शर्तें रखीं: गोमाता को 'राज्यमाता' का आधिकारिक दर्जा दिया जाए, जैसा महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में देशी गायों के लिए किया है और नेपाल में गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा प्राप्त है। इसके अलावा गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का शासनादेश जारी किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी, यदि 40 दिनों में ये मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 10-11 मार्च को लखनऊ की पावन धरा पर संपूर्ण संत समाज का समागम होगा। उसमें सरकार को 'नकली हिंदू' और 'छद्म हिंदू' घोषित किया जाएगा।



सेंसेक्स 82269.78
निफ्टी 25365.65



सोना रु. 158000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 334000
प्रति किलो



# तेजी के बाद गिरावट में बंद हुए बाजार

**मुंबई, वार्ता**



एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार तीन दिन की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 296.59 अंक (0.36' गिरकर 82,269.78 अंक पर रहा। सुबह 619 अंक नीचे खुलने के बाद सूचकांक पूरे दिन लाल निशान में रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 98.25 अंक टूटकर 25,320.65 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों में भी बिकवाली का जोर रहा, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.26 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.32 प्रतिशत मजबूत हुआ। निफ्टी धातु सूचकांक में 5.21 प्रतिशत की जबरदस्त गिरावट रही। आईटी, वित्तीय सेवाओं और निजी बैंकिंग समूहों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। एफएमसीजी, रियलटी, ऑटो, मीडिया, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांकों में भी मजबूती रही। सेंसेक्स में टाटा स्टील का शेयर साढ़े चार प्रतिशत टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर दो प्रतिशत नीचे बंद हुआ। पावरग्रिड, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर एक से दो प्रतिशत की गिरावट में रहे। कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, एनटीपीसी, इटरनल, इंडिगो और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सवा फीसदी से अधिक चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी और बीईएल के शेयर एक फीसदी से अधिक मजबूत हुए।

### विदेशी मुद्रा भंडार 709 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 8.053 अरब डॉलर की बड़ी वृद्धि के साथ 709. 413 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। पिछले सप्ताह यह 14.167 अरब डॉलर बढ़ा था। इस तरह दो सप्ताह में ही इसमें 22. 22 अरब डॉलर का उछाल आ चुका है। विदेशी मुद्रा भंडार का पिछला उच्चतम स्तर 27 सितम्बर 2024 को 704.885 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार में 5.635 अरब डॉलर का उछाल आया और यह 123.088 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सोने की कीमतों में लगातार तेजी से स्वर्ण भंडार बढ़ रहा है।

# कानपुर में बसाए जाएंगे बांग्लादेशी हिंदू, मिली मंजूरी

**लखनऊ।** उप्र कैबिनेट ने मेरठ के 99 बांग्लादेशी हिंदू परिवारों को कानपुर में पुनर्वासित करने की मंजूरी दे दी है। ये परिवार 40-50 सालों से मेरठ में रह रहे हैं और अब कानपुर में बसने के लिए एक एकड़ जमीन व रोजगार की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिली है, जिससे उनके भविष्य की नई राह खुलेगी। इस संबंध में विधायक और यूपी सरकार में मंत्री दिनेश खटीक ने सरकार को प्रस्ताव भेजा था। इसमें इन बंगाली परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करने की बात कही गई थी। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई। मेरठ में मवाना के नगला गोसाई में 40-50 सालों से रह रहे इन बंगाली हिंदू परिवार के लोगों ने अपने पुर्नवास के लिए सरकार से कानपुर में एकड़ जमीन की मांग की थी। इसके साथ ही अपने गुजारे के लिए रोजगार की भी मांग की थी। सरकार ने उनकी मांगों पर सहमति जताते हुए इस संबंध में उचित प्रबंधन करने का आश्वासन दिया है। इन बंगाली परिवार के लोगों ने बताया कि उनका बचपन मेरठ के पास हस्तिनापुर में बीता है। वहीं पर वह 40 से 50 सालों से रहते आ रहे हैं। इन बांग्लादेशी हिंदू परिवारों ने सीएम योगी से हस्तिनापुर में ही रहने देने की गुहार की थी। अपनी बसावट के लिए इन परिवारों ने एक एकड़ जमीन की मांग की थी, चूंकि सरकार ने इनका पुर्नवास कानपुर में करने का फरमान सुनाया था।

# केंद्र का राजकोषीय घाटा दिसम्बर तक बजट अनुमान के 55 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली, वार्ता**



केंद्र सरकार का रोजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में दिसम्बर 2025 तक बजट अनुमान के 55 प्रतिशत पर रहा। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि अप्रैल-दिसम्बर 2025 की अवधि में केंद्र सरकार की कुल राजस्व प्राप्ति 25,25,156 करोड़ रुपये रही, जो बजट अनुमान का 72-2 प्रतिशत है।

इस दौरान कुल व्यय 33,80,998 करोड़ रुपये रहा, जो बजट अनुमान का 66.7 प्रतिशत है। इस प्रकार, राजकोषीय घाटा 8,5,842 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। यह बजट अनुमान का 54.55 प्रतिशत है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में 15,68,936 करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे का अनुमान व्यक्त किया था। कुल प्राप्तियों में 19,39,254 करोड़ रुपये का कर राजस्व, 5,39,855 करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 46,047 करोड़ रुपये की गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।

इस अवधि के दौरान केंद्र द्वारा राज्य सरकारों को करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में 10,38,164 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इस अवधि की तुलना में 1,37,014 करोड़ रुपये अधिक है। कुल व्यय में 25,93,063 करोड़ रुपये राजस्व मद पर और 7,87,935 करोड़ रुपये पूंजी मद पर खर्च किए गए हैं। कुल राजस्व व्यय में 9,11,059 करोड़ रुपये ब्याज भुगतान के मद में और 3,17,490 करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडियों के मद में खर्च हुए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी के मंत्री....** सुदृढ़, पारदर्शी और परिणामोन्मुख वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए सभी विभागों को समयबद्धता, गुणवत्ता और डिजिटल प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य गारंटी नीति लागू करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं जैसे अल्प-वेतनभोगी कर्मियों के मानदेय को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उन्हें हर माह तय तिथि पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

केंद्रांश की प्रतीक्षा किए बिना राज्य सरकार अपने स्तर से मानदेय जारी करे, ताकि किसी भी कर्मी को आर्थिक कठिनाई न हो। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश ने 1.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय किया, जो देश में सर्वाधिक है। कुल व्यय का 9.39 प्रतिशत निवेश पर खर्च कर उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। राज्य के राजकोषीय घाटा, राजस्व घाटा और ऋण- जीएसडीपी अनुपात एफआरबीएम मानकों के अनुरूप रहे हैं। वर्ष 2024-25 में राज्य की कुल देयताएं घटकर जीएसडीपी के 27 प्रतिशत पर आ गई हैं। शासकीय भवनों के अनुरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण की तर्ज पर सभी नए भवनों में पांच वर्ष की भुगतान-आधारित अनुरक्षण व्यवस्था अनिवार्य की जाए। पुराने भवनों के अनुरक्षण के लिए कॉर्पस फंड बनाने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़क, भवन, सेतु, सीवर लाइन और जलापूर्ति जैसी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट आईआईटी, एनआईटी और अन्य सरकारी तकनीकी संस्थानों से कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने वित्तीय अनुशासन, पूंजीगत व्यय और राजस्व वृद्धि में देश में नया मानक स्थापित किया है। अब सरकार का लक्ष्य खर्च की गुणवत्ता और डिजिटल पारदर्शिता को और मजबूत करते हुए प्रदेश को देश का सबसे सक्षम और विश्वसनीय वित्तीय प्रशासन वाला राज्य बनाना है।

**लखनऊ में...** करीब 1:45 बजे विमान को बीच रास्ते से वापस लाना पड़ा। यात्रियों को विमान से उतारा नहीं गया। इंजीनियरों ने तकनीकी खराबी दूर कर दी। विमान शाम 4:20 बजे जेद्दा के लिए रवाना हुआ। विमान में केबिन प्रेशर आर्टिफिशियल एयर प्रेशर है, जिसे हवाई जहाज के अंदर बनाए रखा जाता है। इससे जब विमान 30,000 से 40,000 फीट की ऊंचाई पर होता है, तब भी लोगों को सांस लेने में दिक्कत नहीं होती। केबिन प्रेशर उस ऊंचाई में भी 6,000-8,000 फीट की ऊंचाई के बराबर वाला एयर प्रेशर बनाकर रखता है। इससे यात्री आसानी से सांस लेते रहते हैं। 15 जुलाई, 2025 को सऊदिया अरबिया एयरलाइंस के ही विमान में लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान खराबी आ गई थी। पहियों के पास से चिंगारी निकलने लगी थी। फ्लाइट एसवी-3112 की लैंडिंग के दौरान पहिए से चिंगारी और धुआं निकलने लगा। पायलट ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए विमान को रोक दिया। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचना दी। इस दौरान विमान में 242 हजयात्री बैठे हुए थे।

# विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में भाजपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ जनता में पनपे असंतोष का आकलन करने के लिए विधायकों की परफॉर्मेंस पर होगा दूसरा चरण का सर्वे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी विधायकों और संभावित प्रत्याशियों की जमीनी परफॉर्मेंस और मणिकर्णिका घाट, प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरा नंद और यूजीसी बिल के बाद जनता में पनपे असंतोष का आकलन करने के लिए दूसरे चरण का सर्वे जल्द शुरू करने जा रही है।

सूत्रों के अनुसार यह नया सर्वे फरवरी के दूसरे-तीसरे सप्ताह से शुरू होगा। खास बात यह है कि दूसरे चरण का सर्वे पहले से अलग एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा, जबकि पहले चरण की सर्वे रिपोर्ट पहले ही पार्टी नेतृत्व के पास मौजूद है। दोनों एजेंसियों की रिपोर्ट का आपस में मिलान कर निष्कर्ष निकाले जाएंगे, ताकि किसी भी तरह के पक्षपात की गुंजाइश न रहे। इसी उद्देश्य से भाजपा ने 'दोहरा सर्वे मॉडल' अपनाया है। भाजपा इस सर्वे के तहत प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों का आकलन कराएगी। इसके साथ ही सहयोगी दलों की सीटें भी सर्वे में शामिल होंगी। रालोद, सुभासपा, अपना दल (एस) और निषाद पार्टी के प्रभाव वाली विधानसभा सीटों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। सर्वे के दौरान केवल विधायकों तक सीमित न रहकर जिलों में छोटे स्तर के पदाधिकारियों से भी फीडबैक लिया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं से बातचीत, सार्वजनिक स्थानों पर आम जनता से संवाद और विभिन्न वर्गों से रायशुमारी की जाएगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सर्वे में विधायकों और संभावित उम्मीदवारों की छवि, जनसंपर्क, कार्यशैली और लोकप्रियता का विस्तृत आकलन किया जाएगा। युवा, महिलाएं, व्यापारी, डॉक्टर और शिक्षक जैसे प्रमुख वर्गों से फीडबैक लेकर संगठन और चुनावी रणनीति को और धार देने की तैयारी है। भाजपा नेतृत्व इस सर्वे के जरिये जमीनी हकीकत समझकर समय रहते जरूरी बदलाव करने के मूड में है, ताकि 2027 के चुनाव में पार्टी को मजबूत स्थिति में रखा जा सके। सूत्रों की मानें तो 400 से ज्यादा सर्वे एजेंट विधानसभा चुनावों के लिए काम करेंगे। सर्वे एजेंट में दिल्ली यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस के छात्र, आईआईएम लखनऊ और आईआईटी कानपुर के छात्र शामिल हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी ने बताया कि प्रोफेशनल्स के ज़रिए सर्वे कराने से उम्मीदवार, इलाके, सामाजिक समीकरण, अंदरूनी विरोध और दूसरे मामलों से जुड़े मुद्दों की गहराई को समझने में मदद मिलती है। पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण के सर्वे के विभिन्न मुद्दों को भी शामिल किया जाएगा। मणिकर्णिका घाट पर हुई कथित तोड़फोड़ को लेकर उठे विवाद, प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरा नंद का सरकार का विरोध और हालिया यूजीसी विवाद को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के खिलाफ़ समान्य वर्ग में पैदा हुए असंतोष की वजह से होने वाले संभावित नुक़सान का आकलन भी किया जाएगा।

### मंत्री के काफिले को विधायक ने रास्ते में रोका, बवाल

**महोबा।** जिले के कई गांवों में पानी नहीं पहुंचा रहा है, बीजेपी विधायक इस मुद्दों को लेकर लंबे समय से नाराज चल रहे हैं। इस बीच जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एक कार्यक्रम में यहां पहुंचे, तो बवाल मचा गया। नाराज विधायक और मंत्री में तीखी नोकझोंक हुई और दोनों के समर्थक आमने-सामने आ गए। महोबा जिले में पानी और सड़क की समस्याओं को लेकर बीजेपी विधायक गुड्डू राजपूत लंबे समय से नाराज थे। शुक्रवार को यूपी के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह यहां एक कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान विधायक के समर्थकों और मंत्री के समर्थकों के बीच तीखी झड़प हुई और जमकर नारेबाजी की गई, मंत्री और विधायक में भी नोकझोंक हुई। चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत (गुड्डू राजपूत) ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर मंत्री के सामने मुखर हुए। दोनों में काफी देर तक बहस हुई।

# प्रगति पोर्टल करता है केंद्र के प्रमुख कार्यक्रमों की निगरानी: सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रगति पोर्टल भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों की निगरानी करता है और पोर्टल में आई समस्याओं का समाधान भी करता है। जिसकी वजह से विकास की योजनाएं तेजी से धरातल पर उतरती हैं।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को भारत सरकार के प्रगति पोर्टल विषय पर पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार (पीआईबी) देहरादून द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान राज्य में चल रही विभिन्न केंद्रीय परियोजनाओं के बारे में पत्रकारों को विस्तृत जानकारी दी। वार्ता के दौरान सीएम धामी ने जानकारी दी कि परियोजनाओं, योजनाओं एवं जन शिकायतों की त्वरित समीक्षा एवं समाधान के लिए पोर्टल- प्रो एक्टिव एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन बनाया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विभिन्न योजनाएं जो देश के अंदर संचालित होती हैं, उनकी समीक्षा के लिए प्रगति पोर्टल डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत लॉन्च किया गया था।



■ भारत सरकार के प्रगति पोर्टल विषय पर पीआईबी देहरादून की आयोजित पत्रकार वार्ता को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि 2014 के बाद से देश में इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन, रेलवे, आईटी, स्वास्थ्य सेवा, हवाई सेवा की योजनाएं तेजी से आगे बढ़ी हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मौजूदा समय में उत्तराखंड में 3.50 लाख करोड़ रुपये के कुल निवेश वाली 42 परियोजनाओं की निगरानी की जा रही है, इनमें से 1. 22 लाख करोड़ रुपये के 15 हाई-वैल्यू प्रोजेक्ट्स का रिव्यू प्रगति मैकेनिज्म के तहत किया जा रहा है। इस अवसर पर महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी भी मौजूद रहे।

### दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया

सीएम धामी ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से ऋषिकेश, हरिद्वार, मसूरी, धनोल्टी, देहरादून आने वाले सभी देश-दुनिया के पर्यटक लाभान्वित होंगे। जल विद्युत परियोजनाएं जो राज्य की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है उन सभी पर तेजी से काम चल रहा है। जिनकी समीक्षा प्रतिदिन भारत सरकार के प्रगति पोर्टल के माध्यम से हो रही हैं। आज आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत, डिजिटल इंडिया का सपना साकार हो रहा है जिसमें प्रगति पोर्टल का अहम रोल है।

### राज्यों को विशेष सहायता योजना 2025-26 के तहत उत्तराखंड के लिए 734 करोड़ की अतिरिक्त ऋण राशि

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने 'पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना 2025-26' के तहत उत्तराखंड के लिए 734 करोड़ की अतिरिक्त ऋण राशि और शहरी क्षेत्रों में भूमि सुधार के लिए 25 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस दोहरी सौगात के साथ चालू वित्तीय वर्ष में केंद्र द्वारा उत्तराखंड को राज्यों को विशेष सहायता योजना के अंतर्गत दी गई कुल सहायता अब 1,806.49 करोड़ के प्रभावशाली आंकड़े तक पहुँच गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार जताया।

# चुनाव नहीं, विकास व जनकल्याण है भाजपा की प्राथमिकता: चौहान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस के तमाम आरोप और दुष्प्रचार राजनैतिक एजेंडे के तहत हैं। जबकि भाजपा की प्राथमिकता विकास और जन कल्याण पर आधारित है।

चौहान ने कहा कि अंकिता और सुखवंत दोनों ही प्रकरण में सरकार परिजनों के साथ खड़ी रही है और संवेदनशीलता से परिवार को विश्वास में लेकर उचित कार्रवाई की है। इसी तरह भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई और रोजगार के सृजन में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। विकास के सभी मापदंडों में राज्य शीर्ष स्थान की तरफ अग्रसर है। लेकिन कांग्रेस को सिर्फ चुनाव ही नजर आ रहा है जो कि सीधे तौर पर अवसरवाद है।



■ अंकिता, सुखवंत प्रकरण में सरकार खड़ी रही है पीड़ित परिवारों के साथ

उन्होंने कांग्रेस के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसे विकास, रोजगार, भ्रष्टाचारविहीन शासन जैसे गंभीर और अन्य संवे. दनशील मुद्दों पर विपक्ष की नकारात्मक राजनीति बताया। क्योंकि जिन मुद्दों पर कार्रवाई को लेकर कांग्रेस आरोप लगा रही है, वह पूरी तरह बेबुनियाद और सफेद झूठ हैं। कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस की राजनीति झूठ एवं भ्रम फैलाने की रही है। जिसमें प्रमुख रूप से अंकिता प्रकरण में उसके परिजन विपक्ष द्वारा फैलाए भ्रम के माहौल में सीबीआई जांच चाहते थे। उसके मद्देनजर ही परिवार से बात. चीत के आधार कर मुख्यमंत्री धामी ने सीबीआई जांच की संस्तुति की थी। वहीं सभी जानते हैं कि एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही जांच किसी केंद्रीय एजेंसी द्वारा अपने हाथ में ली जाती है। कांग्रेस सरासर झूठ बोल रही है कि पीड़ित परिवार की तहरीर को हटाया गया है। जबकि जांच पुरानी रिपोर्ट के आधार पर ही होगी, जिसने नई एफआईआर कुछ कानूनी पहलुओं के दायरे में जांच को और अधिक प्रभावी बनाएगी। चौहान ने कहा कि सुखवंत सिंह सुसाइड हादसे मे कमिश्नर की अध्यक्षता ने एसआईटी जांच कर रही है। ऐसे में घटना से जुड़ा कोई भी अधिकारी उनसे बड़ा नहीं है।

# रूद्रपुर व पिथौरागढ़ में मेडिकल कॉलेजों को चिकित्सा शिक्षा विभाग को सौंपने के आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार शासन के द्वारा राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर और पिथौरागढ के सुचारू संचालन के लिए जिला चिकित्सालय रूद्रपुर तथा पिथौरागढ के जिला चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय को चिकित्सा शिक्षा विभाग को सौंपने के आदेश जारी कर दिए हैं।

सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिन कुर्वे द्वारा इस संबंध में कार्यालय ज्ञाप जारी करते हुए पं. रामसुमेर शुक्ल, राजकीय मेडिकल कालेज, रूद्रपुर के संचालन के लिए जवाहरलाल नेहरू जिला चिकित्सालय रूद्रपुर और राजकीय मेडिकल कालेज, पिथौरागढ के संचालन के लिए बी. डी.पाण्डेय जिला चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय पिथौरागढ को चिकित्सा शिक्षा विभाग, को हस्तान्तरित किये जाने के आदेश जारी किए हैं। यह चिकित्सालय अभी तक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड के नियंत्रणाधीन थे। शासन के द्वारा जारी आदेशानुसार हस्तांतरण के बाद इन चिकित्सालयों का प्रशासनिक एवं वित्तीय नियंत्रण संबंधित मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य/निदेशक के अधीन होगा। उक्त चिकित्सालय में एम.सी.आई. के मानकानुसार अवशेष वांछित उपकरणों एवं औषधियों की व्यवस्था चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा की जायेगी। इन चिकित्सालयों में कार्यरत स्टाफ के वेतन का भुगतान एक वर्ष की अवधि के लिए वर्तमान व्यवस्था के अन्तर्गत चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जायेगा।

■ जिला चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय के बेहतर संचालन की कवायद

### सीएम ने बागेश्वर के तीन मोटर मार्गों का नाम परिवर्तन का किया अनुमोदन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद बागेश्वर के तीन मोटर मार्गों के नाम परिवर्तन किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। इस संबंध में प्रस्तुत प्रस्तावों के अनुसार बागेश्वर जिले के काण्डे थपलिया मोटर मार्ग का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. राम सिंह गडिया मोटर मार्ग, करूली बैण्ड से गाजली बिजौरिया मोटर मार्ग का नाम शहीद स्व. रामदत्त पाण्डेय मोटर मार्ग और बिलखेत गैराड़ मोटर मार्ग (कलनाबैण्ड पंतक्वैराली मोटर मार्ग) का नाम स्व. श्री हीरा सिंह धपोला मोटर मार्ग किए जाने का अनुमोदन दिया गया है।

बीएलओ आउटरीच अभियान का पहले चरण

# प्रदेश के 75 फीसदी मतदाताओं की मैपिंग पूरी

■ 1 फरवरी से बीएलओ आउटरीच अभियान के दूसरे चरण की होगी शुरुआत

■ 2003 की मतदाता सूची से की जाएगी वर्तमान मतदाता सूची की मैपिंग

■ युवा एवं महिला मतदाताओं की मैपिंग पर होगा विशेष फोकस



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य में प्री एसआईआर गतिविधियां सम्पादित की जा रही हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देशन मे बीएलओ आउटरीच अभियान के तहत प्रदेश में प्रत्येक मतदाता तक पंहुच, समन्वय और संवाद स्थापित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत पहले चरण में प्रदेश के 75 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि प्रदेश में सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में बीलएओ, ईआरओ सहित पूरी इलेक्शन मशीनरी ने बेहद उत्साहपूर्वक तरीके से 75 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीएलओ आउटरीच अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत 1 फरवरी से की जा रही है।

इस अभियान में प्रदेश के युवा एवं महिला मतदाताओं पर विशेष फोकस रहेगा। आउटरीच अभियान के दूसरे चरण को 15 फरवरी 2026 तक सम्पादित किया जाएगा।

### आसानी से सर्च कर सकते हैं 2003 की मतदाता सूची में नाम

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि प्री एसआईआर फेज में प्रदेश की वर्तमान मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं की 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग की जा रही है। उन्होंने प्रदेश के मतदाताओं से अपील की है कि वे इस अभियान में अपने बीएलओ का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड की आधिकारिक वेबसाइट बमव.ना.हवअ.पद पर उपलब्ध है, जहां मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र, अपने तथा अपने पिता/पति के नाम के आधार पर मतदाता क्रमांक एवं बूथ संख्या की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही गली, मोहल्लों और एरिया के नाम से भी मतदाता सूची खोजने की सुविधा प्रदान की गई है।

**राष्ट्रीय राजनैतिक दलों से बीएलए नियुक्त करने की अपील:**

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों से अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) नियुक्त करने की अपील की गई थी। वर्तमान में प्रदेश के 12070 बीएलए की नियुक्ति की जा चुकी है। उन्होंने राजनैतिक दलों से शतप्रतिशत बीएलए नियुक्त करने की अपील की है।

# रूद्रपुर-पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज का शीघ्र शुरू होगा संचालन

■ एमबीबीएस की 100-100 सीटों के लिए एनएमसी में किया आवेदन

■ शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कॉलेज संचालन को विभागीय तैयारियां पूरी



शैक्षणिक सत्र 2026-27 से राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर व पिथौरागढ़ में एमबीबीएस कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया जायेगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा दोनों मेउकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100-100 सीटें की स्वीकृति के लिये एनएमसी को प्रस्ताव भेज दिया गया है।

**- डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** चिकित्सा शिक्षा विभाग शैक्षणिक सत्र 2026-27 में राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर व पिथौरागढ़ के संचालन को पूरी तरह से तैयार है। विभाग ने दोनों मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100-100 सीटों की स्वीकृति के लिये नेशनल मेडिकल काउंसिल को प्रस्ताव भेज दिया है।

एनएमसी से स्वीकृति मिलने के उपरांत रूद्रपुर व पिथौरागढ़ में प्रदेश के युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई का अवसर मिल सकेगा साथ ही तराई-भाबर व सीमांत ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सकेगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक सूबे के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के मार्गदर्शन में प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार विस्तार किया जा रहा है साथ ही युवाओं को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा व आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा ऊधमसिंह नगर व पिथौरागढ़ जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है। जिनके संचालन के लिये विभाग द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर व पिथौरागढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में एमबीबीएस पाठ्यक्रम संचालन के लिये विभाग द्वारा नेशनल मेडिकल काउंसिल को प्रस्ताव भेज दिया गया है। जिसमें दोनों मेडिकल कॉलेज के लिये एमबीबीएस की 100-100 सीटों के संचालन को आवेदन किया गया है। एनएमसी से स्वीकृत मिलने के उपरांत दोनों मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कक्षाएं विधिवत शुरू कर दी जायेगी। मेडिकल कॉलेजों के शुरू होने से न केवल प्रदेश में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि तराई-भाबर सहित सीमांत क्षेत्रों के लोगों को अपने ही जनपद में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी, साथ ही प्रदेश के युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई का अवसर भी मिल सकेगा।

### चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित हुआ रूद्रपुर जिला चिकित्सालय

**देहरादून।** ऊधमसिंह नगर के जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय रूद्रपुर को चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। यह फैसला पंडित रामसुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर के सुचारू संचालन के लिये लिया गया है। जिसका शासनदेश जारी कर दिया गया है। जिसके तहत जिला अस्पताल का प्रशासनिक व वित्तीय नियंत्रण अब मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के अधीन होगा। इसके साथ ही अस्पताल में एनएमसी के मानकों के अनुसार मेडिकल उपकरण व औषधियों की व्यवस्था चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा की जायेगी।

### रूद्रप्रयाग नर्सिंग कॉलेज का संचालन शीघ्र

**देहरादून।** चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रूद्रप्रयाग में राजकीय नर्सिंग कॉलेज का संचालन इसी शैक्षणिक सत्र से शुरू कर दिया जायेगा। इसके लिये विभाग द्वारा सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। अधिकारियों ने बताया कि रूद्रप्रयाग नर्सिंग कॉलेज के निर्माण को राज्य सरकार द्वारा 20.4416 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिसके तहत कॉलेज में सभी निर्माण कार्य सम्पन्न कर दिये गये हैं। शासन द्वारा नर्सिंग कॉलेज के लिए बीएससी पाठ्यक्रम के लिए अनिवार्य प्रामण पत्र व पदों का सृजन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 से 30 सीटों पर नर्सिंग कक्षाओं का संचालन किया जायेगा। इसके लिये हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय की काउंसिलिंग के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा।

# अवैध खनन पर लगी रोक, तो चार गुना बढ़ा राजस्व

■ धामी सरकार की पारदर्शी नीतियों से खनन को लेकर बदली अवधारणा

■ खनन से प्राप्त राजस्व से जन कल्याणकारी योजनाओं को मिली रफ्तार



आम लोगों को आवासीय या अन्य निर्माण के लिए खनन सामग्री की आवश्यकता होती है, साथ ही विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए भी खनन की आवश्यकता है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि खनन पर्यावरण के मानकों के अनुसार हो, साथ ही इसके लिए पारदर्शी तंत्र विकसित किया गया। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। इससे राजस्व में भी शानदार वृद्धि हुई है, जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन हो रहा है।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** खनन गतिविधियों को लेकर सामान्य तौर लोगों में नकारात्मक अवधारणा रहती है। लेकिन उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खनन आवंटन और खनन परिवहन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के साथ ही अवैध खनन पर सख्ती दिखाई, इसी का नतीजा है कि डेढ़ साल से कम समय में सालाना खनन राजस्व 300 करोड़ से 1200 करोड़ के पार पहुंच गया है।

प्रदेश सरकार ने सितंबर 2024 को नई खनन नीति लागू की थी। नई खनन नीति में ई निलामी के जरिए खनन लॉट आवंटन, खनन गति. विधियों की सेटेलाइट निगरानी जैसे कई नए प्रयोग किए गए।

साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस- प्रशासन को भी अवैध खनन पर सख्ती दिखाने के निर्देश दिए।

जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। सितंबर 2024 से पहले राज्य को खनन से सिर्फ 300 करोड़ रुपए तक ही सालाना राजस्व प्राप्त हो पाता था, लेकिन अब यह राजस्व 1200 करोड़ के पार चला गया है। यही नहीं उत्तराखंड को खनन सुधार लागू करने के लिए देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त हो चुका है, जिसके फलस्वरूप केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के अंतर्गत उत्तराखंड के लिए 200 करोड़ रुपए की विशेष सहायता स्वीकृत की है।

### इन सुधारों से बदली तस्वीर

- ई नीलामी के जरिए खनन लॉट आवंटन
- अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाई गई
- खनन परिवहन के लिए माइनिंग सर्विलांस सिस्टम
- खनन गतिविधियों की डिजिटल ट्रैकिंग और निरीक्षण

## जब एक आईएएस अधिकारी बना अभिभावक, कहा-जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य तय करना बेहद जरूरी

# तिवारी ने बालिकाओं संग सादगी से मनाया जन्मदिन, बांटी खुशियां

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** जब प्रशासनिक पद, प्रोटोकॉल और औपचारिकता की दीवारें टूटती हैं, तब शासन का एक मानवीय चेहरा सामने आता है। ऐसा ही दृश्य एक बार फिर देहरादून के बनियावाला क्षेत्र में देखने को मिला, जहां अपर सचिव मुख्यमंत्री, उपाध्यक्ष मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) एवं महा. निदेशक सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग आईएएस बंशीधर तिवारी ने अपना जन्मदिन किसी शान-शौकत या भव्य आयोजन के बजाय नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास की बालिकाओं के साथ सादगी एवं संवेदना के साथ मनाया। यह कोई एक दिन की औपचारिकता नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही एक परंपरा है, जिसे वे हर साल चुपचाप सादगी के साथ निभाते हैं।

■ जब जन्मदिन बना उम्मीद का उत्सव

■ नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास के बच्चों के बीच पहुंचे डीजी सूचना

इसी क्रम में सहसपुर विधानसभा के विकासखंड बनियावाला क्षेत्र में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास में आईएएस बंशीधर तिवारी ने अपने परिजनों के साथ इन बच्चों के बीच समय बिताया। बच्चों ने अतिथियों के स्वागत में गीत प्रस्तुत किए, जिनमें जीवन, उम्मीद और संघर्ष की सच्ची झलक दिखाई दी। गीतों के बीच तालियों और मुस्कान से भरा यह माहौल किसी सरकारी कार्यक्रम जैसा नहीं, बल्कि एक परिवारिक उत्सव जैसा प्रतीत हो रहा था। यह छात्रावास उन बालिकाओं का आश्रय है, जिन्होंने जीवन की शुरुआत ही कठिन परिस्थितियों से की है। इनमें कई बालिकाएं निराश्रित हैं, कुछ के पास एकल अभिभावक हैं और कई ऐसी हैं जो भीख मांगने या कूड़ा बीनने जैसे हालातों से निकलकर यहां तक पहुंची हैं। ऐसे बच्चों के बीच किसी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी का बार-बार पहुंचना उनके लिए सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह विश्वास दिलाने वाला संदेश है कि समाज और व्यवस्था उन्हें भूली नहीं है। वह हर कदम उनके साथ खड़ी है। आईएएस बंशीधर तिवारी ने छात्रावास पहुंचकर न तो कोई औपचारिक भाषण दिया और न ही पद की दूरी बनाए रखी। वे बच्चों के साथ जमीन पर बैठे, उनके साथ केक काटा, उपहार वितरित किए और सहज संवाद किया। उन्होंने बच्चियों से उनकी पढ़ाई, रुचियों और भविष्य के सपनों के बारे में बातचीत की। यह संवाद औपचारिक सवाल- जवाब नहीं, बल्कि अपनत्व से भरी बातचीत थी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष एमडीडीए तिवारी ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।



### हर साल अनाथ बच्चों के साथ जन्मदिन मनाकर बांटते हैं खुशियां

वहां मौजूद लोगों ने कहा कि आज के दौर में, जब जन्मदिन अक्सर दिखावे और खर्चीले आयोजनों तक सीमित हो गए हैं, ऐसे में एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी का हर साल अपना जन्मदिन अनाथ बच्चों के साथ मनाना समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है। यह पहल न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाती है, बल्कि प्रशासन की संवे. दनशील सोच को भी दर्शाती है। यह आयोजन किसी मंच, बैनर या प्रचार का हिस्सा नहीं था, बल्कि उन बच्चों के साथ बिताए गए कुछ घंटे थे, जो उनके जीवन में लंबे समय तक यादगार रहेंगे। बालिकाओं से अभिभावक के रूप में बात करते हुए बंशीधर तिवारी ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य तय करना बेहद जरूरी है। परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि आत्मविश्वास और ईमानदारी बनी रहे, तो रास्ते खुद बनते चले जाते हैं। उन्होंने बच्चियों को केवल सफल होने तक सीमित न रहने, बल्कि नेतृत्व करने और दूसरों के लिए उदाहरण बनने की प्रेरणा दी। उनका कहना था कि सच्चा नेतृत्व वही होता है, जो अपने साथ दूसरों को भी आगे बढ़ाए।

# मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम हरीश रावत से की शिष्टाचार भेंट, हाल जाना



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता हरीश रावत से उनके डिफेंस कॉलोनी देहरादून स्थित आवास पर भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रावत का कुशलक्षेम जाना।

भेंट के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरीश रावत के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने अपनी ओर से एक आत्मीय प्रतीक के रूप में अपने खेत में उत्पादित चावल हरीश रावत को भेंट किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भेंट उत्तराखंड की कृषि परंपरा, किसानों की मेहनत और स्थानीय उत्पादों के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

हरीश रावत ने मुख्यमंत्री धामी के इस स्नेहिल व्यवहार एवं आत्मीय भेंट के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की यह भेंट राजनीतिक परंपराओं में आपसी सम्मान, सद्भाव और शिष्टाचार का एक सुन्दर उदाहरण है।

# जिला अस्पताल में ऑक्सीजन के अभाव में महिला ने तोड़ा दम

**वीआईपी कल्चर और खराब व्यवस्था की भेंट चढ़ी एक और जान, परिजनों में भारी आक्रोश एंबुलेंस में खराब ऑक्सीजन सिलेंडर और ड्राइवर की मनमानी ने ली मरीज की जान स्वास्थ्य विभाग पर उठे सवाल**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल बौराड़ी में स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खोलती एक अत्यंत दुखद घटना सामने आई है, जहां अव्यवस्थाओं और कथित लापरवाही के चलते एक महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी। शुक्रवार रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे अशोक कुमार अपनी पत्नी रेखा देवी को उपचार के लिए जिला अस्पताल बौराड़ी लेकर पहुंचे थे। चिकित्सकों ने महिला को प्राथमिक उपचार देने के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। यहीं से परिजनों के संघर्ष और सिस्टम की बेरुखी का सिलसिला शुरू हुआ, जो अंततः मरीज की मौत पर जाकर खत्म हुआ। अस्पताल प्रशासन ने परिजनों को 108 एंबुलेंस सेवा पर कॉल करने की सलाह दी, लेकिन संपर्क करने के बाद भी एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच सकी।

इस दौरान अस्पताल परिसर में एक अन्य एंबुलेंस खड़ी थी, जिसे देखकर परिजनों ने मरीज को तत्काल हायर सेंटर ले जाने की गुहार लगाई। आरोप है कि अस्पताल के कर्मचारियों ने यह कहते हुए एंबुलेंस देने से साफ इनकार कर दिया कि यह वाहन वीआईपी लोगों के लिए आरक्षित है और सामान्य मरीज को नहीं दिया जा सकता। काफी मिन्नतों के बाद जब अस्पताल प्रशासन एंबुलेंस उपलब्ध कराने को तैयार हुआ, तो इसके लिए तुरंत पांच हजार रुपये की मांग की गई। मरता क्या न करता की तर्ज पर परिजनों ने भुगतान किया और मरीज को एंबुलेंस में शिफ्ट किया गया। एंबुलेंस में दो ऑक्सीजन सिलेंडर मौजूद थे, लेकिन व्यवस्था की बदहाली देखिए कि बौराड़ी अस्पताल से महज कुछ दूरी पर स्थित हनुमान चौक पहुंचते-पहुंचते पहला ऑक्सीजन सिलेंडर खाली हो गया। जब दूसरे सिलेंडर को उपयोग में लाने की कोशिश की गई, तो वह खराब निकला और काम ही नहीं कर पाया।

आनन-फानन में एंबुलेंस में मौजूद घबराए हुए परिजनों ने अस्पताल में रुके अपने अन्य साथियों को फोन कर स्थिति की जानकारी दी। अस्पताल में मौजूद तीमारदारों ने खुद भागदौड़ कर तीसरा ऑक्सीजन



सिलेंडर प्राप्त किया और उसे लेकर हनुमान चौक पहुंचे। वहां सड़क पर ही मरीज को तीसरा सिलेंडर लगाकर एंबुलेंस को आगे के लिए रवाना किया गया। मुसीबतें यहीं खत्म नहीं हुईं, रास्ते में एंबुलेंस चालक ने यह कहते हुए हाथ खड़े कर दिए कि वह केवल खाड़ी तक ही जाएगा और उससे आगे नहीं जाएगा। चालक ने तुगलकी फरमान सुनाते हुए कहा कि मरीज को खाड़ी से दूसरी एंबुलेंस में शिफ्ट करना होगा। एक गंभीर मरीज के साथ इस तरह की शर्त ने परिजनों को और अधिक हताश कर दिया।

विडंबना यह रही कि खाड़ी पहुंचने से पहले ही वह तीसरा ऑक्सीजन सिलेंडर भी जवाब दे गया, जिसे बड़ी मशक्कत से मंगाया गया था। ऑक्सीजन खत्म होते ही पीड़ित महिला को सांस लेने में भारी तकलीफ होने लगी और वह तड़पने लगी। जैसे-तैसे एंबुलेंस खाड़ी पहुंची और मरीज को दूसरी एंबुलेंस में शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। खाड़ी के चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि मरीज की सांसें थम चुकी हैं। ईसीजी रिपोर्ट में भी पुष्टि होने के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम ने जिला अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर जीवन रक्षक प्रणाली माने जाने वाले ऑक्सीजन सिलेंडर खाली या खराब क्यों थे और वीआईपी प्रोटोकॉल के नाम पर एक मरीज की जान से खिलवाड़ क्यों किया गया।

# शराब पीकर गाड़ी चलाने पर चालक गिरफ्तार परिवहन विभाग ने 6 वाहन किए सीज

**टिहरी और चंबा मार्ग पर चला सघन चेकिंग अभियान, यातायात नियमों की अनदेखी करने पर 13 वाहनों का चालान**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के कड़े निर्देशों के अनुपालन में परिवहन विभाग की टीम लगातार सक्रिय नजर आ रही है।

इसी क्रम में विभाग ने टिहरी और चंबा क्षेत्र में एक विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई, जिससे वाहन स्वामियों में हड़कंप मचा रहा।अभियान क दौरान परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने विभिन्न मार्गों पर नाकेबंदी कर वाहनों की बारीकी से जांच की। जांच में कई वाहन मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। इनमें बिना हेलमेट, बिना पंजीकरण, बिना बीमा, टैक्स जमा न करने, ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) न होने और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने जैसे अपराध शामिल थे। टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले 13 वाहनों का चालान किया। वहीं, कागजात अधूरे होने और नियमों की गंभीर अनदेखी करने पर 6 वाहनों को सीज कर दिया गया।

चेकिंग के दौरान एक अत्यंत गंभीर मामला भी सामने आया, जहां एक वाहन चालक शराब के नशे में धुत होकर वाहन चलाता पाया गया। शराब पीकर वाहन चलाना न केवल चालक के लिए बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा हो सकता है, इसे देखते हुए परिवहन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई की। उक्त शराबी चालक को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

इस विशेष अभियान को सफल बनाने में परिवहन विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्रवाई के दौरान इंटरसेप्टर प्रभारी नरेंद्र मियां, सहायक परिवहन निरीक्षक अर्जुन, नवीन, अनंत और परिवहन आरक्षी रोहन व नरेश सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मुस्तैदी से डटे रहे। विभाग ने स्पष्ट संकेत दिया है कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# श्रीनगर में युवाओं पर लाठीचार्ज पर लोगों में नाराजगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** बीते गुरुवार को दिल्ली के पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बीच हुए घटनाक्रम को लेकर नाराज युवाओं और सामाजिक प्रतिनिधियों ने कोतवाल के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की है। कोतवाल की शिकायत को लेकर शुक्रवार को भाजपा नेता सुधीर जोशी, उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष वासुदेव कंडारी, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवान, छात्र संघ अध्यक्ष महिपाल बिष्ट , भाजपा युवा मोर्चा नेता शैलेश मलासी, बीकेटीसी सदस्य विनीत पोस्ती सहित अन्य लोगों ने डीएसपी अनुज कुमार से मुलाकात की और कोतवाल को हटाने की मांग उठाई। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने श्रीनगर के नव-नियुक्त कोतवाल की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए बीते दिन घटित घटनाक्रम का विवरण डीएसपी के समक्ष रखा। युवाओं और नेताओं का आरोप है कि



घटनाक्रम के दौरान कोतवाल की भूमिका संतोषजनक नहीं रही, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष व्याप्त है। प्रतिनिधिमंडल ने डीएसपी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और संबंधित कोतवाल के खिलाफ उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की। डीएसपी अनुज कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को मामले की गंभीरता से जांच का आश्वासन दिया है। वहीं दूसरी ओर कोतवाली परिसर में युवाओं के साथ ही लाठीचार्ज के विरोध में उत्तराखंड क्रांति दल की महिला प्रकोष्ठ की गढ़वाल प्रभारी एवं नारी क्रांति मानव चेतना नागरिक संगठन की अध्यक्ष सरस्वती देवी, यूकेडी के जिलाध्यक्ष अर्जुन नेगी ने बीते गुरूवार को श्रीनगर कोतवाली में युवकों पर लाठीचार्ज पर हम घोर निंदा की है। उन्होने लाठीचार्ज करने पर कोतवाली पुलिस से युवाओं से माफी मांगने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को सौंपे ज्ञापन में कहा कि पर्यटकों के द्वारा हुडदंग मचाने पर कानूनी कार्यवाहीं किए जाने और कानून व्यवस्था दुरुस्त करने पर विशेष ध्यान रखने की मांग की है।

# जखोली में कृषि विकास की नई पहल

शाह टाइम्स संवाददाता

**जखोली/रुद्रप्रयाग।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से विकासखंड जखोली के सभागार कक्ष में उन्नत कृषि एवं बागवानी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर प्लांट बायोटेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों



और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किसानों को फल एवं सब्जियों के पौधों का वितरण किया गया और आधुनिक तकनीक से खेती करने के गुण सिखाए गए।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास पर जोर देते हुए परिसीमन क्षेत्र के 75 किसानों को 300 उन्नत पौधे वितरित किए गए। वहीं, नगदी फसल को बढ़ावा देने के लिए 25 किसानों को 250 कीवी के पौधे और 60 काश्तकारों को टमाटर के 25,000 पौधे प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, ग्राम गोरती, भंणगा, कोटि, भटवाड़ी में धान कुटाई के आधुनिक संसाधनों और तकनीकों पर विशेष चर्चा की गई।

एनआईपीबी के निदेशक डॉ आरसी. भट्टाचार्य ने कहा कि नई तकनीक और हाइब्रिड बीजों के प्रयोग से पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि क्रांति लाई जा सकती है। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आशीष गुप्ता, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दीपक सिंह बिष्ट और डॉ. शबाना बेगम ने मिट्टी के स्वास्थ्य, कीट नियंत्रण और टमाटर व कीवी की खेती में आने वाली बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि उद्यमी निर्मल तोमर ने किसानों को स्वरोजगार और बाजार प्रबंधन के गुर सिखाए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख विनीता चमोली, कनिष्ठ प्रमुख राजेन्द्र सिंह रावत और पूर्व प्रमुख प्रदीप थपलियाल ने वैज्ञानिकों का स्वागत किया और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने को लेकर प्रेरित किया। इस दौरान पूर्व प्रधान एवं संगठन अध्यक्ष जखोली महावीर पंवार, प्रधान ललूड़ी ज्योति देवी, प्रधान गोरती रश्मि देवी, और प्रधान भटवाड़ी उम्मेंद लाल, जितेंद्र लाल, विनोद मनोहर ममगाईं, संतोष भणगा, शांति लाल शाह, प्रेम लाल शाह, नरेंद्र चौहान, महेंद्र राज भट्ट और हयात सिंह राणा सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर .......

### तीन साल बाद भी अधर में लटका सिंदरीगाड पार्क का निर्माण

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर क्षेत्रांर्गत डांग सिंदरीगाड में बन रहें पार्क का निर्माण कार्य तीन साल बाद भी अधर में लटका हुआ है। बजट के कमी के कारण पार्क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया। हालंकि पार्क का 70 प्रतिशत का कार्य तो पूर्ण हो चुका है, लेकिन ग्रामीण निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था के अधिकारियों द्वारा पार्क में अन्य सुविधाएं दिए जाने को लेकर शासन को इस्टीमेंट बनाकर भेजा गया था, जिसके चलते शासन स्तर से इसको वित्तीय स्वीकृति नहीं मिल पाई। बताते चले कि डांग क्षेत्र में 23 लाख की लागत से बनने वाले इस पार्क का शिलान्यास वर्ष 2022 में कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने किया था। डांग क्षेत्र के लोग लम्बे समय से पार्क बनवाने की मांग की जा रही थी, कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने जनता की मांग को देखते हुए सिंदरीगाड़ में पार्क निर्माण कार्य को स्वीकृति दी थी। इसमें ग्रामीण निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था बनाया गया। डांग क्षेत्र में शुरुआती रास्ता होने चलते और खाली जगह होने के कारण लोग यहां कूड़ा डालने का स्थान बना दिया था। जिससे प्रदूषण फैलने के साथ ही महामारी फैलने का भय बना रहता था। इसी को देखते हुए कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने सिंदरीगाड़ में पार्क का निर्माण कार्य शुरू करवाया था। पहाड़ी शैली में बन रहें इस पार्क में राजिस्थान से मगाये गये पत्थर इसको आकृषक लोक देगा। पार्क में ओपन जिम की व्यवस्था के साथ ही यहां सुबह शाम घूमने वाले लोग उसका लाभ ले सकें। ग्रामीण निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजीव गर्ग ने बताया कि सिंदरीगाड पार्क के निर्माण कार्य को लेकर शासन स्तर से 16 लाख रूपये स्वीकृत हुए। जल्द ही पार्क का निर्माण कार्य शुरू करवाया जायेगा।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा

**कोटद्वार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय, कोटद्वार में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों एवं नगरवासियों ने राष्ट्रपिता को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ नमन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने भी गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण किया इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। सत्य, अहिंसा, सादगी और सामाजिक न्याय के जिन मूल्यों को उन्होंने जीवन भर अपनाया, वे आज भी देश और समाज को दिशा देने वाले हैं। वर्तमान समय में जब समाज अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब गांधी के विचारों को आत्मसात करना पहले से कहीं अधिक आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि गांधी का जीवन हमें यह सिखाता है कि नैतिकता और सत्य के मार्ग पर चलकर भी बड़े से बड़े परिवर्तन संभव हैं।

### बहुउद्देश्यीय शिविर सम्पन्न, 205 लोग हुए लाभान्वित

**कोटद्वार ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत विकासखंड रिखणीखाल की न्याय पंचायत कुमाल्डी में बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्थानीय विधायक दिलीप रावत महंत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर के दौरान स्थानीय विधायक दिलीप रावत ने सरकार की इस लोकहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आम जनता को सीधे सरकारी योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मदमहेश्वर घाटी में खिल गया बुरांश जलवायु परिवर्तन की गंभीर चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊखीमठ।** मदमहेश्वर घाटी में इस वर्ष बुरांस के लाल फूल निर्धारित समय से काफी पहले खिलने लगे हैं। आमतौर पर मार्च-अप्रैल माह में घाटी की पहाड़ियों और वनों को लालिमा से भर देने वाला बुरांस इस बार जनवरी के अंत से ही पुष्पित होने लगा है। घाटी के ग्रामवासियों, वनकर्मियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए यह दृश्य जितना मनोहारी है, उतना ही चिंताजनक भी माना जा रहा है।

स्थानीय जानकारों के अनुसार बुरांस का समय से पहले खिलना सीधे तौर पर बदलते मौसम चक्र से जुड़ा है। इस सर्दी में मदमहेश्वर घाटी सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अपेक्षित बर्फबारी नहीं हुई, वहीं दिन और रात के तापमान में भी सामान्य से अधिक वृद्धि दर्ज की गई।

लंबे समय तक शुष्क मौसम बने रहने और ठंड की अवधि कम होने से बुरांस जैसे शीतोष्ण प्रजाति के वृक्षों के जैविक चक्र में बदलाव देखने को मिल रहा है। वनस्पति वैज्ञानिकों का मानना है कि बुरांस का फूलना तापमान, आर्द्रता और वर्षा के संतुलन पर निर्भर करता है। जब सर्दियों में ठंड पर्याप्त नहीं रहती और बसंत जैसी परिस्थितियां जल्दी बन जाती हैं, तो वृक्ष समय से पहले पुष्पन की ओर अग्रसर हो जाते हैं। यह बदलाव केवल बुरांस तक सीमित नहीं है, बल्कि फ्यूली, आड़ू, खुबानी और अन्य पर्वतीय वनस्पतियों में भी देखा जा रहा है।

पर्यावरणविदों के अनुसार यह स्थिति जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। समय से पहले फूल खिलने से परागण की प्राकृतिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है, क्योंकि उस समय परागण करने वाले कीट और पक्षी सक्रिय अवस्था में नहीं होते। इससे बीज उत्पादन, वनस्पति पुनरुत्पादन और आगे चलकर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

# पीपलकोटी के जनप्रतिनिधियों ने नशा मुक्ति को लेकर एसपी को दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**चमोली ।**नगर पंचायत पीपलकोटी के साथ आसपास के गांवों में बढ़ते नशा के खिलाफ जनप्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक चमोली सुरजीत सिंह पंवार को ज्ञापन सौंप कर अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने की मांग की।

नगर पंचायत पीपलकोटी क्षेत्र में नशा का करोबार लगातार तेजी से फल-फूल रहा है। जिसके चलते नगर क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां भी बढ़ रही है। युवा पीढ़ी लगातार शराब व नशे के शिकार हो रहे हैं। शराब प्रतिष्ठानों द्वारा नाबालिग किशोरों को भी शराब बेची जा रही है। साथ ही स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर क्षेत्र में युवाओं द्वारा ड्रग्स का भी सेवन किया जा रहा है। अभी तीन दिन पहले गणतंत्र दिवस पर कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के युवाओं द्वारा



एक स्कूली छात्र का लोहे की छड़ी से सिर फोड़ दिया गया। जिस पर पुलिस ने अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई करने के बजाय मामले में समझौता कराकर मामले को रफा-दफा कर दिया गया है। पूर्व में भी अंग्रेजी शराब के दुकान के बाहर कई बार लड़ाई - झगड़ा होते रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों के साथ महिलाओं को भी परेशानी हो रही है। साथ ही नगर क्षेत्र का सामाजिक माहौल खराब हो रहा है। राकेश नवानी ने कहा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को शराब के दुकान से शराब देने से पकड़े जाने पर ठेका मालिक पर सख्त करवाही की जानी चाहिएनगर क्षेत्र में बढ़ते नशा के खिलाफ नगर पंचायत अध्यक्ष आरती नवानी ने पुलिस अधीक्षक चमोली सुरजीत सिंह पंवार को ज्ञापन सौंपकर कर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

इस अवसर पर राकेश नवानी,अनिल जोशी, दीपक राणा,सूरज सैलानी,दर्शन रावत,आशीष कुमार, सतेंद्र नेगी,नितिन शाह,संजय राणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने किया थाना सतपुली का वार्षिक निरीक्षण

**सतपुली ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार ने थाना सतपुली का वार्षिक निरीक्षण किया। एसएसपी ने सलामी गार्द का अभिवादन स्वीकार करते हुए गार्द का निरीक्षण किया। इसके उपरांत थाना कार्यालय, अभिलेखागार, मालखाना, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस शाखा, बैरक, परिसर की स्वच्छता एवं संपूर्ण प्रशासनिक व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय में संधारित समस्त रजिस्टरों एवं अभिलेखों को उच्चकोटि, सुव्यवस्थित एवं पूर्णतः अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। अपराधों से संबंधित अनावश्यक माल थाने में न रखे जाने, जिन प्रकरणों में न्यायालयीय निर्णय पारित हो चुका है उनमें शत-प्रतिशत माल निस्तारण सुनिश्चित करने, निष्प्रयोज्य वाहनों एवं अनुपयोगी सामग्री का शीघ्र निस्तारण करने तथा संपत्ति रजिस्टर में सभी प्रविष्टियों को स्पष्ट एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप अद्यावधिक करने के निर्देश भी दिए गए।

# शहीद सैनिकों के आश्रितों व वीर नारियों को किया सम्मानित

शाह टाईम्श, संवाददाता

**पौड़ी।**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पौड़ी द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र, पौड़ी में विधिक जागरुकता एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सिविल जज (सी.डि.)/सचिव, डालसा नाजिश कलीम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया।

कार्यक्रम में सिविल जज (सी.डि.)/सचिव, डालसा नाजिश कलीम ने देश की रक्षा में शहीद हुए चार सैनिकों के आश्रितों/वीर नारियों 'कांति देवी, छेला देवी, सुशीला देवी व कल्पेश्वरी देवी' को नालसा वीर परिवार सहायता योजनाख्2025 के अंतर्गत शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कर स्मृति-चिह्न भेंट किए। इस दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ पूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों के आश्रितों, वीर नारियों एवं



आमजन को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी प्रदान की गई।सिविल जज (सी.डि.)/सचिव, डालसा नाजिश कलीम ने नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, महिला, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन एवं पूर्व सैनिकों से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अमर शहीदों का बलिदान राष्ट्र के लिए अमूल्य है तथा शहीदों के आश्रितों एवं वीर नारियों के सम्मान, संरक्षण और उनके विधिक अधिकारों की रक्षा हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निरंतर प्रतिबद्ध है।

आयोजित कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मेजर (सेवानिवृत्त) करन सिंह रावत, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार, अध्यक्ष पूर्व सैनिक संगठन पौड़ी सूबेदार मेजर (सेवानिवृत्त) राजेंद्र सिंह राणा, संरक्षक पूर्व सैनिक संगठन कैप्टन (सेवानिवृत्त) सुरेंद्र सिंह राणा, पैनल अधिवक्ता कुसुम नेगी, जिला डीएलएमए के अधिकार मित्र बबीता देवी, मनोज पाल सहित अनेक पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# किशोरों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए पीयर एजुकेटरों का भ्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) पौड़ी के अंतर्गत श्रीनगर स्थित बेस अस्पताल में किशोर-किशोरियों के लिए चयनित पीयर एजुकेटरों का एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य पीयर एजुकेटरों को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से परिचित कराना तथा किशोर स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न सुविधाओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्षड़ डॉ. सीएम शर्मा ने कहा कि किशोरावस्था में संतुलित पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पीयर एजुकेटरों को अपने-अपने क्षेत्रों में किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने तथा आवश्यकता पड़ने पर समय पर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने हेतु प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की काउंसलर संगीता रयाल एवं मनमोहन सिंह द्वारा पीयर एजुकेटरों को बेस अस्पताल में उपलब्ध विभिन्न विभागों जैसे ओपीडी, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, नेत्र रोग विभाग, ईएनटी, इमरजेंसी, बाल रोग विभाग, किशोर मित्र क्लिनिक, नीकू वार्ड, गायनी विभाग आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान पीयर एजुकेटर राधिका, अभिषेक, राधिका कुमारी एवं रियांश को किशोरों से संबंधित प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं जैसे एनीमिया, पोषण की कमी, मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य तथा स्वच्छता विषयों पर भी जानकारी दी गई। मौके पर एमएसडब्ल्यू रुचि डोभाल काला, दीपक रावत, अमितकांत भट्ट, अभिषेक काला, स्वीकृति गैरोला, सपना सहित आदि मौजूद

# एनआईसी सभागार में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

**जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश, आईएफए अनुपूरण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में किशोर-किशोरियों को एनीमिया से बचाव के लिए विद्यालयों में चलाए जा रहे आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) अनुपूरण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने समस्त विद्यालयों में शिक्षकों व अभिभावकों को इस बारे में संवेदीकृत करने व प्रत्येक सोमवार आयरन फोलिक एसिड गोली खिलाने की गतिविधि का निरंतर अनुश्रवण करने के निर्देश दिए।

एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

अनिमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालयों में 10-19 वर्ष के किशोर-किशोरियों को दिए जा रहे आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण का कड़ाई से पालने करवाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने अभिभावकों व शिक्षकों में इस बाबत जागरूकता के दृष्टिगत विद्यालयों में किसी एक सोमवार को कार्यक्रम आयोजन का सुझाव रखा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रकाश ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण कार्यक्रम, आरकेएसके, आशा कार्यक्रम, आरबीएसके, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम आदि के लक्ष्य व उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। पीसीपीएनडीटी कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संभी पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अजय चौधरी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सीमा टेकचंदानी, डीटीओ डा कुणाल चौधरी, रेडियोलॉजिस्ट डा एसके द्विवेदी, एसपीओ रिचा कोठियाल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ऊखीमठ डा गोपाल सजवाण, डा अक्षिता मंमगाईं, डा राधिका जोशी,, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका हरेंद्र सिंह, एटीओ राकेश रोशन पंत, डा दीपाली नौटियाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु नौडियाल सहित अन्य मौजूद थे।

# मानसून सीजन में बाढ़ जैसे हालात से बचने को अभी से करें काम: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में सिंचाई परियोजनाओं के अन्तर्गत रिवर प्रोटक्शन कार्य एवं डीसिल्टिंग की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन में बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए सभी कार्य समय से कर दिए जाएं।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि लघु सिचांई विभाग द्वारा जल संरक्षण, संवर्द्धन एवं संभरण योजनाओं के तहत चेक डैम निर्माण, रिचार्ज शॉफ्ट निर्माण एवं तालाब निर्माण किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा राज्य में 708 चेक डैम बनाये गये हैं। विभाग द्वारा ऊधम सिंह नगर, नैनीताल एवं हरिद्वार में कुल 419 रिचार्ज शॉफ्ट की



■ मुख्यमंत्री ने की सिंचाई परियोजनाओं के अन्तर्गत रिवर प्रोटक्शन कार्य एवं डीसिल्टिंग की प्रगति की समीक्षा

स्थापना की गयी है। जिससे वार्षिक लगभग 108.94 करोड़ लीटर ग्राउंड वाटर रीचार्ज हो सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि 09 वन प्रभागों में पेयजल विभाग व सारा के माध्यम से 14 जल स्रोतों के उपचार के लिए जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। कैम्पा योजना के अन्तर्गत विभिन्न वन प्रभागों में 247 जल धाराओं का उपचार किया जा रहा है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने वन विभाग को वनाग्नि की रोकथाम के लिए अभी से पूरी तैयारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वनाग्नि रोकथाम के लिए मानव संसाधन के साथ ही आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन पंचायतों और वन क्षेत्र के आस-पास के लोगों से विभाग का नियमित समन्वय बनाये रखें। वन संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित भी किया जाए, फायर लाइन की समय रहते सफाई की जाए। साथ ही वनभूमि पर होने वाले अतिक्रमण को भी प्राथमिकता पर हटाया जाए।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, युगल किशोर पंत एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पार्क से मिटाया स्व. बर्फिया लाल जुवांठा का नाम, उठे गंभीर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला (उत्तरकाशी)।** पुरोला नगर में हफ्तेभर पहले नगर पालिका अध्यक्ष बिहारी लाल शाह द्वारा विधिवत लोकार्पित किए गए पार्क को लेकर अब विवाद खड़ा होत दिख रहा है। इस पार्क का नाम "रवांई घाटी के गौरव एवं पूर्व पर्वतीय विकास के प्रतीक स्वर्गीय बर्फिया लाल जुवांठा" के नाम पर रखा गया था, लेकिन लोकार्पण के महज एक सप्ताह के भीतर ही पार्क के बोर्ड से उनका नाम मिटा दिया गया।

यह घटना सामने आने के बाद नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर किस उद्देश्य से और किसके निर्देश पर एक स्थापित नाम को इतनी जल्दी हटाया गया। यह

■ पूर्व पर्वतीय विकास मंत्री रहे स्व. बर्फिया लाल जुवांठा

कदम न केवल राजनीतिक दुर्भावना की ओर इशारा करता है, बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग और जनभावनाओं से खिलवाड़ का भी गंभीर मामला बनता नजर आ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पार्क के नामकरण के लिए सरकारी प्रक्रिया के तहत बोर्ड लगाया गया था। ऐसे में लोकार्पण के तुरंत बाद नाम हटाया जाना कई सवाल खड़े करता है। लोगों का कहना है कि यदि नाम पर आपत्ति थी, तो वह लोकार्पण से पहले उठाई जानी चाहिए थी।

## एमएसएमई शिखर मेगा क्रेडिट महोत्सव आयोजित

**देहरादून।** पंजाब एंड सिंध बैंक आँचलिक कार्यालय की और से देहरादून में एम एस एम ई शिखर मेगा क्रेडिट अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देहरादून, हरिद्वार एवं सहारनपुर जनपद के उद्योगपति और व्यापारी वर्ग ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रधान कार्यालय दिल्ली से देहरादून पधारे महाप्र. बंधक मनोज कुमार ने की। इस अवसर पर देहरादून आंचलिक कार्यालय के आंचलिक प्रबंधक लालरेमथांग हमार, मुख्य प्रबंधक रुमन रानी, ऋण विभाग के विभागाध्यक्ष एवं मुख्य प्रबंधक रति शंकर और वरिष्ठ प्रबंधक राजीव कुमार के साथ-साथ पंजाब एंड सिंध बैंक की 26 शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस एमएसएमई मेगा क्रेडिट अभियान के तहत पंजाब एंड सिंध बैंक द्वारा ग्राहकों को एम. एस.एम.ई और उद्यमिता से संबंधित विभिन्न प्रकार की बैंक ऋण योजनाओं जैसे- पी एस बी व्यापार योजना, पी एस बी जीएसटी ईज, पी एस बी मोर्टगेज, उद्यम कौशल विकास योजनाओं के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे - प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना के साथ-साथ विभिन्न ऋण एवं कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## कृषि विज्ञान केन्द्र का दंपति श्रमिकों से विवाद समाप्त

**चिन्यालीसौड़।** कृषि विज्ञान केन्द्र चिन्यालीसौड़ में काम और निवास से हटायें गये, दंपति श्रमिकों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रशासन के आपसी सहमति से श्रमिकों के लिए कमरे का ताला खोल दिया है, और रोजगार देने की संबंधित मांग ,लेबर कोर्ट के निर्णय के बाद लिया जायेगा। विगत दो दिनों से काम पर वापस लेने और घर का ताला खोलने के लिए परिवार सहित धरने पर बैठे श्रमिक रमेश लाल और कौशल्या देवी को स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कृषि विज्ञान केन्द्र प्रशासन के बीच तीखी बहस के बाद कमरे का ताला खोल दिया और, रोजगार की मांग पर लेबर कोर्ट के फैसले के बाद निर्णय लिया जायेगा।

# जोशी ने किया वीर स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय स्मृति पार्क का लोकार्पण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज जैंतनवाला क्षेत्र में मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 17.47 लाख की लागत से निर्मित वीर स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय स्मृति पार्क के सौन्दर्यकरण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने वीर स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय नव निर्मित मूर्ति का भी अनावरण कर उन्हें पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जैंतनवाला में 26.99 लाख की लागत के इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सडक निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया।

इस अवसर पर सैनिक

■ सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा -राय का जीवन देशभक्ति शौर्य एवं कर्तव्यपरायणता का अनुपम उदाहरण

कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय का जीवन देशभक्ति, शौर्य एवं कर्तव्यपरायणता का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह स्मृति पार्क न केवल वीर सपूत स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय के बलिदान को अमर बनाए रखेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा एवं देशप्रेम की प्रेरणा भी प्रदान करेगा। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पार्क के



सौन्दर्यकरण से क्षेत्रवासियों को बेहतर सार्वजनिक स्थान उपलब्ध होगा तथा स्थानीय लोगों के साथ-साथ बच्चों और युवाओं को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार राज्य में शहीद आश्रितों, पूर्व सैनिकों और सेवा निवृत्त सैन्य कर्मियों के लिए विविध कल्याणकारी योजनाएँ संच. ालित कर रही है। उन्होंने कहा कि सैनिक और पूर्व सैनिक देश की शान हैं, जिनके त्याग, बलिदान और अनुशासन के कारण आज भारत सुरक्षित और सशक्त है। उन्होंने कहा कि सैनिक के सम्मान में देहरादून में बन रहे भव्य सैन्य धाम का लोकार्पण भी शीघ्र ही किया जाएगा। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दौरान मंत्री जोशी ने ग्राम पंचायत हरियावाला खुर्द, जैन्तनवाला ग्रीन लॉन कॉलोनी में 02 कि0मी0 नाली एवं सड़क निर्माण कार्य की भी घोषणा की।

इस दौरान ले. जनरल ए.के. सिंह, मेजर जनरल एमएल असवाल, शहीद के पिता ग्रुप कैप्टनअमिताभ राय, माता चित्रलेखा, स्क्वाड्रन लीडर अभिमन्यु राय दादी मालती राय, संध्या थापा, एमडीडीए के अभियंता अतुल गुप्ता, ग्राम प्रधान मंजू पंवार, उप निदेशक सैनिक कल्याण निधि बधानी, विंग कमांडर भूमिका, सागर, रजनी देवी, नैन सिंह पंवार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## हरिओम राज चौहान बने नगर के नए 'कोतवाल'

**देहरादून।** राजधानी की कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस महकमे में महत्वपूर्ण फेरबदल किया गया है। विभाग द्वारा जारी ताजा आदेश के अनुसार, निरीक्षक हरिओम राज चौहान को देहरादून नगर का नया प्रभारी निरीक्षक (कोतवाल) नियुक्त किया गया है।

जारी आदेश के मुताबिक, अब तक नगर कोतवाली की जिम्मेदारी संभाल रहे निरीक्षक प्रदीप पन्त का स्थानांतरण कर दिया गया है। उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित एएचटीयू रहे हरिओम राज चौहान अब नगर कोतवाली की कमान संभालेंगे।


### सूचना

मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा पुराना नाम हरि सिंह थापा दर्ज है। अब मैं अपना नाम बदलकर हरि सिंह रखना चाहता हूँ। भविष्य में सभी कार्यों के लिए मुझे हरि सिंह के नाम से जाना , पहचाना जाए।
Address- Hari Singh Village-Pattiyonwala PO-Mohabewala] Dehradun(UK)

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम **शौर्य (SHAURYA)**- अंकित हो गया है, जोकि गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम **शौर्य सिंह बिष्ट (SHAURYA SINGH BISHT)** है। जो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है। अत: मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम **शौर्य सिंह बिष्ट (SHAURYA SINGH BISHT)** अंकित किया जाएं।
**No-JC-345113N Rank Nb/Sub** सूरज सिंह बिष्ट पुत्र सरदार सिंह बिष्ट, निवासी ग्राम पाली, पोस्ट जमेली, तहसील लैन्सडौन, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड। (1564/21)


# कागजों में चल रहे फर्जी नशामुक्ति केंद्रों पर अब ताला लगना तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। नशे के बढ़ते संकट को जड़ से मिटाने के लिए जिला प्रशासन देहरादून की मुहिम अब धरातल पर रंग लाने लगी है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित 'एन्कॉर्ड' की बैठक में जिलाधिकारी सविन बंसल ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए स्पष्ट किया कि जिले में मानक विपरित और फर्जी तरीके से चल रहे नशामुक्ति केंद्रों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे केंद्रों को चिह्नित कर जल्द ही सील करने की

■ रायवाला स्थित राजकीय नशा मुक्ति केंद्र से 7 व्यक्ति हुए नशामुक्त

कार्यवाही की जाएगी। रायवाला स्थित जनपद के प्रथम राजकीय नशा मुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य केंद्र ने अपनी उपयोगिता साबित की है। वर्तमान में यह केंद्र फुल क्षमता पर है और वैज्ञानिक पद्धति से उपचार के बाद 7 व्यक्तियों को सफलतापूर्वक नशामुक्त कर समाज की मुख्यधारा में वापस लाया जा चुका है।जिले के हर कॉलेज और स्कूल में छात्र-छात्राओं की भागीदारी वाली एंटी ड्रग कमेटियां सक्रिय कर दी गई हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि नर्सरी स्तर से ही बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाए।जिलाधिकारी ने ड्रग इंस्पेक्टर और पुलिस को निर्देश दिए हैं कि सीसीटीवी अनिवार्य कर सभी शिक्षण संस्थानों, मेडिकल स्टोर्स, होटल, कैफे और पीजी में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं।

# 615 ग्रामीणों को 'सरकार आपके द्वार' अभियान का मिला लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** विकासखंड कालसी के ग्राम पंचायत खाड़ी (लखवाड़) में शुक्रवार को 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत भव्य शिविर का आयोजन किया गया। विशेष भूमि-अध्याप्ति अधिकारी स्मृता परमार की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में 615 ग्रामीणों को विभिन्न सरक. ारी सेवाओं का सीधा लाभ मिला। राजस्व विभाग ने 18 प्रमाण पत्र जारी किए, वहीं 49 राशन कार्डों का ई-केवाईसी व यूनिट सुधार किया गया। विशेष भूमि-अध्याप्ति अधिकारी स्मृता परमार ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। शिविर में कृषि, उद्यान, समाज कल्याण और पशुपालन विभाग द्वारा भी किसानों व पशुपालकों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सावित्री चौहान, तहसीलदार सुशीला कौटियाल, खंड विकास अधिकारी जगत सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांकः 84 **निविदा सूचना** दि0: 30.01.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-द्वितीय) त्यूनी-प्लासू परियोजना, यूजेवीएन लिमिटेड, डाकपत्थर, इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित करता है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः-

1. **निविदा संख्या एवं कार्य का नाम :** 01/EE (Civil-II)/TP/2025-26, "कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-द्वितीय) त्यूनी प्लासू परियोजना के कार्यो के प्रयोगार्थ एक हल्का डीजल वाहन (महिन्द्रा मेक बोलेरो/टी0यू0वी0 300 या समकक्ष) ड्राइवर सहित एक वर्ष के लिए किराये पर लगाने का कार्य"
2. **निविदा संख्या एवं कार्य का नाम :** 02/EE (Civil-II)/TP/2025-26, "त्यूनी प्लासू परियोजना के कार्यो के प्रयोगार्थ हेतु एक हल्का पूल डीजल वाहन (महिन्द्रा मेक बोलेरो/टी0यू0वी0 300 या समकक्ष) ड्राइवर सहित एक वर्ष के लिए किराये पर लगाने का कार्य"

**अनुमानित लागत (क्रमशः)** 1. 492500.00 (जी0एस0टी0 व ईधन अतिरिक्त), 2. 492500.00 (जी0एस0टी0 व ईधन अतिरिक्त)

**वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः** 31.01.2026, सायं 17:00 बजे से

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 23.02.2026, सायं 16:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें, निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जायेगें।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद-द्वितीय)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"


## वाटर व एक्रो स्पोर्ट्स के क्षेत्र में विश्व पटल पर छाया टिहरी: उनियाल

**टिहरी।** जनपद टिहरी में आयोजित एक्रो फेस्टिवल एवं नेशनल एस आई वी चौंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रतिभाग कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऐतिहासिक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। आज टिहरी वाटर स्पोर्ट्स एवं एक्रो स्पोर्ट्स के क्षेत्र में विश्व मानचित्र पर अपनी विशेष पहचान बना रही है।

# निरीक्षण में जीरो इंसिडेंट प्रोटोकॉल का हो पालन: एमडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** शहर को सुरक्षित और आधुनिक बिजली नेटवर्क से जोड़ने के लिए चल रहे भूमिगत केबलिंग कार्यों का शुक्रवार को उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कैनाल रोड और बल्लूपुर चौक (सिनर्जी हॉस्पिटल क्षेत्र) में एडीबी वित्तपोषित कार्यों की प्रगति जांची और स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।प्रबंध निदेशक ने ट्रेंचिंग, डक्टिंग और केबल बिछाने के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि खुदाई के बाद सड़क की बहाली में उचित रोलिंग और कम्पैक्शन (कुटाई) की जाए, ताकि भविष्य में



सड़कें धंसने की शिकायत न आए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि एक बार कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क पर दोबारा गड्ढे नहीं किए जाने चाहिए। लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।साइट पर उचित बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टिव संकेतक और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश।एमडी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रमुख सचिव (ऊर्जा) के मार्गदर्शन में चल रही यह परियोजना देहरादून के विद्युत तंत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर की विश्वसनीयता प्रदान करेगी। इससे फॉल्ट और ब्रेकडाउन की घटनाएं कम होंगी और शहर का सौंदर्गीकरण भी होगा। निरीक्षण के दौरान निदेशक (परिचालन), अधीक्षण अभियंता (एडीबी) और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधान की दबंगई, सरकारी जमीन पर बनाया अपना 'महल'

## जिलाधिकारी को आरोप पत्र सौंप कर पूर्व प्रधान के खिलाफ कार्रवाई के लिए की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी के विकास खंड सहसपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गल्जवाड़ी में एक पूर्व महिला प्रधान द्वारा पद का दुरुपयोग कर सरकारी जमीन (ग्राम समाज की भूमि) पर कब्जा करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वर्तमान ग्राम प्रधान हरि कला पुन ने इस भ्रष्टाचार के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपी पूर्व प्रधान के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई और अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की मांग की है। शिकायती पत्र में लगाए गए आरोपों

■ वर्तमान महिला प्रधान ने खोला मोर्चा

के अनुसार, पूर्व प्रधान लीला शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान अपने रसूख और पद का जमकर दुरुपयोग किया।

बताया गया है कि लीला शर्मा ने ग्राम पंचायत की भूमि, जिसका खसरा नंबर 2515 और रकबा 0. 0270 हेक्टेयर है, पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। हद तो तब हो गई जब उन्होंने इस सरकारी जमीन पर अपना पक्का मकान खड़ा कर लिया और वर्तमान में वहीं निवास कर रही हैं।शिकायत में इस बात पर जोर दिया गया है कि आरोपी महिला तीन बार ग्राम प्रधान रह चुकी हैं। पद की गरिमा को ताक पर रखकर उन्होंने उस भूमि को हड़प लिया जो सार्वजनिक हितों के लिए सुरक्षित थी।

### मुख्य आरोप जिन पर टिकी है जांच

वर्तमान प्रधान ने आरोप लगाते हुए बताया कि पूर्व में पद पर रहते हुए अपने पैतृक घर के आगे खाली पड़ी ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा किया।सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज भूमि पर पक्का मकान बनाकर कानून की धज्जियां उड़ाईं। यही नहीं जनता की संपत्ति को निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया।वर्तमान प्रधान हरि कला पुन ने जिलाधिकारी को स्पष्ट शब्दों में पत्र लिखकर मांग की है कि उक्त अवैध कब्जे को तुरंत हटाया जाए (बेदखली की जाए) और पद के दुरुपयोग के मामले में लीला शर्मा के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।इस मामले के उजागर होने के बाद से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीण अब प्रशासन की ओर देख रहे हैं कि क्या एक पूर्व जनप्रतिनिधि के भ्रष्टाचार पर 'बाबा का बुलडोजर' चलेगा या रसूख के आगे कानून बौना साबित होगा। एसडीएम सदर का कहना है की जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मन्दाकिनी ( अगस्त्यमुनि )

पत्रांक 1680 / लेखा0-01 / खनन न्यास निधि / 2025-26 दिनांक 28-01-2026

**निविदा सूचना संख्या 03/2025-26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास निधि के अन्तर्गत, जिलाधिकारी महोदय रूद्रप्रयाग के आदेश संख्या 1096/ 30-12 ( पार्ट -7) (2024-25) दिनांक 19 जनवरी 2026 के द्वारा प्राप्त स्वीकृति के क्रम में निम्न योजनाओं के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु विकास खण्ड कार्यालय अगस्त्यमुनि में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 10 फरवरी 2026 को समय 02.00 अपरान्ह तक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं को विकास खण्ड की गठित समिति द्वारा दिनांक 10 फरवरी 2026 को समय 03:00 बजे अपराहन में खोला जायेगा। न्यूनतम दर पर निर्माण कार्य कराये जाने वाले ठेकेदार को अनुबंध हेतु आमंत्रित किया जायेगा। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 09 फरवरी 2026 को निर्धारित की गई है।

| क्र० सं० | योजना का नाम | वित्तीय वर्ष | मद का नाम | धरोहर धनराशि (रू० में) | अवधि | निविदा का मूल्य प्रपत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत मदोला के भटवाडी से भीम सेन 2025-26 देवता मन्दिर तक सी.सी.मार्गनिर्माण | 2025-26 | खनन न्यास निधि | 19500.00 | 45 दिवस | 1000 +GST |
| 2. | पाण्डव चौक से रा०प्रा०वि०तिलणी तक जाने का रास्ता निर्माण | 2025-26 | खनन न्यास निधि | 14500.00 | 45 दिवस | 1000 +GST |
| 3. | छिनका में घाट पर अतिरिक्त सी.सी.मार्ग कार्य | 2025-26 | खनन न्यास निधि | 16000.00 | 45 दिवस | 1000 +GST |
| 4. | ग्राम पंचायत फलई में पुराने पंचायत भवन से 2026-26 प्रा०वि०/आंगनवाडी/ जू०हा० स्कूल / मतदान केन्द्र जाने वाले रास्ता निर्माण | 2025-26 | खनन न्यास निधि | 33000.00 | 45 दिवस | 1000 +GST |
| 5. | ग्राम पंचायत फलई में बेडूबगड नामक तोक में खेल मैदान कार्य एवं समतली कार्य | 2025-26 | खनन न्यास निधि | 26500.00 | 45 दिवस | 1000 +GST |
| 6. | ग्राम पंचायत सारी के बगडवाल धार से बिजराकोट तक सम्पर्क मार्ग निर्माण कार्य | 2025-26 | खनन न्यास निधि | 32500.00 | 45 दिवस | 1000 +GST |
| 7. | ग्राम पंचायत सारी के कवारचा तोक से चमसिल तक सी.सी.मार्ग निर्माण | 2025-26 | खनन न्यास निधि | 25000.00 | 45 दिवस | 1000 +GST |

निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में विकासखण्ड कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**( सुरेश शाह )**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**अगस्त्यमुनि**

### स्वामी रामप्रकाश चेरिटेबल हॉस्पिटल के पांच वर्ष पूर्ण

# नर सेवा–नारायण सेवा ही सच्ची मानवीय : कोशियारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ''नर सेवा–नारायण सेवा'' को ही सच्ची मानवीय सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुये स्वामी विवेकानंद हैल्थ मिशन सोसायटी द्वारा संचालित स्वामी रामप्रकाश चैरिटेबल हॉस्पिटल के पांच वर्ष पूर्ण होने पर चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये गये।

सर्व प्रथम चिकित्सालय के मेडिकल डायरेक्टर डा. संजय शाह ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये चिकित्सालय के स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित अतिथियों व स्टाफ को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये विगत पांच वर्षों में चिकित्सालय द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में किये गये कार्यों से अवगत कराने के साथ ही स्वामी विवेकानंद हैल्थ मिशन सोसायटी द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में संचालित किये जा रहे विभिन्न कार्यों का विस्तृत ब्यौरा रखा। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यिारी ने सर्वप्रथम रामप्रकाश चैरिटेबल हास्पिटल की पांचवीं वर्षगांठ पर अस्पताल के समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि डा– संजय शाह के कुशल संचालन में मानव सेवा का जो कार्य किया जा रहा है वह अतुलनीय है। कोरानाकाल के दौरान चिकित्सकों ने लोगों की जान बचाने के लिये रात–दिन एक करते हुये अपनी जान तक की परवाह नहीं की ऐसे चिकित्सकों व मेडिकल स्टाफ की सेवाओं का बखान नहीं किया जा सकता। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्टाफ द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुये कहा कि मैंने आज तक चिकित्सकों को रोगियों की सेवा करते हुये ही देखा था लेकिन आज पहली बार मैंने इतना अच्छा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देखी।

म.मं. स्वामी हरिचेनानंद ने कहा कि चिकित्सालय अपने नाम के अनुरूप 'नर सेवा–नारायण सेवा' का अनुरण कर रहा है। सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा– संजय शाह जो कि समाजसेवा व मानव सेवा को समर्पित हैं और इस चिकित्सालय मे आने वाले पीड़ित व्यक्ति को जिस तरह से ईलाज उपलब्ध करा रहे हैं,



ऐसे चिकित्सक आज समाज में कुछेक ही मिलते हैं। ऐसे में समाज को भी चाहिये कि हम चिकित्सालय को अपनी सामर्थ अनुसार मदद करें और पुण्य के भागी बने।

विशिष्ट अतिथि सिडकुल मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिशन के अध्यक्ष राज अरोड़ा ने समाजसेवा के क्षेत्र में चिकित्सालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुये आश्वस्त किया कि चैरिटेबल चिकित्सालय के संचालन में किसी भी तरह की बाधा नहीं आने दी जायेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मदरहुड यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रो. डा. नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि डा. संजय शाह के कुशल निर्देशन में चिकित्सालय मानव सेवा की ओर अग्रसर है। इस चिकित्सालय का लाभ अधिक से अधिक लोगो को मिलेगा, ऐसी हम सबकी अपेक्षा है। उन्होंने चिकित्सालय के संचालन में हरसंभव सहयोग का पूर्ण आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित शिवालिकनगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि नि:स्वार्थ भाव से चैरिटेबिल हास्पिटल का संचालन करते इन पांच वर्षों में डा–संजय शाह के कुशल नेतृत्व में चिकित्सालय जनसेवा के कार्यों में तेजी से अग्रसर है। इससे पूर्व चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन व द्वितीय दिन सूरतगिरी बंगला आश्रम से पधारे वेद पाठी छात्रें द्वारा वैदिक परंपरानुसार मेडिकल डायरेक्टर डा– संजय शाह एवं उनकी धर्मपत्नी डा– तीस्ता शाह की उपस्थिति में विशेष पूजा–अर्चना व हवन किया। इस अवसर पर चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों को अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया, वहीं आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एस– वेंकट राजू (हैदराबाद के उद्योगपति एवं समाजसेवी), देवेन्द्र शर्मा, डा–अशोक मिश्रा, कर्नल(डा–) प्रवीण रेड्डी, सीमांत सेवा फाउंडेशन संचालक डॉ– सिद्धार्थ पाटनी व अध्यक्ष कैलाश, अभिषेक मिश्रा, डा–बी–डी–जोशी, सूरत गिरी बंगला के कोठारी स्वामी उमानंद गिरी महाराज, आचार्य सुधीर, एस–पी–सिंह, एचआर हेड रॉकमन इंडस्ट्रीज सुनील उनियाल, वरि–समाजसेवी अविनाश ओहरी, योगेश पांडे, एड–उत्तम सिंह चौहान, रणवीर शर्मा, आर्किटेक्ट अजय शर्मा, ऋषि सचदेवा, रमेश भाई ठक्कर, प्रकाश जोशी, पवन आहूजा, रणवीर शर्मा, मनोज त्यागी, अंकुश ओहरी, सुनिल अरोड़ा, पत्रकार शमशेर बहादुर बम, सचिन शर्मा, डा– तीस्ता कुकरेती शाह, डा– अशोक शर्मा, डा–सतेन्द्र कुमार, डा–सुलभ, डा–कुलदीप सिंह, डा–श्यायमलता जुयाल, डा–अनु अग्रवाल, डा–ज्योती, डा–श्रृंगा, डा–रम्यता, डा–पूनम, डा–बुगान, डा–आरती, डा–ज्योती चौहान, सुश्री निधि धीमान, ध्वजपाल सिंह रावत, पवन सेमवाल, अंशु, वेद स्तुति, कुसुमलता, पूजा, सागर, प्रिया, रोहन, आलोक, शालिनी, रमेश, अंकित, शीतल, रीटा, आकाश, मोनिका, धीरज, विकास, प्रेम, संगीता, सविता सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए गये अभियान में 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीली दवाई एव इंजेक्शन आदि तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने गुरुवार देर शाम को भट्टिपुर तिराहे को जाने वाले रास्ते पर छापेमारी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया आरोपी से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संजय पुत्र बिजेन्द्र निवासी भुवापुर थाना पथरी बताया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में एक आरोपित को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। आगे भी नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### काउंसलिंग से तीन परिवार फिर जुड़े

**हरिद्वार।** टूटते और बिखरते परिवारों को जोड़ने की दिशा में हरिद्वार पुलिस द्वारा किया जा रहा प्रयास लगातार सकारात्मक परिणाम दे रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन रोशनाबाद में महिला ऐच्छिक ब्यूरो की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के दिशा–निर्देशन में तथा पुलिस के उच्च अधिकारियों की देखरेख में किया गया।

बैठक में महिला हेल्पलाइन रुड़की में दर्ज जटिल पारिवारिक विवादों पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों पक्षों को आमने–सामने बैठाकर गहन काउंसलिंग की गई, जिसमें आपसी संवाद, समझ और विश्वास को प्राथमिकता दी गई। काउंसलिंग के दौरान पारिवारिक समस्याओं की जड़ तक पहुंचने का प्रयास किया गया और आपसी मतभेदों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# अंकिता को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष से पीछे नहीं हटेगी यूथ कांग्रेस : आकाश आजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** यूथ कांग्रेस के हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र प्रभारी आकाश आजाद ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग करते हुए कहा कि राज्य में जघन्य अपराध में शामिल आरोपी की गिरफ्तारी की मांग ३ वर्षों से लगातार की जा रही है। मामले में नए तथ्य सामने आमने के बाद कांग्रेस ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर आंदोलन किया। आंदोलन के बाद दबाव में सरकार ने सीबीआई जांच की घोषणा की। सरकार की घोषणा को २० दिन बीत जाने के बाद भी अब तक सीबीआई की जांच कहां तक पहुंची कोई जानकारी नहीं है। आकाश आजाद ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि सिटिंग जज की देखरेख में सीबीआई जांच हो और जो दोषी बच गए हैं। उन्हें भी सजा मिले। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी के परिवार को न्याय दिलाने




के लिए यूथ कांग्रेस किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटेगी। महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग एवं वरुण बालियान ने कहा कि अंकित भंडारी के परिवार को न्याय दिलाने को लेकर सरकार लेकर गंभीर नहीं है। सीबीआई जांच की मांग तो सरकार ने कर दी। लेकिन जांच के मामले में अब तक कुछ होता नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने सीबीआई जांच के लिए अंकिता भंडारी के परिवार के बजाए अन्य व्यक्ति की एफआईआर को आधार बनाने पर भी आपत्ति जताई और कहा कि यदि सरकार की मंशा ठीक है तो अंकिता के परिवार की एफआईआर के आधार पर सीबीआई जांच कराए। उन्होंने अंकिता भंडारी के परिवार को सुरक्षा देने की मांग भी की है। इस दौरान धनीराम शर्मा, लक्ष्य चौहान, उत्कर्ष वालिया, महबूब आलम, अबरार अयूबी, दिव्यांश अग्रवाल, मयंक त्यागी, रोहित नेगी, उज्जवल वालिया, आनंद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बोर्ड परीक्षा के दौरान न की जाए विद्युत कटौती : गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शहर व्यापार मंडल ज्वालापुर एवं राजलोक विकास समिति के अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने बोर्ड परीक्षाओं को देखते विद्युत कटौती नहीं करने की मांग की है। प्रैस को जारी बयान में विपिन गुप्ता ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं अत्यंत निकट हैं। ऐसे समय में भी विद्युत विभाग की लापरवाही लगातार सामने आ रही है। क्षेत्र में प्रतिदिन ५ से ६ घंटे तक अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती से पूर्व न तो विभाग द्वारा कोई सूचना दी जाती है और न ही जनप्रतिनिधियों द्वारा जानकारी मांगने पर कोई संतोषजनक उत्तर दिया जाता है। इससे आम जनता, अभिभावकों एवं छात्रों में भारी रोष है। बिजली विभाग की यह मनमानी न केवल छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि जनता के धैर्य की भी परीक्षा ले रही है। विद्युत विभाग को जनहित में परीक्षा अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए तथा कटौती की स्थिति में पूर्व सूचना अनिवार्य रूप से दी जाए, अन्यथा जनता को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।

# गंगा को प्रदूषित करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिला गंगा संरक्षण समिति की 69 वीं बैठक जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जल संस्थान हरिद्वार एवं पेय जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया की वे अपने विभाग द्वारा संचालित एस.टी.पी की नियमित रूप से मॉनीटरिंग करें। तथा 14 एम.एल.डी. एस.टी.पी सराय एवं 33 एम.एल.डी. एस.टी.पी सलियर की सम्बधित फर्म पर अपने स्तर से कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें साथ ही नगर निगम के अधिकारियों को जनपद हरिद्वार में संचालित गौशालाओं, डेयरी के लिये डेयरी वॉयलाज बनाने के साथ ही नालियों में भूसा व गोबर डालने वालों पर चालानी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नगर निगम हरिद्वार को निर्देशित करते हुए कहा कि कस्साबान नाले का माह में दो बार औचक निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पाये जाने पर एन०जी०टी० के निर्देशों के अनुसार अधिकतम जुर्माना लगाने



एवं दुकानों के आवंटन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने पुलिस,नगर निगम, सिंचाई विभाग यूपी और हरिद्वार को विभिन्न गंगा घाटों एवं नालों जिनमें चमकादड़ टापू, दूधियाबंध व दक्षिण काली माता मन्दिर के आस पास हुए अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए हटाने के निर्देश दिए साथ ही हरकी पौड़ी क्षेत्रांतर्गत विभिन पुलों पर किए गए अतिक्रमण को हटा कर इस क्षेत्र की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए, जिससे कि कोई फिर से पुलों पर अतिक्रमण न करे। उन्होंने नगर निगम एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल रखने के लिए किसी भी दशा में गंगा में किसी भी नालों गंदा पानी एवं कूड़ा कचरा न जाये, इसके साथ ही उचित प्रबन्धन करने के निर्देश दिये गये। नगर निगम द्वारा बताया गया कि हरिद्वार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर साइन/सूचना बोर्ड लगा रखे है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ.ललित नारायण मिश्रा, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, एसीपी जितेंद्र चौधरी, सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी, उप प्रभागीय अधिकरी पूनम कैथूरा, एसडीओ उत्तरप्रदेश कैनाल भारत भूषण, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान हरीश बंसल, आयुक्त नगर निगम ऋषभ उनियाल, अधिकारी सत्यदेव आर्य,जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी मीरा रावत, समिति के सदस्य रामेश्वर गौड़ ,मनोज निषाद,एडवोकेट हिमांशु सरीन,अधिशासी अभियंता लोनिवि दीपक कुमार एवं सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहें।

## युवक के हाथ से मोबाइल छीन कर बाइक सवार फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र में मोबाइल छीनने की एक वारदात सामने आई है, जहां बाइक सवार तीन लड़कों ने एक युवक से मोबाइल फोन छीन कर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार पीड़ित नीरज पुत्र काशीराम, निवासी सूर्यनगर कॉलोनी मूल निवासी लखीमपुर खीरी, यूपी ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि गुरुवार की रात जेबीएम कंपनी से ड्यूटी कर अपने कमरे पर लौट रहा था। पीड़ित जब मिन्डा कंपनी की पुलिया के पास फोन पर बात कर रहा था, तभी पीछे से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार तीन लड़के आए और उसके हाथ से मोबाइल फोन झपटकर फरार हो गए। मोटरसाइकिल का पूरा नंबर नहीं देख पाया, लेकिन उसने बाइक पर यूपी–20 लिखा हुआ देखा। साथ ही बाइक की नंबर प्लेट पर पीछे 'जाटव' लिखा हुआ था। सिडकुल थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना स्थल पास सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# अश्विनी चौहान चुने गए निर्विरोध जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा हरिद्वार के त्रिवार्षिक अधिवेशन निर्वाचन में अश्वनी चौहान जिला अध्यक्ष, हेमेन्द्र चौहान जिला महामंत्री, अरविंद शर्मा जिला कोषाध्यक्ष पदों पर निर्विरोध निर्वाचित उत्तरांचल राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, हरिद्वार शाखा का त्रिवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन भव्य व ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला त्रिस्तरीय समिति के अध्यक्ष मुकेश चौहान ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक, रानीपुर हरिद्वार रहे। जिनके द्वारा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जिला महामंत्री जिला कोषाध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। निर्वाचन की निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया का दायित्व निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार (खंड शिक्षा अधिकारी, लक्सर) ने कुशलतापूर्वक निभाया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हरिद्वार के द्वारा नवीन कार्यकारिणी को आश्वासन दिया द्वारा संगठन को यह आश्वासन एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया कि वे संगठन के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करेंगे तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव प्रयास करेंगे निर्वाचन पर्यवेक्षक के रूप में जितेन्द्र वाल्दिया (जिलाध्यक्ष, पिथौरागढ़) एवं दीपक सजवान (पौड़ी) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विक्रम झिंक्वान (जिलाध्यक्ष, रुद्रप्रयाग) तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों में मनोज तिवारी (नैनीताल) एवं मनोज जुगरान (पौड़ी गढ़वाल) की गरिमामयी उपस्थिति रही। अधिवेशन में संगठन के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गुसाईं, अशोक चौहान, रविन्द्र चौहान (पूर्व अध्यक्ष, बहादराबाद), आशीष चौधरी, सुनील दत्त शर्मा, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन अशोक चौहान, जितेन्द्र चौधरी (जिला मंत्री),पंकज लोचन (जिला कोषाध्यक्ष) तथा अनिल चमोली (ब्लॉक अध्यक्ष, भगवानपुर) की विशेष उपस्थिति रही। विकासखंड स्तर से केहर सिंह (खानपुर), मनमोहन शर्मा (रुड़की), अरविंद शर्मा (नारसन), प्रवीण कुमार (लक्सर), अश्वनी चौहान (बहादराबाद), राकेश पंवार, योगेश कुमार, पंकज विश्नोई, सचिन, मासूम अली, इम्तियाज अली सहित बड़ी संख्या में शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। महिला शिक्षक प्रतिनिधियों में श्रीमती कामिनी शर्मा, श्रीमती कुंतला गुप्ता, श्रीमती शशि श्रीवास्तव सहित अनेक शिक्षिकाओं की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही। त्रिवार्षिक निर्वाचन के अंतर्गत कुल 21 पदों पर निर्वाचन सम्पन्न हुआ, जिसमें पूरी जिला कार्यकारिणी का चयन सर्वसम्मति से निर्विरोध किया गया। कार्यक्रम का कुशल, अनुशासित एवं प्रभावी संचालन वीर सिंह पंवार द्वारा किया गया। अधिवेशन के दौरान शिक्षक हितों, संगठन की मजबूती, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार, निपुण भारत अभियान, सेवा संबंधी समस्याओं तथा आगामी रणनीतियों पर विस्तृत विचार–विमर्श हुआ। अंत में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी शिक्षकों, प्रतिनिधियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को शिक्षक सम्मान, अधिकारों की रक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अधिवेशन का समापन एकता, अनुशासन एवं सामूहिक शक्ति के संदेश के साथ हुआ।

## कंपनी में लाखों की चोरी, ऑटो में माल भरकर चोर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र के अंतर्गत एक कंपनी का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के कीमती माल पर हाथ साफ कर दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सेक्टर–8बी स्थित ग्रेपनेल्स इंडस्ट्रीज कंपनी के मालिक पझानी भगवतीअप्पन ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि 19 और 20 जनवरी की दरमियानी रात चोरों ने उनके प्लांट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने कंपनी के अंदर रखा भारी मात्रा में तांबा और पीतल चोरी कर लिया। चोरी हुए माल की कीमत करीब 3 लाख के बीच बताई जा रही है। कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक व्यक्ति स्पष्ट रूप से ताला तोड़कर चोरी करता हुआ दिखाई दे रहा है। फुटेज में यह भी साफ नजर आ रहा है कि चोर चोरी किया हुआ माल एक ऑटो टेम्पो में लादकर मौके से फरार हो गए। सिडकुल थानअध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज और ऑटो के नंबर के आधार पर चोरों के सुराग जुटाए जा रहे हैं।

# स्मैक की तस्करी करता युवक दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में स्मैक की तस्करी करते हुए एक आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5.77 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। रानीपुर कोतवाली प्रभारी शांति कुमार ने बताया कि बीती रात सुमननगर क्षेत्र में रोह नदी रपटा पुल के पास पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार सुभाष कुमार निवासी रामधाम को रोककर तलाशी ली गई, तो उसके पास से 5.77 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। जिसकी कीमत करीब 55 हजार रुपये के आस पास है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह यह स्मैक रावली महदूद निवासी पंकज से खरीदकर लाया था। पुलिस अब फरार पंकज की तलाश में जुटी है। रानीपुर पुलिस अब तक ६ तस्करों को जेल भेज चुकी है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि क्षेत्र में नशे का कारोबार करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

पुलिस टीम में रानीपुर कोतवाली प्रभारी शान्ति कुमार, चौकी प्रभारी सुमननगर, अर्जुन कुमार, कां. हरीश राणा, कां. राजेन्द्र रौतेला शामिल रहे हैं।

## गोमांस की तस्करी करते एक महिला सहित दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम मरगूबपुर में गोमांस की तस्करी करते हुए एक महिला सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 50 किलो गोमांस बरामद किया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

बहादराबाद थानअध्यक्ष अंकुर शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मरगूबपुर में एक महिला के घेर में गोकशी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर छापा मार कर भारी मात्रा में मांस बरामद किया है। मौके पर पहुंचे पशु चिकित्साधिकारी ने प्रथम दृष्टया इसे गोवंशीय पशु का मांस बताया, जिसके बाद मांस का नमूना परीक्षण के लिए भेजा गया। बरामद मांस को पुलिस ने जमीन में दबाकर और केमिकल छिड़क कर मौके पर ही नष्ट कर दिया।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शेर मोहम्मद पुत्र शब्बीर निवासी मरगूबपुर,बताया है।पुलिस पूछताछ में इस मामले में आलीम, शमीम और मुस्तकीम के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।पुलिस ने महिला सहित दो आरोपियों जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी शान्तरशाह उमेश कुमार, कां. चन्दन सिंह, होमगार्ड अभिषेक, महिला होमगार्ड सायराबानो शामिल रही है।

# कांग्रेसियों ने दी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मध्य हरिद्वार स्थित कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी व पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस रविश भटीजा ने कहा कि देश के में आज जो माहौल चल रहा है। वह इंसानियत व भाई चारे के लिए खतरा है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा और युवा नेता समर्थ अग्रवाल ने कहा कि अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो नीति पर चल रही भाजपा देश को बांट रही है। उन्होंने कहा कि हम संकल्प लेते हैं की देश में हम एकता और भाई चारे के साथ देश को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। गौरव चौहान व मनोज जाटव ने कहा कि देश को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार आज भी भारत की आत्मा और लोकतांत्रिक चेतना का आधार हैं। गांधी जी का जीवन हमे सत्य सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। श्रद्धांजलि देने वालों में विकास चंद्रा, समर्थ अग्रवाल, अनिल ठाकुर, सरिता शर्मा, अखिल शर्मा, ऋषभ वशिष्ठ, आशु श्रीवास्तव, दीपक टंडन, सार्थक ठाकुर, गौरव ठाकुर, मानू वालिया, अरविंद राठी, वीरू गुप्ता आदि शामिल रहे।



### कोठारी महंत निरंजन दास हुए ब्रह्मलीन

## दिव्य संत थे महंत निरंजन दास : रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन की बादशाहपुर शाखा के कोठारी महंत निरंजन दास महाराज बृहष्पतिवार की रात ब्रह्मलीन हो गए। शुक्रवार को समस्त 13 अखाड़ों के संत महापुरूषों और गणमान्यों लोगों की मौजूदगी में कनखल शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। महंत मुरारी दास महाराज ने ब्रह्मलीन महंत निरंजन दास महाराज को मुखाग्नि दी।

ब्रह्मलीन महंत निरंजन दास महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत निरंजन दास महाराज दिव्य संत थे। धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के मुखिया महंत दुर्गादास महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत निरंजन दास महाराज ने अखाड़े की उन्नति और समाज में धर्म प्रचार में अतुलनीय योगदान दिया। सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए मानव कल्याण में योगदान करने का संकल्प लेना चाहिए। महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद, स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी एवं महंत जसविंदर सिंह महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत निरंजन दास महाराज के विचार और उनकी शिक्षाएं सदैव समाज को प्रेरणा देती रहेंगी। श्रीमहंत रामरतन गिरी, महंत राघवेंद्र दास, महंत गोविंद दास, महंत जयेंद्र मुनि, महंत सूर्यांश मुनि, महंत हनुमान दास, महंत प्रेमदास, महंत राजपुरी, महंत अरूण दास, स्वामी कपिल मुनि, महंत रूपेंद्र प्रकाश, स्वामी संतोषानंद, महंत विष्णु दास, महंत रघुवीर दास, महंत बिहारी शरण, महंत सूरज दास, महंत बलवंत सिंह, स्वामी नागेंद्र, स्वामी आदि योगी पुरी, महंत गंगादास, महंत सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी अनंतानंद, स्वामी चिदविलासानंद, स्वामी ऋषिश्वरानंद, बाबा हठयोगी, महंत निर्भय सिंह ने भी ब्रह्मलीन महंत निरंजन दास महाराज को श्रद्धांजलि दी और उन्हें महान संत बताया।

## आवारा कुत्तों के आतंक पर स्कूल प्रबंधन ने जताई चिंता, अभिभावकों से सावधानी बरतने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आवारा कुत्तों के राह चलते लोगों को काटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और हमला करने की घटनाओं से लोग भयभीत हैं। कुत्ते स्कूल के बच्चों और अभिभावकों को भी निशाना बना रहे हैं। घटनाओं से चिंतित जगजीतपुर क्षेत्र के एक स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों को पत्र लिखकर सावधानी बरतने की अपील की है। अभिभावकों को भेजे पत्र में डिवाइन लाइट स्कूल के प्रिंसीपल राजेश कुमार शर्मा ने कहा है कि आवारा कुत्तों के आक्रामक व्यवहार करने और बच्चों को काटने और छुट्टी के समय बच्चों का पीछा करने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। जिससे स्कूल प्रबंधन भी चिंतित है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को अकेले स्कूल ना भेजने। स्कूल छोड़ने और वापस लेने आने के दौरान और यदि बच्चे पैदल और किसी विशेष रास्ते से आते हैं तो रास्ते पर आवारा कुत्तों की मौजदूगी का ध्यान रखने की अपील की है।

बृहष्पतिवार को जगजीतपुर क्षेत्र की भगवतीपुरम् कालोनी निवासी महिला विनीता राजविहार फेस–2 कालोनी में रिश्तेदारों से मिलने आयी थी। वापस लौटते समय महिला पर आवारा कुत्तों ने पीछे से हमला कर दिया और जगह–जगह नोंचकर बुरी तरह घायल कर दिया। कुछ दिन पूर्व भी आवारा कुत्तों ने बेटी को स्कूल छोड़कर वापस लौट रही राजविहार फेस–2 की रहने वाली एक महिला पर हमला कर घायल कर दिया था। राजविहार फेस–2 निवासी सचिन अग्रवाल ने बताया कि गलियों में आवारा कुत्तों की संख्या बहुत बढ़ गयी है। कुत्तों के आतंक की वजह से घरों से बाहर निकलना और बच्चों को अकेले स्कूल भेजना भी मुश्किल हो गया है। बाहर खेल रहे बच्चों, बुजुर्गो, महिलाओं पर कुत्ते लगातार हमला कर रहे हैं। सचिन अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने नगर निगम प्रशासन और सीएम पोर्टल पर शिकायत की। लेकिन कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है।

**आवश्यक सूचना**

मैंने अपने पुत्र फैहराज व पुत्रवधू रुकईया को मेरे कहने सुनने में नहीं होने के कारण अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उनके किसी कृत्यों से मेरा व मेरा परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। फजले आलम पुत्र स्व. मिदा हसन, निवासी ग्राम सलेमपुर महदूद थाना कोतवाली रानीपुर जिला हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

शाह टाइम्स हरिद्वार

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई–मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# टिहरी बनी साहसिक खेलों की नई राजधानी, सीएम ने दी योजनाओं की सौगात

■ मुख्यमंत्री ने जनपद के विकास को नई गति देते हुए करोड़ों रुपये की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** कोटि कॉलोनी में आयोजित चार दिवसीय एक्रो फेस्टिवल और नेशनल एसआईवी चौंपियनशिप का शुक्रवार को भव्य समापन हो गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जोरदार स्वागत किया गया। समापन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने आसमान में पैराग्लाइडिंग के रोमांचक लाइव शो का आनंद लिया, जहां देश-विदेश के पायलटों ने अपने करतबों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में पर्यटन विभाग के अपर सचिव अभिषेक रोहिला ने मंच पर सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में टिहरी की बदलती तस्वीर को रेखांकित करते हुए कहा कि आज टिहरी गढ़वाल की पहचान केवल ऊर्जा उत्पादन के केंद्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अब पर्यटन और साहसिक खेलों के क्षेत्र में भी तेजी से वैश्विक पटल पर अपनी जगह बना रहा है, जो पूरे उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह, स्कूली बच्चों और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेल संस्कृति को अभूतपूर्व बढ़ावा मिला है और आज भारत के खिलाड़ी हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने पर्यटन विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलता है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए द्वार भी खुलते हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जानकारी दी कि वर्तमान में टिहरी में चार सौ से अधिक युवा पैराग्लाइडिंग का पेशेवर प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिनके लिए सरकार रोजगार के स्थायी अवसर सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि उत्तराखंड अब केवल आध्यात्मिक भूमि ही नहीं, बल्कि असीम संभावनाओं वाला राज्य बन रहा है, जहां सरकार साइक्लिंग, पर्वतारोहण और रिवर राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में आयोजित होने वाली खेल गतिविधियों को शीतक. ालीन यात्रा से जोड़कर साल भर रोजगार के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां आज दिल्ली और मुंबई जैसे महानगर प्रदूषण से जूझ रहे हैं, वहीं टिहरी का यह महोत्सव वेलनेस और स्पिरिचुअल टूरिज्म का संदेश देगा। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि इस बार एक्रो फेस्टिवल में ग्यारह देशों के पच्चीस अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों और सत्ताईस राष्ट्रीय प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो टिहरी के ग्लोबल डेस्टिनेशन बनने का प्रमाण है। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता के विजेता मृदुल पायल, गौरव ठाकुर और कपिल नौटियाल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक किशोर उपाध्याय, शक्ति लाल शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवाण, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, शोभनी धनोला, सुमन सजवाण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कई वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** पैरोल जम्प कर कई वर्षों से फरार चल रहे एक व्यक्ति को सहसपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। आरोपी वर्ष 2002 में गैर इरादातन हत्या के प्रयास के अपराध में जेल गया था जो 5 वर्ष की सजा में काट रहा था जेल। आरोपी कोविड के दौरान वर्ष 2021 में 90 दिन की पैरोल पर जेल से बहार आया था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रो में वांछित/ईनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित कर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में कार्यवाही करते हुए सहसपुर पुलिस द्वारा जिला कारागार देहरादून से कोविड 19 के दौरान 90 दिनों की पैरोल पर रिहा हुए आरोपी विनोद कुमार उर्फ टिपननाथ पुत्र रामचंद्र निवासी चोरखाला देहरादून उम्र 49 वर्ष को संरक्षण में लेकर जिला कारागार देहरादून में दाखिल किया गया।

आरोपी को न्यायालय ने 5 वर्ष की सजा सुनाई गई थी। सजा के दौरान जिला कारागार देहरादून से कोविड 19 के दौरान 90 दिवस के पैरोल पर 17 मई 2021 को रिहा किया गया था, आरोपी द्वारा निर्धारित समयावधि के बाद भी जिला कारागार में समर्पण नहीं किया गया। जिस पर गठित टीम द्वारा कलियर हरिद्वार से पकड़ा गया जो की झुग्गी झोपड़ियों में भेष बदल कर रह रहा था। पुलिस टीम अपर उप निरीक्षक अरविंद कुमार, सिपाही अनिल, नवबाहर, जितेंद्र कुमार एसओजी शामिल रहे।

## उन्नत फ्यूल टेक्नोलॉजी को सुलभ बनाना लक्ष्य : सार्थक बेहुरिया

**देहरादून :** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार गोवा में इंडिया एनर्जी वीक 2026 के दौरान जियो-बीपी के स्टाल का दौरा किया, जहां क्रांतिकारी एक्टिव टेक्नोलॉजी पेट्रोल प्रदर्शित किया गया था। जियो-बीपी का एक्टिव पेट्रोल इंजन के महत्वपूर्ण हिस्सों को साफ करने, इंजन की क्षमता को बहाल और सुरक्षित रखने, और वाहन चालकों को सामान्य पेट्रोल की तुलना में सालाना लगभग 100 किमी तक अधिक दूरी तय करने में मदद करने के लिए बनाया गया है और यह सब बिना किसी अतिरिक्त कीमत के उपलब्ध है।जियो-बीपी के सीईओ अक्षय वाधवा ने कहा, "आज गोवा में आयोजित इंडिया एनर्जी वीक 2026 में हमने दो मोटरसाइकिलें एक साथ प्रदर्शित की हैं।

# श्रम-न्यूनीकरण उपकरण एवं पशु सखियों को स्मार्टफोन किए वितरित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के जन्मदिवस (31 जनवरी) के अवसर पर जनसेवा की भावना से समर्पित "सेवा सप्ताह" के अंतर्गत आज देहरादून के एक निजी होटल में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ग्रामोत्थान परियोजना (रिप) के तहत ड्रजरी न्यूनीकरण उपकरण एवं स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर ग्राम्य विकास मंत्री जोशी द्वारा 8 क्लस्टर लेवल फेडरेशन एवं 45 ग्राम संगठनों से जुड़ी महिलाओं को कुल 1575 श्रम-न्यूनीकरण उपकरण वितरित किए गए। साथ ही देहरादून जनपद की 26 तथा हरिद्वार जनपद की 16 पशु सखियों को स्मार्टफोन प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी का केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया तथा उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु की कामना की गई।



ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं कृषि, पशुपालन एवं घरेलू कार्यों में प्रतिदिन अत्यधिक शारीरिक श्रम करती हैं। आज भी निराई-गुड़ाई, चारा संग्रहण एवं प्रसंस्करण जैसे कार्य पारंपरिक तरीकों से किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज वितरित किए गए श्रम-न्यूनीकरण उपकरण महिलाओं के श्रम को कम करने, उत्पादकता बढ़ाने, समय की बचत करने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य एवं सम्मान की रक्षा में सहायक सिद्ध होंगे। इससे महिलाएं अपनी ऊर्जा आय-वर्धक गतिविधियों, बच्चों की शिक्षा तथा परिवार के समग्र विकास में अधिक प्रभावी रूप से लगा सकेंगी।ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने कहा कि पशु सखियां ग्रामीण पशुपालन व्यवस्था की मजबूत रीढ़ हैं, जो पशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, प्राथमिक उपचार एवं पशुपालकों को वैज्ञानिक परामर्श देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। स्मार्टफोन उपलब्ध होने से पशु सखियां रियल-टाइम रिपोर्टिंग, ऑनलाइन प्रशिक्षण, विभागीय समन्वय एवं प्रभावी मॉनिटरिंग कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण पशुपालन सेवाओं को डिजिटल, पारदर्शी एवं अधिक प्रभावी बनाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामोत्थान परियोजना केवल एक विकास कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की सशक्त यात्रा है। उन्होंने कहा कि आज वित. रित किए गए उपकरण और स्मार्टफोन इस यात्रा को गति देने वाले सशक्त साधन हैं। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार समूहों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने और आजीविका संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश में 1.72 लाख महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी है।इस अवसर पर रिप परियोजना निदेशक झरना कमठान, उपायुक्त नरेश कुमार, महेंद्र सिंह यादव, विक्रम सिंह, सोनम गुप्ता सहित विभिन्न समूह की बहिनें उपस्थित रहीं।

**एक नजर .......**

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, मामला दर्ज

**चकराता।** कोतवाली चकराता क्षेत्र में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सकरौल, थाना व तहसील कालसी निवासी स्वराज तोमर पुत्र वीरेंद्र सिंह ने कोतवाली चकराता में दी गई तहरीर में बताया कि 25 जनवरी 2026 को उनके छोटे भाई राजेश तोमर (22) अपने मित्र राजा पुत्र हरीशचंद्र, निवासी कल्याणपुरी, नई दिल्ली के साथ स्कूटी संख्या डीएल 5एसबीक्यू-8197 से जा रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे राजेश तोमर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस के तहत अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक युद्धवीर सिंह द्वारा की जा रही है। कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर नौटियाल ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है तथा अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी हुई है।

## स्वयंसेवियों ने नशा मुक्ति को लेकर निकाली जागरूकता रैली




**चकराता।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज क्वासी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर स्वयंसेवियों द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने ग्राम सैंजाड से खड़कोटा तक नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकाली तथा मुख्य मार्ग की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।शिविर के बौद्धिक सत्र का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी प्रीतम सिंह राणा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता महावीर चौहान ने स्वयंसेवियों को प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी तथा एड्स जैसी गंभीर बीमारी के कारण, उसके लक्षण और बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एड्स एचआईवी वायरस के कारण होने वाली गंभीर बीमारी है, जो धीरे-धीरे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देती है, जिससे व्यक्ति संक्रमणों एवं कुछ विशेष प्रकार के कैंसर से लड़ने में असमर्थ हो जाता है। एड्स, एचआईवी संक्रमण की सबसे गंभीर अवस्था मानी जाती है।कार्यक्रम में शमशेर सिंह, विनोद तोमर, राजेंद्र सिंह चौहान, रमेश नेगी, दिनेश नेगी, राजेंद्र नेगी, सुनील नेगी सहित एनएसएस स्वयंसेवी आर्यन चौहान, प्रियांशु, अजय, नरेंद्र, आयुष, अंशिका, खुशी, आरुषि, मोनिका, तानिया, तनिषा, मानसी, स्नेहा, नेहा, प्रिया आदि उपस्थित रहे।

## सेपियंस विद्यालय में गांधी शहीद दिवस पर प्रार्थना सभा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर एवं विकासनगर में गांधी शहीद दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का संचालन कक्षा 8 अ के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के आदर्शों पर अपने विचार प्रस्तुत किए भाषण, शपथ गीत और कविता पाठ के माध्यम से उनके जीवन मूल्यों को स्मरण किया। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा महात्मा गांधी की हत्या से संबंधित विषय पर एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई, जिसने सभी को भावुक कर दिया। 11 बजे सम्पूर्ण विद्यालय द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की निर्देशिका रश्मि गोयल एवं हरबर्टपुर प्रधानाचार्या गीता नेगी तथा विकासनगर प्रधानाचार्य नवीन तनेजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गांधी जी के सत्य, अहिंसा और त्याग के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। यह विशेष प्रार्थना सभा विद्यार्थियों में देशभक्ति और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने वाली रही।

# मनरेगा योजना से गांधी जी का नाम हटाने पर कांग्रेसियों में उबाल

■ गांधी जी की पुण्यतिथि पर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विकासनगर द्वारा ग्राम रुद्रपुर में मनरेगा योजना बचाओ अभियान योजना से गांधी का नाम हटाने पर गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर धरना दिया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में पीसीसी मेंबर संजय जैन ने कहा गांधी जी पूरे विश्व के लिए आदर्श पुरुष थे उनका नाम मनरेगा योजना से हटाकर सरकार द्वारा महापुरुषों का अपमान किया जा रहा है। गांधी जी का नाम विश्व में अमर है जिसे कोई मिटा नहीं सकता। कहा कांग्रेस इस प्रकार से सरकार के रवैयो को बर्दाश्त नहीं करेगी और पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा 100 दिन की गारंटी सरकार ने खत्म कर दी है जिससे आम गरीब मजदूर को मनरेगा योजना से मिलने वाले रोजगार से से होने वाले फायदा अब नहीं मिलेगा। इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संजय किशोर ने कहा मनरेगा योजना से केंद्र सरकार द्वारा इसका नाम बदलने से 100 दिन का रोजगार भी सरकार खत्म कर रही है जिससे आम व्यक्ति जिसको योजना से फायदा मिलता था वह बेरोजगार हो जाएगा हम सबको मिलकर लोगों को जागरूक करना होगा और सरकार द्वारा जो उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है वह जनता तक पहुं. चना होगा। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिनव ठाकुर ने कहा केंद्र सरकार द्वारा जो प्रदेश सरकारों पर 40 प्रतिशत अंश दान देने की बात कही है वह प्रदेश सरकार दे ही नहीं पाएंगे जिससे बेरोजगारी होगी।




इस मौके पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, हरबर्टपुर अध्यक्ष आशीष पुंडीर, पीसीसी मेंबर संजय जैन, जिला अध्यक्ष संजय किशोर, विपुल जैन, जिला पंचायत सदस्य दिनेश टिकरी, सरदार बलजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, आनंद सिंह, जनक सिंह, नरेश राणा, मनजीत, प्रेम, नसीर, वाजिद, हुकम सिंह, मनोज चौहान, विनीत आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने अपनी विधायक निधि से फर्नीचर दिया

**कोटद्वार ।** झंडीचौड़ स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं फर्नीचर वितरण कार्यक्रम का आयोजन भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी विधायक निधि से विद्यालय को 345 फर्नीचर प्रदान किए। लंबे समय से विद्यालय में फर्नीचर की कमी की समस्या बनी हुई थी, जिससे विद्यार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। फर्नीचर उपलब्ध होने से अब विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण मिलेगा।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, नाटक एवं समूह नृत्य शामिल रहे। बच्चों की सुंदर एवं अनुशासित प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा सूचना एवं सेवा आधारित स्टॉल भी लगाए गए। इनमें जन औषधि केंद्र, आधार कार्ड सेवा, तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल प्रमुख रहे, जहाँ लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर ही सेवाएँ भी उपलब्ध कराई गईं। इन स्टॉलों को अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने विशेष रुचि के साथ देखा।

# खेलकूद हर व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा: सोनम

■ खेल हर व्यक्ति को बनाते हैं मानसिक रूप से स्वस्थ प्रगति शिक्षण मंदिर स्कूल में 'एनुअल स्पोर्ट्स डे' का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** अम्बाड़ी क्षेत्र में स्थित में प्रगति शिक्षण मंदिर जूनियर हाई स्कूल में 'एनुअल स्पोर्ट्स डे' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक 25 मीटर रेस, 50 मीटर रेस, बैलून रेस, टॉफी रेस, म्यूजिकल चेयर तथा कक्षा 1 से 5 तक 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, सैक रेस, फ्रॉग रेस, स्पून रेस, 3 लेग रेस तथा कक्षा 6 से 8 तक 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, सैक रेस, ऊंची कूद, लंबी कूद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनम माथुर ने कहा कि खेल कूद हर व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

जिस तरह पढ़ना, कमाना और वक्त पर खाना हमारी सेहत एवं जीवन के लिए आवश्यक है, ठीक उसी प्रकार खेलों की उपयोगिता भी एक विद्यार्थी के जीवन में अति महत्वपूर्ण है। शरीर में तंदुरस्ती लाने के साथ साथ खेल मानसिक रूप से भी परिपक्व बनाते है। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा आज के समय में बच्चे घर जाकर आउटडोर गेम्स खेलने की बजाय मोबाइल में व्यस्त रहते हैं जिसके चलते उनमें मोटापा, आंखों से कम दिखाई देना आदि बीमारियां हो रही है। यदि बच्चे आउटडोर गेम खेलते हैं तो उनका शरीर भी स्वस्थ रहेगा मानसिक रूप से भी बच्चे स्वस्थ रहेंगे। अध्ययन के साथ-साथ बच्चों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल अत्यंत महत्वपूर्ण है। खेलों में भाग लेने से बच्चों में धैर्य, सहिष्णुता, साहस, सामूहिक सद्भाव, भाईचारे की भावना और अनुशासन बढ़ता है।

'एनुअल स्पोर्ट्स डे' पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सोनम माथुर, ईश्वेन्द्र ब्रोही, हरीश, मुकेश जोशी, नवीन जोशी, प्रीति नेगी, सुमित्रा, हिना, किरण भाटी आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## श्रीनगर नगर निगम बोर्ड बैठक में 60 प्रस्ताव पर लगी मोहर




**श्रीनगर।** शुक्रवार को नगर निगम श्रीनगर में आयोजित बोर्ड बैठक में शहर के विकास से जुड़े 60 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई गयी। बैठक में पार्षदों ने एकजुट होकर जनहित से जुड़े प्रस्तावों को समर्थन दिया। बैठक का सड़क, नाला निर्माण, अधूरे कार्यों को पूरा करने, नामकरण और नगर निगम की आवश्यकताओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कि गई। महापौर आरती भंडारी द्वारा बोर्ड के समक्ष रखे गए प्रमुख प्रस्तावों में वार्ड संख्या 40 के अंतर्गत मुख्य सड़क से श्री महेन्द्र सिंह नेगी के घर तक जर्जर रास्ते के निर्माण, अमर फार्मा क्लिनिक से विजयलक्ष्मी के घर तक अधूरी सड़क को पूर्ण करने, तथा मुख्य सड़क से श्री पंकज सिंह राणा और श्री धन सिंह बिष्ट के घरों के मध्य दोनों ओर नाला निर्माण एवं सुरक्षा दीवार का कार्य शामिल रहा। इसके अलावा वार्ड संख्या 06, श्रीकोट गंगानाली में गलियों के नामकरण एवं साइन बोर्ड लगाए जाने, नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों, मोहल्लों और गलियों में सूचक बोर्ड (साइन बोर्ड) लगाए जाने के प्रस्ताव पर भी बोर्ड ने सहमति जताई। शहर के सौंदर्यीकरण और पहचान को मजबूत करने की दिशा में पीपलचौरी तिराहे को वाल्मिकी चौक घोषित किए जाने के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श के बाद स्वीकृति दी गई।बैठक में नगर निगम के स्वामित्व वाले एजेंसी मोहल्ला स्थित भवन के भूतल पर संचालित विद्युत विभाग के कार्यालय को खाली कराए जाने पर भी चर्चा हुई। नगर निगम की बढ़ती प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए इस भवन के उपयोग हेतु बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव रखा गया, जिसे वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुमति के लिए प्रस्तुत किया गया। बैठक कि अध्यक्षता करते हुए महापौर आरती भंडारी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास पहुंचाना है। बोर्ड बैठक में पारित सभी 60 प्रस्ताव जनहित और शहर के भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। कहा कि स्वीकृत प्रस्तावों पर शीघ्र ही कार्यवाही शुरू की जाएगी, ताकि जनता को जल्द से जल्द राहत और सुविधाएं मिल सकें।

## झिरकोटी में जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत लगा बहुउद्देशीय शिविर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की महत्वाकांक्षी पहल जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड कर्णप्रयाग की न्याय पंचायत झिरकोटी में शुक्रवार को बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सोहन सिंह रांगण द्वारा की गई। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना रहा।

# गांव में शराब पर प्रतिबंध, उल्लंघन करने पर जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद के प्रतापनगर विकासखंड के अंतर्गत पट्टी भदूरा के ग्राम पंचायत पोखरियालगांव में ग्रामीणों ने नशा मुक्ति की दिशा में एक ऐतिहासिक और कड़ा फैसला लिया है। गांव में बढ़ती शराब की लत और उससे उत्पन्न होने वाली सामाजिक बुराइयों को रोकने के लिए ग्राम पंचायत ने एक विशेष बैठक आयोजित की, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब गांव के किसी भी सामाजिक समारोह या मांगलिक कार्य में शराब पीने और पिलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। इस निर्णय का उद्देश्य गांव की सामाजिक समरसता को बनाए रखना और युवा पीढ़ी को नशे के गर्त में जाने से बचाना है।

ग्राम प्रधान सुलोचना देवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न हुई इस आम बैठक में ग्रामीणों ने नशाबंदी पर गहन विचार-विमर्श किया। चर्चा के दौरान यह बात प्रमुखता से उभरी कि शादी-विवाह, चूड़ाकर्म, नामकरण और जन्मदिन जैसे खुशी के मौकों पर शराब का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। इससे न केवल आयोजकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है, बल्कि शराब के नशे में होने वाले विवादों से गांव का माहौल भी खराब होता है। सबसे चिंताजनक विषय यह है कि इसकी देखा-देखी नई युवा पीढ़ी भी नशे की आदी होती जा रही है, जिसे समय रहते रो. कना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

इसी चिंता को ध्यान में रखते हुए समस्त ग्रामवासियों ने एक स्वर में शराबबंदी के प्रस्ताव को पारित किया।बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार, यदि भविष्य में गांव का कोई भी परिवार या व्यक्ति शादी, पार्टी या किसी भी अन्य सामाजिक आयोजन में शराब परोसते या पीते हुए पाया जाता है, तो उसे दंडित किया जाएगा। पंचायत ने कड़े नियमों का प्रावधान करते हुए ऐसे उल्लंघनकर्ता पर इक्कीस हजार रुपये का नकद जुर्माना लगाने का निर्णय लिया है। इतना ही नहीं, नियमों की अवहेलना करने वाले व्यक्ति या परिवार को गांव की भाईबंदी से अलग करने का फरमान भी सुनाया गया है। ग्रामीणों ने इस मुहिम को सफल बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन से भी सहयोग की अपील की है, ताकि गांव में इस नियम को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। इस बैठक में नशा मुक्ति के इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक के दौरान जयवीर पोखरियाल, सरोजनी देवी, सीता देवी, जशोदा देवी, ऐला देवी, मुशी देवी, रामचंद्री देवी, पिंकी देवी, प्रतिमा देवी, पवित्रा देवी, मंजू देवी, विमला देवी, मंगशीरी देवी, शकुंतला देवी, कला देवी, विशला देवी, चंपा देवी, कमला देवी, चंद्रमा देवी और प्रमिला देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डॉ. राजेश



■ मुख्यमंत्री धामी के विजन को जमीन पर उतारने में जुटा आवास विभाग, सचिवालय में आधुनिक कार्यालय भवन निर्माण को मिली रफ्तार

■ औचक निरीक्षण में आवास सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने दिए सख्त निर्देश, कहा - गुणवत्ता और समय-सीमा का रखें ध्यान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** आवास विभाग, राज्य सम्पत्ति विभाग की जिम्मेदारी संभालने के बाद से ही सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार विभागीय कार्यों की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन को जमीन पर उतारने और सरकारी कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से डॉ. राजेश कुमार ने आज सचिवालय परिसर स्थित निर्माणाधीन आधुनिक कार्यालय भवन के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ एसएस रावत संयुक्त सचिव, राज्य संपत्ति, नीरज कुमार त्रिपाठी, अधिशाषी अभियंता लोकनिर्माण विभाग, संदीप वर्मा, अपर सहायक अभियंता सिविल, गाविंद सिंह, सहायक अभियंता विधुत सहित ठेकेदार शिव कुमार अग्रवाल मौजूद रहे।

राज्य सम्पत्ति विभाग एवं निर्माण से जुड़े संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सचिव ने निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही या गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा:** राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन सचिवालय परिसर, देहरादून में विश्वकर्मा भवन के समीप 6 मंजिला (जी5 एवं एक बेसमेंट सहित) आधुनिक कार्यालय भवन का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह भवन राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के लिए आधुनिक, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक कार्यालय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है।

इस परियोजना को शासनादेश दिनांक 26 मार्च 2025 के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की गई है। भवन निर्माण की कुल लागत 5934.71 लाख है, जिसमें सिविल कार्य एवं विद्युतीकरण कार्य शामिल हैं। अब तक इस परियोजना पर लगभग घ्1400 लाख की धनराशि का आंवटन किया जा चुका है।

**निर्माण एजेंसी और समय-सीमा:** भवन के सिविल निर्माण कार्य का अनुबंध मैसर्स शिव कुमार अग्रवाल को दिया गया है। निर्माण कार्य को डेढ़ वर्ष की अवधि में पूर्ण किया जाना है, जिसकी अंतिम तिथि 24 जनवरी 2027 निर्धारित की गई है।

**भवन की प्रमुख विशेषताएं:** यह भवन 34ञ्74 मीटर के प्लॉट पर निर्मित किया जा रहा है, जिसका कुल क्षेत्रफल 2516 वर्ग मीटर है। सभी मंजिलों को मिलाकर भवन का कुल निर्मित क्षेत्रफल लगभग 1,04,480 वर्ग फीट होगा। भवन के बेसमेंट में 25 कार पार्किंग और 100 दोपहिया वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे सचिवालय परिसर में पार्किंग की समस्या से राहत मिलेगी।

ग्राउंड फ्लोर पर एसबीआई बैंक, पोस्ट ऑफिस, प्रवेश लॉबी और वेटिंग एरिया का प्रावधान किया गया है। ऊपरी मंजिलों पर सचिव, अपर सचिव, उप सचिव, संयुक्त सचिव, अनुसचिव, स्तर के कार्यालय व उनके स्टाफ कक्ष, वेटिंग लॉबी और मीटिंग हॉल बनाए जा रहे हैं।

**निर्माण की वर्तमान स्थिति:** निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति के अनुसार भवन का फाउंडेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। बेसमेंट का सिविल कार्य पूरा कर लिया गया है तथा ग्राउंड फ्लोर का कार्य प्रगति पर है, जिसे 10 फरवरी 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में परियोजना की भौतिक प्रगति लगभग 15 प्रतिशत है।

राज्य सम्पत्ति विभाग द्वारा निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है। आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने स्पष्ट किया कि यह भवन सचिवालय की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाएगा।

**गुणवत्ता से समझौता नहीं- डॉ राजेश:** सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कहा सचिवालय परिसर में निर्माणाधीन यह आधुनिक कार्यालय भवन राज्य की प्रशास. निक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण परियोजना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन के अनुरूप हम सभी निर्माण कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। नियमित निरीक्षण और सतत निगरानी के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार आगे बढ़े। यह भवन भविष्य में बेहतर कार्यसंस्कृति और सुगम प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सीएम ने पद्मभूषण सम्मान के लिए चयनित होने पर कोश्यारी को दी बधाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से उनके डिफेंस कॉलोनी, देहरादून स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कोश्यारी को देश के प्रतिष्ठित पद्म भूषण सम्मान के लिए चयनित किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान कोश्यारी के सार्वजनिक जीवन में किए गए दीर्घकालिक, समर्पित एवं राष्ट्रसेवा से परिपूर्ण योगदान का उचित सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी ने उत्तराखंड आंदोलन से लेकर राज्य के गठन, प्रशासनिक नेतृत्व और संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन तक प्रत्येक भूमिका में प्रदेश और देश को सुदृढ़ दिशा देने का कार्य किया है। उनका जीवन जनसेवा, सादगी और राष्ट्रनिष्ठा का प्रेरणास्रोत रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पद्म भूषण सम्मान से न केवल उत्तराखंड, बल्कि संपूर्ण देश गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने ईश्वर से कोश्यारी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

# जरूरतमंद बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : लच्छू गुप्ता

■ भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक ने छात्रों को वितरित किए ट्रैक सूट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक लच्छू गुप्ता ने ठंड के बढ़ते हुए

प्रकोप को देखते हुए राजकीय प्राथमिक विद्यालय, हकीकत राय नगर में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए ट्रैकसूट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देहरादून के माननीय मेयर सौरभ थपलियाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस अवसर पर मेयर सौरभ थपलियाल ने बच्चों को ट्रैकसूट वितरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे सामाजिक प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने आयोजकों के इस जनकल्याणकारी कार्य की प्रशंसा की।

कार्यक्रम के आयोजक लच्छू गुप्ता ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में राजकुमार तिवारी, अमन गुप्ता, अजय बिष्ट, स्कूल की प्रधानाचार्य मधु सिंह, शिक्षिका शांति उनियाल, भोजन माता कविता आदि मौजूद रहे।

# सीएम ने कई योजनाओं के लिए 195 करोड़ की धनराशि की दी मंजूरी

■ सड़क सुरक्षा अनुरक्षण तथा सौंग बांध पेयजल परियोजना 176.91 करोड़ स्वीकृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सड़क सुरक्षा, सौंग बांध निर्माण, आपदा राहत, सी.एम. घोषणाओं के क्रियान्वयन एवं नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण स्वीकृतियाँ प्रदान करते हुए इन योजनाओं के लिए लगभग रू. 195 करोड़ की धनराशि जारी करने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री धामी द्वारा "पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता" योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए निर्माणाधीन सौंग बांध पेयजल परियोजना के अवस्थापना निर्माण कार्यों हेतु रू. 103.80 करोड़ की धनराशि अवमुक्त किए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। इसके साथ ही पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता" योजना के अंतर्गत सड़क सुरक्षा अनुरक्षण मद के लिए रू. 73.11 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।

**नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को तकनीकी सुदृढ़ीकरण के लिए 9.13 करोड़ की मंजूरी:** मुख्यमंत्री धामी द्वारा राज्य में नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलों एवं प्रशिक्षण केन्द्रों में वर्चुअल कंप्यूटर लैब की स्थापना और फॉरेंसिक वर्कस्टेशन बनाने की महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके तहत सभी जनपदों एवं प्रशिक्षण केन्द्रों में वर्चुअल कंप्यूटर लैब की स्थापना हेतु रू. 04.83 करोड़ तथा फॉरेंसिक वर्कस्टेशन के लिए आवश्यक हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस की खरीद हेतु रू. 4. 30 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।

**धराली आपदा के प्रभावितों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से रू. 6.67 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत:** मुख्यमंत्री ने जनपद उत्तरकाशी की तहसील भटवाड़ी अंतर्गत ग्राम धराली में दिनांक 5 अगस्त को आई प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं भवनों के प्रभावितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से कुल रू. 66096800- (रुपये छह करोड़ साठ लाख छियानवे हजार आठ सौ मात्र) की धनराशि स्वीकृत की है। उक्त आपदा से धराली, मुखवा एवं हर्षिल क्षेत्रों में कृषि भूमि को हुई क्षति के लिए भी 64 प्रभावितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से अतिरिक्त राहत राशि के रूप में कुल रू. 672024- (रुपये छह लाख बहत्तर हजार चौबीस मात्र) की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इन स्वीकृतियों से संबंधित शासनादेश भी जारी कर दिए गए हैं।

## मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए 2.21 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत

मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित नौ योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री द्वारा रू. 2.21 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिनसे संबंधित शासनादेश भी तत्काल निर्गत कर दिए गए हैं। जारी स्वीकृतियों में जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र पुरोला के अंतर्गत रूपिन राजि के अंतर्गत धौला से इस्त्रागाड़-चांगशील पर्यटन मार्ग के मरम्मत कार्य हेतु रू. 43.99 लाख की धनराशि अनुमोदित की गई है। इसके अतिरिक्त जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के विकासखंड मुनस्यारी में धापा से क्वीरी तक संपर्क मार्ग निर्माण कार्य के लिए रू. 54.77 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र चकराता में समाज कल्याण विभाग से संबंधित मुख्यमंत्री की विभिन्न घोषणाओं के अंतर्गत सात योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी रू. 1.22 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।

## व्यक्ति ने गटका जहर, मौत

**हल्द्वानी।** अज्ञात कारणों के चलते एक व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।


**न्यायालय श्रीमान असिस्टेंट कलेक्टर महोदय टिहरी नई टिहरी जिला टिहरी गढ़वाल**

रेवेन्यू वाद संख्या-28 सन्-2024-25

**वादीगण-** मूर्ति सिंह आदि

**बनाम**

**प्रतिवादीगण-** मूर्ति सिंह आदि

**नोटिस बनाम-** 1. रविन्द्र पुत्र कुशाल सिंह निवासी ग्राम ज्यूंदासू पट्टी जुवा तहसील टिहरी जिला टिहरी गढ़वाल।

एतत् घ्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने एक घोषणात्मक वाद अंतर्गत धारा 229 बी जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम का प्रतिवादीगण के विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसमें जवाबदावा हेतु दिनांक 16 माह 02 सन 2026 की तिथि नियत है।

यदि आपको उक्त वाद में जबाबदावा/आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो आप उक्त नियत तिथि 16-02-2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त वाद में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

आज दिनांक 15 माह 01 सन-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**वाचक**
**असिस्टेन्ट कलेक्टर टिहरी**
**नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल**


# कैबिनेट मंत्री जोशी ने सेवा सप्ताह के तहत आशा कार्यकत्रियों का किया सम्मान

■ कैबिनेट मंत्री ने आशा कार्यकत्रियों को समाज की वास्तविक ताकत बताया




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के जन्मदिवस (31 जनवरी) के अवसर पर जनसेवा की भावना से समर्पित "सेवा सप्ताह" के अंतर्गत शुक्रवार को कैंप कार्यालय में आशा कार्यकत्रियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने आशा कार्यकत्रियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि यह अवसर उनके लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक ताकत आशा कार्यकर्ता बहनें हैं, जो निस्वार्थ भाव से गांव-गांव और घर-घर जाकर जनसेवा का कार्य कर रही हैं। जोशी ने कहा कि आशा कार्यकर्ता केवल स्वास्थ्य सेविका नहीं, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता की अग्रदूत, मातृ-शिशु सुरक्षा की संरक्षक और समाज की सच्ची सेविका हैं।

उन्होंने कहा कि टीकाकरण अभियान, गर्भवती माताओं की देखभाल, पोषण अभियान तथा कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान आशा कार्यकत्रियों ने हर चुनौती का साहस और समर्पण के साथ सामना किया। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश घरों में था, तब आशा बहनें अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर लोगों की सेवा कर रही थीं, जो वास्तव में वंदनीय है।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में, जहां दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां हैं, वहां आशा कार्यकत्रियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, निर्मला जोशी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, ज्योति कोटिया, संध्या थापा, समीर डोभाल, भावना चौधरी सहित कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## काया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में निशुल्क चिकित्सा शिविर

**हल्द्वानी।** काया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में शुक्रवार को एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 290 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस शिविर में रोगियों की शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, सीबीसी, ईसीजी जैसी विभिन्न जांचें निशुल्क की गईं। शिविर में 25प्रतिशत रोगी शुगर और ब्लड प्रेशर, 30प्रतिशत जोड़ों के दर्द, गठिया और कमर दर्द के रोगी आए थे, जिनका पंचकर्म विधि से उपचार भी किया गया। जबकि रक्त जांच डा. नीतू द्वारा की गई। पंचकर्म विशेषज्ञ और असिस्टेंट प्रो. डा. स्वाति भट्ट ने 20 रोगियों का पंचकर्म उपचार किया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् नरेन्द्र नगर, टिहरी गढवाल

पत्रांक - 1046 / कोटेशन / न0पा0प0 / नरेन्द्रनगर / 2025-26 दिनांक: 30 जनवरी, 2026

**॥ अल्पकालीन कोटेशन सूचना ॥**


नगर पालिका परिषद् नरेन्द्र नगर के द्वारा नीचे दिये गये तालिका में अंकित कार्य करवाया जाने हैं, जिसके दृष्टिगत इच्छुक कम्पनी/फर्म/डीलर से दिनांक 06 फरवरी, 2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में कोटेशन नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर के कार्यालय में आंमत्रित किये जाते है, जो उसी दिन सांय 04:00 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा पालिका कार्यालय में खोले जायेगें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त कोटेशनों पर विचार नही किया जायेगा। **कोटेशन से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।** कोटेशनों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक, नगर पालिका परिषद्, नरेन्द्र नगर को निहित होगा।

| क्र0सं0 | विवरण | अभ्युक्ति/दर |
|---|---|---|
| 01 | 03 जिम पार्क रिपेयरिंग का कार्य। | इच्छूक फर्म अपनी दरें स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त प्रति उपकरण में भरें। |
| 02 | पालिका कार्यालय हेतु इर्न्वटर पूर्ण सेट ट्रॉली सहित। | इच्छूक फर्म द्वारा अपनी दरें प्रति नग में भरी जायेगी। |
| 03 | मुख्य सड़क किनारे थाने के समीप लोहे के जालों पर सी0एन0सी0 डिजाईन युक्त 02 एम0एम0 मोटाई की एम0एस0 सीट पर 3डी0 ड्राइंग एवं पेटिंग का कार्य । | इच्छूक फर्म द्वारा अपनी दरें प्रति वर्ग मीटर में भरी जायेंगी। |

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्
नरेन्द्र नगर टि0ग0।


# मनरेगा: कांग्रेस का ब्लॉक में प्रदर्शन

■ बहुउद्देशीय योजना को कमजोर कर रही सरकार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल की अगुवाई में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना में किए जा रहे बदलावों के विरोध में ब्लाक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरनास्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि राजनीतिक विद्वेष के कारण केंद्र सरकार ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने वाली मनरेगा जैसी बहुउद्देशीय योजना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। यह योजना ग्रामीणों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी देती है, लेकिन इसके नियमों में लगातार बदलाव कर क्रियान्वयन को जटिल बनाया जा रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला दत्त भट्ट और संजय किरौला ने कहा कि पहले मनरेगा में 90 प्रतिशत केंद्रांश और 10 प्रतिशत राज्यांश की व्यवस्था थी, जिसे अब बदलकर 40 प्रतिशत राज्यांश कर दिया गया है। इससे राज्यों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाला जा रहा है।

पहले से ही कर्ज में डूबे राज्य इतनी बड़ी धनराशि की व्यवस्था कैसे करेंगे, यह सरकार को स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी के विचार पर भी प्रहार करने का काम किया है। इस दौरान मनोज बिष्ट, महेश कांडपाल, इंद्रपाल आर्य, किरण मेहरा, अशोक जोशी, दान सिंह तड़ागी, सतनाम सिंह, गोपाल बिष्ट, गोविंद बिष्ट, हरेंद्र सिंह चौरसिया, पवन जोशी, मोनिका सती, रेनू तोमर, अलका आर्य, हेमू रंगवान, दीप जोशी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत लण्ढौरा, जनपर हरिद्वार

पत्रांक: 38/हा0मा0/न0पं0ल0/2025-26 दिनांक: 30 जनवरी 2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत लण्ढौरा द्वारा मा0 अध्यक्ष महोदय व अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लण्ढौरा की स्वीकृति उपरान्त SUPPLY AND INSTALLATION OF 12M HIGH MAST SHAFT LIGHT SYSTEM WITH 6 LED PER MAST AT NAGAR PANCHAYAT LANDHAURA, DISTRICT- HARIDWAR व अन्य कार्य फर्म के माध्यम से कराये जाने हेतु टू-बिड (तकनीकी व वित्तीय) प्रक्रिया के माध्यम से www.uktenders.gov.in निविदा आमंत्रित करता है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| S.no. | Scheduled/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Online Publication | 30.01.2026 | 14:00 |
| 2 | Document Download Start Date | 30.01.2026 | 15:00 |
| 3 | Online Bid Submission Start Date | 06.02.2026 | 09:00 |
| 4 | Pre bid Meeting Office Nagar Panchayat Landhaura | 04.02.2026 | 13:00 |
| 5 | Online bid Submission End Date | 13.02.2026 | 16:00 |
| 6 | Offline Submission of Hard/Original Copy of document End date | 13.02.2026 | 16:00 |
| 7 | Bid Opening Date | 13.02.2026 | 17:00 |

उक्त निविदा की विस्तृत जानकारी www.uktenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है तथा तिथियों व निविदा में किसी भी प्रकार का कोई संशोधन मात्र www.uktenders.gov.in पर प्रेषित किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत लण्ढौरा
जनपद हरिद्वार।

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत लण्ढौरा
जनपद हरिद्वार।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# कोई सबालेंका को हरा सकता है तो वे हैं रायबाकिना

## आज ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए खेलने वाली आखिरी दो खिलाड़ी होंगी

**मेलबर्न, वार्ता।** आर्यना सबालेंका और एलेना रायबाकिना डब्ल्यूटीए टूर पर सबसे दमदार खिलाड़ियों में से दो हैं, और शनिवार को वे अपनी पसंदीदा सतह पर ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए खेलने वाली आखिरी दो खिलाड़ी होंगी। रॉड लेवर एरिना के ऊपर छत है, लेकिन नंबर 1 आर्यना सबालेंका और नंबर 5 एलेना रायबाकिना के बीच यह जोरदार मुकाबला मेलबर्न पार्क के गर्मी के नियमों को लागू करवा सकता है। इसे थंडर डाउन अंडर कह सकते हैं। उन्होंने इस पखवाड़े में अपने सभी 12 सेट जीते हैं। ऐसा आखिरी बार किसी ग्रैंड स्लैम में 17 साल से भी पहले हुआ था। सबालेंका, अपने लगातार चौथे ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंची हैं - ऐसा ओपन युग में पहले केवल इवोन गुलागोंग और मार्टिना हिंगिस ने किया था - और ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनका रिकॉर्ड 34-6 है। गुरुवार को सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-3 से हराने के बाद सबालेंका ने पत्रकारों से कहा कि मुझे यह जगह बहुत पसंद है। मुझे यह स्टेडियम बहुत पसंद है। जब भी मैं वहां खेलती हूं, मुझे बहुत अच्छा लगता है। जेसिका पेगुला पर 6-3, 7-6 (7) से जीत के बाद मेलबर्न में रायबाकिना का रिकॉर्ड 20-6 का है। वह 2023 में यहां फाइनल में पहुंची थीं, जहां उन्हें सबालेंका से 4-6, 6-3, 6-4 से हार मिली थी, जिन्होंने अपने चार बड़े खिताबों में से पहला खिताब जीता था। रायबाकिना ने अपना एकमात्र ग्रैंड स्लैम खिताब 2022 में विबलडन में जीता था, और वह ऑस्ट्रेलियाई मुकाबला उनका दूसरा बड़ा फाइनल था। तीन साल बाद, वह अपने तीसरे फाइनल में हैं। रायबाकिना ने कहा कि निश्चित रूप से फिर से फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं। मैं दूसरे सालों, सीजन में करीब थी, जब मैंने दूसरे स्लैम में सेमीफाइनल खेला था, लेकिन हां, अब मैं और करीब हूं, जो बहुत अच्छा है। बस एक कदम और बाकी है। तो, असल में गेंद को सबसे जोर से कौन मारता है? कहना मुश्किल है, लेकिन सबालेंका ने फाइनल से पहले अपनी प्रतिद्वंद्वी की तारीफ की। सबालेंका ने कहा कि उनके शॉट भारी, गहरे, सपाट होते हैं। उनके साथ खेलना आसान नहीं है, लेकिन हां, हमारा

## ज्वेरेव को हराकर कार्लोस अल्काराज पहली बार फाइनल में

### अल्काराज नाटकीय अंदाज में ज्वेरेव को 6-4, 7-6 (5), 6-7(3), 6-7(4), 7-5 से हराकर पहले बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहुंचे



**मेलबर्न, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज शुक्रवार दोपहर को नाटकीय अंदाज में अपने पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंचे, जहां उन्होंने शारीरिक समस्याओं से उबरते हुए और हार के कगार से वापसी करते हुए अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ एक मैराथन सेमीफाइनल जीत हासिल की। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी, अल्काराज ने वर्ल्ड नंबर 3 ज्वेरेव को 6-4, 7-6(5), 6-7(3), 6-7(4), 7-5 से हराया। यह मैच रॉड लेवर एरिना में पांच घंटे, 27 मिनट तक चला, जो टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे लंबा सेमीफाइनल था। तीसरे सेट के आखिर में दाहिने ऊपरी पैर की चोट से उबरने के बाद, स्पेनिश खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मेलबर्न में अपना पहला फाइनल मुकाबला पक्का किया।

मैच जीतने के बारे में पूछे जाने पर अल्काराज ने कोर्ट पर इंटरव्यू में कहा कि हर समय विश्वास रखना।मैं हमेशा कहता हूं कि आपको खुद पर विश्वास रखना होगा, चाहे आप मुश्किल में हों या आपने कुछ भी झेला हो। किसी भी चीज की परवाह किए बिना, आपको हर समय खुद पर विश्वास रखना होगा। मैं तीसरे सेट के बीच में संघर्ष कर रहा था। शारीरिक रूप से यह मेरे छोटे से करियर में खेले गए सबसे मुश्किल मैचों में से एक था। मैं इस तरह की स्थितियों में रहा हूं और मुझे पता था कि मुझे क्या करना है। मुझे मैच में अपना दिल लगाना था। मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया और आखिरी गेंद तक लड़ा। मुझे पता था कि मुझे मौके मिलेंगे। जिस तरह से मैं लड़ा और पांचवें सेट में वापसी की, उस पर मुझे खुद पर बहुत गर्व है। अपनी जीत के साथ, अल्काराज करियर ग्रैंड स्लैम (चारों मेजर में सिगल्स टाइटल जीतने) को पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने से सिर्फ़ एक जीत दूर हैं। अगर वह रविवार के फ़ाइनल में सिनर या जोकोविच को हरा देते हैं, तो अल्काराज यह रिकॉर्ड अपने देश के राफेल नडाल से छीन लेंगे। हालांकि, अल्काराज और इतिहास रचने के बीच उनके एक बड़े प्रतिद्वंद्वी के साथ एक जबरदस्त मुक.ाबला है। वर्ल्ड नंबर 2 सिनर मेलबर्न पार्क में दो बार के डिफ़ेंडिग चैंपियन हैं, जबकि जोकोविच रिकॉर्ड 10 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के विजेता हैं। अल्काराज, जिन्होंने मेलबर्न में अपने शुरुआती पांच मैचों में एक भी सेट नहीं हारा था, ज्वेरेव के खिलाफ दो सेट की बढ़त बनाने के बाद अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की राह पर दिख रहे थे। टॉप सीड खिलाड़ी ने जब सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब शानदार टेनिस खेला, खासकर जब उन्होंने 2-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरा सेट जीता। तीसरे सेट में 4-4, 15/15 पर असली ड्रामा शुरू हुआ। तीसरे सेट में 4-4 पर सर्व करते समय अल्काराज को दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में चोट लगी और उन्हें परेशानी होने लगी। उन्हें टूर्नामेंट के फ़िज़ियो से दो बार इलाज मिला, और वह ज्वेरेव को मैच में वापस आने से नहीं रोक पाए।

## उधार के बल्ले से डी कॉक ने ठोका शतक

**सेंचुरियन, वार्ता।** वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टी 20 में आतिशी शतक ठोकने वाले क्विटन डी कॉक ने खुलासा किया है कि वह ऐसा कारनामा उधार के बल्ले से कर पाए। डी कॉक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे नहीं पता कि इस सवाल का जवाब कैसे दूं। जब मैंने देखा तो मुझे थोड़ा अजीब लगा। पिछले एक साल में मेरे पास बहुत सारे बैग हो गए हैं, इसलिए मैं सभी चीजें देख रहा था, और मैं बस ब्लैंक हो गया। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे नहीं पता। मैं उन्हें भूल गया था।

जब मुझे एहसास हुआ तो मेरा चेहरा पीला पड़ गया, और बस निकलने से आधे घंटे पहले मुझे एक-दो फोन करने पड़े। यानी, जोहान्सबर्ग में टीम होटल से निकलकर सेंचुरियन में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टी-20 खेलने के लिए। इस दौरान, डी कॉक के बल्ले उनसे 1,000 किलोमीटर दूर नाइस्ना में उनके घर पर थे - उन्हें मंगलवार को पार्ल में सीरीज के पहले मैच के लिए आराम दिया गया था। उन्होंने कहा कि चेंजिग रूम में जाने से पहले मैं डेवाल्ड ब्रेविस और रिक्स (रायन रिकेल्टन) के पास गया, और मैंने ब्रेवी के बैग से एक बल्ला निकाला। मैंने कहा, 'मैं आज इसी का इस्तेमाल करूंगा।' ब्रेवी ने कहा, 'ठीक है। यह तुम्हारे लिए अच्छा बल्ला है क्योंकि यह बाएं हाथ का है। डी कॉक ने सिर हिलाते हुए कहा आजकल के युवा।

## कार्यालय नगर निगम ऋषिकेश, देहरादून

पत्रांक 4597/1/भवनकर/07/2025-2026 दिनांक 30/01/2026

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 (क) व (ख) के अन्तर्गत भवनकर अभिलेखों में नामान्तरण हेतु आवश्यक सूचना।

| क्रम सं0 | रसीद संख्या | बुक संख्या | सम्पत्ति संख्या | क्षेत्र का नाम | कर निर्धारण पंजिका में दर्ज नाम | आवेदक का नाम | आवेदन दिनॉक | नामान्तरण हेतु आधार | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 95 | 2699 | 55/34 | महन्त परशुराम मार्ग | श्रीमती विशन देवी पत्नी श्री लाल नाथ | श्री लक्ष्मी नारायण शर्मा व श्री गोपाल कृष्ण शर्मा पुत्रगण स्व0 श्री लाल नाथ शर्मा | 06/09/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 2 | 2 | 2747 | 184/164 | तिलक मार्ग | श्रीमती प्रेमरानी पत्नी श्री ऋषि राज | श्री ऋषिराज बुद्धिराज पुत्र स्व0 श्री मुलखराज | 08/10/2024 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 वसीयत एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (96.28 वर्ग मी0) |
| 3 | 55 | 2745 | 158/147 | बनखण्डी ग्राम | श्रीमती मोहनी देवी पत्नी श्री गिरधारी लाल | श्रीमती सुषमा पत्नी श्री देवेन्द्र | 18/12/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 वसीयत, रजि0 दाननामा विलेख एवं शपथ-पत्र | एक भाग (41.82 वर्ग मी0) |
| 4 | 54 | 2745 | 64/53 | नेहरू मार्ग | श्री कमल कुमार जैन पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार जैन | श्री अनिल कुमार पुत्र श्री राधा किशन | 18/08/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (84 वर्ग मी0) |
| 5 | 53 | 2745 | 156/351 | चन्द्रेश्वर मार्ग | श्रीमती सवित्री देवी पत्नी श्री निखलेश मण्डल | श्रीमती सीमा घरामी पत्नी श्री असित घरामी, श्री अमरेश मंडल एंव श्री राज मंडल पुत्रगण स्व0 श्री निखिल मंडल | 06/12/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 6 | 51 | 2745 | 96/85ए | वीरभद्र मार्ग | स्वामी उपरोक्षानन्द सरस्वती शिष्य स्वामी सत्यानन्द सरस्वती | श्रीमती कमलेश रानी पत्नी श्री सतीश कुमार | 23/04/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र, मुख्तारेआम एवं शपथ-पत्र | एक भाग (75.27 वर्ग मी0) |
| 7 | 50 | 2745 | 102 | वीरभद्र मार्ग | श्री नीरज खुराना पुत्र स्व0 श्री जगदीश खुराना एवं श्रीमती सुमिता खुराना पत्नी स्व0 श्री विशाल खुराना | श्रीमती अनीता चौधरी पत्नी श्री तरूण चौधरी | 23/04/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (51 वर्ग मी0) |
| 8 | 49 | 2745 | 96/85ए | वीरभद्र मार्ग | स्वामी उपरोक्षानन्द सरस्वती शिष्य स्वामी सत्यानन्द सरस्वती | श्रीमती अनीता चौधरी पत्नी श्री तरूण चौधरी | 23/04/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र, मुख्तारेआम एवं शपथ-पत्र | एक भाग (56.48 वर्ग मी0) |
| 9 | 48 | 2745 | 19/14 | लाला लाजपत राय मार्ग | श्रीमती शैलबाला गर्ग पत्नी स्व0 श्री सेवक राम गर्ग | श्रीमती सीमा गर्ग पत्नी स्व0 श्री संजय गर्ग | 22/08/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (75.27 वर्ग मी0) |
| 10 | 41 | 2745 | 96/86 | शान्ति नगर | श्री श्याम लाल पुत्र श्री इन्दर लाल | श्रीमती बिंदु गोयल पत्नी श्री प्रवेश गोयल | 06/03/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र, मुख्तारेआम एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (33.44 वर्ग मी0) |
| 11 | 98 | 2738 | 419/396 | हरिद्वार मार्ग | श्री अभिषेक कृष्ण शर्मा व श्री अभिनव कृष्ण शर्मा पुत्रगण स्व0 श्री कृष्ण कुमार शर्मा | श्री अभिनव कृष्ण शर्मा पुत्र स्व0 श्री कृष्ण कुमार शर्मा व श्रीमती हिमानी शर्मा पत्नी श्री अभिनव कृष्ण शर्मा | 02/12/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (100.37 वर्ग मी0 |
| 12 | 16 | 2742 | 115/165/3 | चन्द्रेश्वर नगर | श्री इस्लामुदीन पुत्र श्री अब्दुल सलाम | मौ0 आसिफ पुत्र श्री इस्लामुद्दीन | 13/05/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 13 | 12 | 2745 | 807/344/645 | हरिद्वार मार्ग | श्री पुरूषोत्तम पुत्र श्री शिवानन्द एंव श्रीमती राजेश्वरी पुत्री श्री शिवानन्द | श्री बीर चन्द रमोला पुत्र स्व0 श्री गोपाल चन्द रमोला | 12/12/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (182.89 वर्ग मी0) |
| 14 | 13 | 2745 | 27 सी0/23 | सोमेश्वर नगर | श्री भगवान सिंह पंवार पुत्र स्व0 श्री जयपाल सिंह पंवार | श्री शैलेन्द्र सिंह पंवार पुत्र श्री भगवान सिंह पंवार एंव श्री मनीष पंवार पुत्र श्री भगवान सिंह पंवार | 13/06/2025 | रजि0 दाननामा-विलेख एवं शपथ-पत्र | एक भाग (125.48 वर्ग मी0 |
| 15 | 15 | 2745 | 492/26/438 | हरिद्वार मार्ग | श्री अमित कुमार सिंघल एंव श्री अतुल सिंघल पुत्रगण स्व0 श्री बृजेश कुमार सिंघल | श्री दिनेश चन्द्र श्रीकोटी पुत्र श्री कबूल चन्द श्रीकोटी | 03/11/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (16.40 वर्ग मी0 |
| 16 | 37 | 2745 | 228/209 | शान्ति नगर | श्री रजत पाल पुत्र श्री सुन्दर | श्री सुन्दर पाल पुत्र श्री रतीराम | 12/06/2025 | रजि0 दाननामा-विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (79.49 वर्ग मी0) |
| 17 | 32 | 2745 | 285/1 | गंगा नगर | श्री अवतार सिंह पुत्र श्री गुरूचरण सिंह कैंथ | श्रीमती पूनम नेगी पत्नी श्री दीपक कुमार सिंह नेगी | 02/01/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (78.61 वर्ग मी0) |
| 18 | 65 | 2742 | 445/546ए | गंगा नगर | श्री प्रहलाद सिंह त्यागी पुत्र श्री रामचन्द्र एंव श्री अतुल त्यागी पुत्र श्री प्रहलाद सिंह त्यागी | श्री अतुल त्यागी पुत्र स्व0 श्री प्रहलाद सिंह त्यागी | 29/11/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 वसीयत एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 19 | 92 | 2738 | 770/2/80 | चन्द्रेश्वर नगर | श्रीमती दीपिका पुत्री श्री सोमदत्त कश्यप व श्री राजीव कुमार जायसवाल पुत्र श्री राम प्रसाद जायसवाल | श्रीमती दीपिका कश्यप पत्नी श्री मनीष कुंडलिया | 02/09/2025 | अपंजीकृत पारिवारिक बंटवारानामा एवं शपथ-पत्र | एक भाग (54.06 वर्ग मी0) |
| 20 | 100 | 2738 | 232/263 | हरिद्वार मार्ग | श्री दिनेश कुमार शर्मा पुत्र श्री ईलम चन्द शर्मा | श्रीमती सोनिका शर्मा पत्नी श्री सुनील कुमार शर्मा | 18/07/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, रजि0 उपहार विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (166 वर्ग मी0) |
| 21 | 80 | 2745 | 343/1/345 | हरिद्वार मार्ग | श्री विजेन्द्र पाल पुत्र श्री बल्लू राम व श्री मनोज पाल पुत्र श्री सेवा राम | श्रीमती गुंजन शर्मा पत्नी श्री दुष्यन्त सेठी | 31/12/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (50.10 वर्ग मी0) |
| 22 | 92 | 2745 | 43 | रेलवे मार्ग | श्रीमती चक्रेश रानी पत्नी श्री रमेश चन्द्र जैन | श्री अमित कुमार जैन पुत्र श्री रमेश चन्द जैन | 21/07/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 वसीयत एवं शपथ-पत्र | एक भाग |
| 23 | 94 | 2745 | 43 | रेलवे मार्ग | श्रीमती चक्रेश रानी पत्नी श्री रमेश चन्द्र जैन | श्री मनीष कुमार जैन पुत्र श्री रमेश चन्द जैन | 21/07/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 वसीयत एवं शपथ-पत्र | एक भाग |
| 24 | 93 | 2745 | 43 | रेलवे मार्ग | श्रीमती चक्रेश रानी पत्नी श्री रमेश चन्द्र जैन | श्री आशीष कुमार जैन पुत्र श्री रमेश चन्द जैन | 21/07/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, रजि0 वसीयत एवं शपथ-पत्र | एक भाग |
| 25 | 62 | 2745 | 2/2 | तिलक मार्ग | श्री प्रदीप कुमार प्रभाकर | श्रीमती दीपिका प्रभाकर पत्नी श्री तरूण प्रभाकर पुत्री श्री भारत भूषण वशिष्ठ | 19/12/2025 | रजि0 उपहार-विलेख एवं शपथ-पत्र | एक भाग (14.86 वर्ग मी0) |
| 26 | 65 | 2745 | 284/92 | वीरभद्र मार्ग | मै0 एम0 के0 ट्रेड्स प्रा0 लि0 द्वारा ओथोराइड श्री अशोक कुमार खैतान पुत्र श्री गोपाल खैतान | श्री हितेश बंसल पुत्र श्री बृजमोहन बंसल | 05/12/2023 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (289.74 वर्ग मी0) |
| 27 | 69 | 2745 | 25 | ऋषिलोक कॉलोनी | श्री लज्जा राम पुत्र श्री रघुवीर शरण | श्रीमती सुरभि सिंह पत्नी स्व0 श्री तरूण कुमार सिंह | 15/12/2025 | फ्रीहोल्ड अधिकार-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (120 वर्ग मी0) |
| 28 | 38 | 2745 | 259/258/2 | वीरभद्र मार्ग | महोम्मद हासिम पुत्र मौ0 कासिम | श्रीमती शकुंतला फुलवारिया पत्नी श्री महिपाल चौहान | 05/04/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (66.33 वर्ग मी0) |
| 29 | 75 | 2745 | 312/22 | चन्द्रेश्वर नगर | श्री सूरज प्रकाश चुघ पुत्र श्री यशपाल चुघ | श्री गंगाधरेश्वर ट्रस्ट स्वामी दयानन्द आश्रम द्वारा प्रबन्धक श्री गुणा नन्द रयाल पुत्र स्व0 श्री रामलाल रयाल | 05/04/2025 | रजि0 दाननामा एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (192.37 वर्ग मी0) |
| 30 | 11 | 2745 | नवीन | गंगा नगर | —— | श्रीमती कंचन नरूला पत्नी श्री राजेश नरूला | 27/03/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र, गजट की प्रति, खतौनी की नकल एवं शपथ-पत्र | एक भाग (163.10 वर्ग मी0) |
| 31 | 61 | 2745 | 527/13 | गंगा नगर | श्री दीपेश कोहली पुत्र श्री राम कुमार कोहली | श्रीमती सीमा कालरा पत्नी श्री संजीव कालरा | 29/08/2022 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (131.03 वर्ग मी0) |
| 32 | 80 | 2747 | 19+20 | मानवेन्द्र नगर | श्री कृष्णा सेवा आश्रम संस्था द्वारा श्री इन्द्रेश गोपाल कोहली | दुआ हयूमन टू हयूमिनिटी द्वारा अपने ट्रस्टी मैडम रजनी रावत चेला रामप्यारी उर्फ मुम्त्याजी | 27/05/2025 | रजि0 उपहार-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (752.78 वर्ग मी0) |
| 33 | 79 | 2747 | 348 | गंगा नगर | श्री ख्याली राम शास्त्री व श्री रमेश चन्द | श्री अजय गुल्हाटी पुत्र स्व0 श्री बिहारी लाल | 04/12/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र, मुख्तारेआम एवं शपथ-पत्र | एक भाग (125.46 वर्ग मी0) |
| 34 | 81 | 2747 | 396/7 | गंगा नगर | श्री गोपाल सती पुत्र श्री सुन्दर लाल सती व श्री संजय व्यास, श्री चन्द्रशेखर व्यास व श्री रविन्द्र कुमार अगवाल पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल | श्री राजीव बंसल पुत्र श्री सुरेश बंसल व श्रीमती निशा बंसल पत्नी श्री राजीव बंसल | 15/09/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (125.46 वर्ग मी0) |
| 35 | 82 | 2747 | 24/8, 25/9 | देहरादून मार्ग | श्री प्यारा सिंह पुत्र श्री श्रीराम | श्री अमन सडाना पुत्र श्री प्यारा सिंह सडाना | 26/08/2025 | रजि0 उपहार-विलेख एवं शपथ-पत्र. | सम्पूर्ण भाग (193.98 वर्ग मी0) |
| 36 | 85 | 2747 | 48/26/1 | हीरालाल मार्ग | श्री राजेन्द्र प्रसाद कण्डवाल पुत्र श्री बृजमोहन कण्डवाल | श्रीमती सुधा कण्डवाल, श्री केशव कण्डवाल, श्री नागेन्द्र कण्डवाल पत्नी/पुत्रगण स्व0 श्री राजेन्द्र प्रसाद कण्डवाल | 04/11/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 37 | 86 | 2747 | 775/311/623 | हरिद्वार मार्ग | श्री मनीराम कुलियाल पुत्र श्री महेश्वर प्रसाद कुलियाल | श्रीमती सोना देवी पत्नी श्री शरण सिंह बिष्ट | 11/05/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र, मुख्तारेआम एवं शपथ-पत्र | एक भाग (61.05 वर्ग मी0) |
| 38 | 88 | 2747 | 209/189 | शान्ति नगर | श्री मनोज कुमार पुत्र श्री आशाराम | श्रीमती रानी देवी पत्नी श्री लालू गौर | 16/12/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (58.77 वर्ग मी0) |
| 39 | 9 | 2749 | 83ए/85/1 | आदर्श नगर | श्रीमती राजकुमारी पत्नी श्री मदन लाल | श्री गोपाल कामरा पुत्र श्री मदन लाल कामरा | 23/09/2025 | रजि0 उपहार-विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (48.31 वर्ग मी0) |
| 40 | 20 | 2749 | 501-बी/527/2 | गंगा नगर | श्रीमती सीता अग्रवाल पत्नी श्री संजय अग्रवाल | श्री विजय कुमार गुप्ता एच0यू0एफ0 पुत्र स्व0 श्री राम नाथ गुप्ता | 27/08/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (161.71 वर्ग मी0) |
| 41 | 19 | 2749 | 501-बी/527/2 | गंगा नगर | श्रीमती सीता अग्रवाल पत्नी श्री संजय अग्रवाल | श्री विजय कुमार गुप्ता एच0यू0एफ0 पुत्र स्व0 श्री राम नाथ गुप्ता | 29/08/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (161.71 वर्ग मी0) |
| 42 | 59 | 2749 | 207/230/1 | चन्द्रेश्वर मार्ग | श्रीमती प्रेमा रावल पत्नी स्व0 श्री मोहन लाल रावल | श्रीमती श्वेता कपूर पत्नी स्व0 श्री प्रभूजीत सिंह कपूर | 03/11/2025 | रजि0 दाननामा/उपहार-विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (34.18 वर्ग मी0) |
| 43 | 55 | 2749 | 55/3/1/3 | नेहरू मार्ग | श्रीमती कृष्णा कुमारी पत्नी श्री कृष्ण कुमार व श्रीमती प्रेमलता पत्नी श्री सुदामा प्रसाद | श्रीमती पूनम जैन पत्नी श्री सुभाष चन्द जैन | 02/12/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (420.47 वर्ग मी0) |
| 44 | 37 | 2749 | 102/44 | शास्त्री नगर | श्री घनानन्द कण्डवाल | श्री राजेन्द्र प्रसाद, श्री देवेन्द्र कुमार, श्री सुरेन्द्र प्रसाद शर्मा पुत्रगण स्व0 श्री घनानन्द शर्मा | 30/12/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग |
| 45 | 18 | 2749 | 532/328 | गंगा नगर | श्री अनिल पुत्र श्री अमृतलाल सैनी | श्री अमित कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 श्री राजकुमार गुप्ता | 10/03/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र, रजि0 दान-पत्र/उपहार-विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (119.61 वर्ग मी0) |
| 46 | 36 | 2749 | 684/398 | गंगा नगर | —— | श्रीमती अमन टक्कर पत्नी श्री पवन टक्कर व श्रीमती सुमन सेठी पत्नी श्री विपिन सेठी | 18/09/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र, खतौनी की नकल एवं शपथ-पत्र | प्रथम बार दर्ज/करारोपण (413 वर्ग मी0) |
| 47 | 35 | 2749 | 396/29 | गंगा नगर | श्री रविन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल | श्रीमती सुमन सेठी पत्नी श्री विपिन सेठी | 25/08/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | एक भाग (175.67 वर्ग मी0) |
| 48 | 45 | 2749 | 438/30 | गंगा नगर | श्री राकेश वर्मा पुत्र स्व0 श्री धर्मपाल सिंह | श्री सतीश चन्द सचदेवा पुत्र श्री पृथ्वी चन्द सचदेवा | 03/09/2025 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (95.50 वर्ग मी0) |
| 49 | 32 | 2749 | 149/136 | बनखण्डी ग्राम | श्री पी0सी0 नौटियाल | श्री गौतम नौटियाल एवं श्री गौरव नौटियाल पुत्रगण श्री वेद किशोर नौटियाल | 26/06/2025 | रजि0 दाननामा-विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (82.87 वर्ग मी0) |
| 50 | 63 | 2749 | 83/85 | आदर्श नगर | श्रीमती शान्ती पत्नी श्री टिकम राम | श्रीमती रेखा अरोड़ा पत्नी श्री अर्जुन दास अरोड़ा पुत्री स्व0 श्री टीक्कन राम पिपलानी | 10/10/2025 | मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र, रजि0 उपहार-विलेख एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (114.37 वर्ग मी0) |
| 51 | 3 | 2754 | 102/32 | अद्वैतानन्द मार्ग | श्रीमती लीना कालरा पत्नी श्री मनोज कालरा पुत्री श्री किशोरी लाल | श्री राधा बल्लभ पुत्र श्री राम संजीवन गुप्ता एवं श्री अनीश कुमार गुप्ता पुत्र श्री राजा राम गुप्ता | 22/01/2026 | रजि0 विक्रय-पत्र एवं शपथ-पत्र | सम्पूर्ण भाग (426.85 वर्ग मी0) |

कर अधीक्षक
नगर निगम ऋषिकेश।

## नारसन ब्लॉक के मखदूमपुर जीआईसी कॉलेज में बहुद्देशीय शिविर

# सीडीओ व दर्जा मंत्री ने सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा की अध्यक्षता में विकास खंड नारसन के न्याय पंचायत मखदूमपुर राजकीय इंटर कॉलेज मखदूमपुर में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर आयोजन किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में 189 लोगों को विभिन्न विभागों से प्रमाण पत्र निर्गत किए गए तथा 313 लोगों विभिन्न विभागों की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस शिविर में 1049 लोगों ने प्रतिभाग किया।

बहुउद्देशीय शिविर में कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 24 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति (राज्यमंत्री स्तर) देशराज कर्णवाल ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना है तथा उनकी समस्याओं का त्वरित गति से समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जन जन की सरकार जन जन के द्वार आयोजित हो रहे शिविरो में भारी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे है तथा शिविर में विभिन्न विभागों की जन-कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 31 समस्याएं दर्ज कराई गईं, जिनमें से 24 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।जिनमें भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत विभाग के बिल, जलभराव, चकरोड़ एवं साफ-सफाई से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं।उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को भरपूर लाभ हो रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारियों को क्षेत्रवसियो की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिए और जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रुड़की डॉ मधु,उप जिलाधिकारी अनिल शुक्ला, खंड विकास अधिकारी नारसन सुभाष सैनी सहित समस्त ग्राम प्रधानगण,पंचायत सदस्यगण,अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



# सड़क हादसे में घायल महिला की मौत के बाद ट्रैक्टर चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम कोटवाल आलमपुर में छ दिन पूर्व ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार पचास वर्षीय महिला की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में महिला के भतीजे अनिल कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नारसन कला थाना मंगलौर निवासी अनिल कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 25 जनवरी की दोपहर वह अपनी चाची बालेश्वर देवी को लेकर बाइक से झबरेड़ा जा रहा था। ग्राम कोटवाल आलमपुर के पास ट्रैक्टर चालक द्वारा उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह दोनों बाइक से सड़क पर गिर गए ।सड़क पर गिरने से ट्रैक्टर ट्राली का पहिया उसकी चाची के ऊपर को उतर गया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी ।थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस द्वारा 25 जनवरी को ही अपने कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा कर लिया गया था ।तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

## पेट्रोल पंप दिलवाने के नाम पर लाखों की ठगी के मामले में

# भाजपा नेता हाजी इस्लाम सहित दो के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पेट्रोल पंप का लाइसेंस दिलवाने के नाम पर साल 2018 में हुई धोखाधड़ी मामले में कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के जसवावाला निवासी श्रवण काम्बोज ने न्यायालय में प्रार्थना-पत्र देकर बताया था कि वर्ष 2018 में विवेक कुमार ने स्वयं को इंडियन ऑयल का लाइसेंसी बताते हुए महिलाओं के नाम पेट्रोल पंप दिलाने की कथित सरकारी योजना दिखाई थी।उसके बाद पेट्रोल पंप का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर आरोपियों ने सरकारी फीस के नाम पर 13 लाख 25 हजार रूपए वसूल लिए गए। जिसमें इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सदस्य मोहम्मद इस्लाम को भी चेक के माध्यम से पैसे दिए गए थे। इस दौरान अलग-अलग किश्तों में कुल 13 लाख 25 हजार रुपये की रकम हड़प ली गई। काफी समय बीतने के बाद भी न तो पेट्रोल पंप का लाइसेंस मिला और न ही रकम वापस की गई। जब उनसे रुपयों की मांग की तो उसके साथ गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी दी गई। कई बार पुलिस से शिकायत करने के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने मामले को गंभीर मानते हुए कलियर पुलिस को दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए थे। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर विवेक कुमार और मो. इस्लाम निवासी भारापुर भौंरी थाना बाहदराबाद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने उठाया मनरेगा में घोटाले का मुद्दा

## कहां जा रहा मनरेगा कार्ड का पैसा, कन्हड़पुर में दिखावा बने जॉब कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कान्हापुर गांव में मनरेगा योजना दिखावा बनकर रह गई है। गांव में चंद परिवारों के ही जॉब कार्ड बने हैं, लेकिन इनमें भी किसी के खाते में आज तक पैसे नहीं पहुंच सके हैं, जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। इसकी वजह गांव में गरीब और दलित परिवार होने के बावजूद सफेद राशन कार्ड न बनना भी है।

जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को ग्रामीण महिलाओं के बीच पहुंचे महानगर, रुड़की कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी एडवोकेट ने अपने साथियों सहित पहुंच कर महिलाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने महिलाओं को मनरेगा योजना की भी जानकारी दी। इस दौरान गरीब परिवारों की दलित महिलाओं ने साफ किया कि गांव में महज छह-सात परिवारों के ही कार्ड बने हुए हैं और इन्हें भी ग्राम प्रधान की ओर से कोई काम नहीं दिया गया है और न ही किसी के खाते में पैसे पहुंचे हैं। महिलाओं ने मांग की कि सभी गरीब परिवारों के मनरेगा और सफेद राशन कार्ड बनने चाहिए।कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह गरीब परिवारों की आवाज बनेंगे। इसे लेकर उन्होंने मौके पर ही बीडीओ रुड़की सुमन लता कुटियाल से वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की को भी अवगत कराया तथा कहा कि कार्रवाई न होने पर कांग्रेस जन सड़क पर उतरेंगे। ब्लॉक कार्यालय का भी घेराव किया जाएगा।

इस अवसर पर कांग्रेस के संजय उर्फ गुड्डू, मुनफैत अली, वहीद, सत्तार, फतेह सिंह, सचिन पंडित, वैभव सैनी,मोहित त्यागी, सुधीर चौधरी, कल्लू आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।



# यातायात सुरक्षा सप्ताह के तहत छात्रों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठरदेवाहूण के प्रांगण मे यातायात सुरक्षा सप्ताह एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला के दौरान यातायात निरीक्षक (मंगलौर) जगदीश दत्ता ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा के बारे में गहन जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने बताया यातायात के दौरान गाड़ी के कागज, हेलमेट, बेल्ट एवं वाहन की फिटनेस बहुत जरूरी है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रपाल एवं कार्यक्रम प्रभारी एसके राठौर ने यातायात निरीक्षक जगदीश दत्ता पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। कार्यशाला के दौरान रविंद्र पाल सिंह , विपुल सालार, दिनेश सिंह, प्रताप नारायण, मुकेश बगवाड़ी, जितेंद्र पवार, संदीप वर्मा, बीना देवी, अरुणा राठी आलोक द्विवेदी, अनीता देवी, उस्मान एवं राकेश शर्मा आदि ने उपस्थित होकर सहयोग दिया।




# डंपर की चपेट में आकर दो बाइक सवार गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम लाठर देवा के पास गुरुवार देर शाम डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए ।एक युवक को अधिक चोट लगने से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। ग्राम भरतपुर निवासी अमित कुमार व संजय एक बाइक से झबरेड़ा से होते हुए मंगलौर जा रहे थे। जैसे ही वह ग्राम लाठरदेवा के पास पहुंचे पीछे से आ रहे हैं डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार दोनों सड़क पर गिर गए तथा घायल हो गए। वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा घायलों को डॉक्टर के यहां ले जाया गया तथा परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलने के कुछ देर बाद परिजनों के आने पर संजय को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# ईंट भट्टे पर काम करने वाले दो मुंशियों को जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**पिरान कलियर।** इमलीखेड़ा चौकी क्षेत्र में स्थित एक ईंट भट्टे पर कार्यरत दो मुंशियों को डाक के माध्यम से जान से मारने की धमकी भरा पत्र मिला है। धमकी भरे पत्र मिलने के बाद पीड़ितों में दहशत है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पिरान कलियर क्षेत्र के बेडपुर चौक के पास स्थित ईंट भट्टे पर कार्यरत मुंशी रविंद्र और अनिल कुमार को डाक के जरिये अलग-अलग पत्र प्राप्त हुए। पत्रों में उन्हें तुरंत भट्टे का काम छोड़ने की चेतावनी दी गई है। पत्र में काम न छोड़ने की स्थिति में गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई जिससे पीड़ित और उनके परिजन भयभीत हैं। धमकी भरे पत्र मिलने के बाद दोनों मुंशियों ने मामले को गंभीर बताते हुए पुलिस से सुरक्षा और दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस घटना के बाद से परिवार के लोग भी सहमे हुए हैं।इस संबंध में थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पत्र भेजने वालों की पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

# युवक ने सब्जी विक्रेता पर किया हमला, नकदी छीनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अवैध हथियारों के साथ रील बनाने वाले एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर सब्जी विक्रेता पर हमला कर दिया। उससे नकदी लूट ली। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पाडली गुर्जर निवासी वसीम रेलवे रोड पर गंगनहर कोतवाली से आगे सब्जी की रेहड़ी लगाता है। तेलीवाला गांव निवासी एक युवक से उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। आरोप है कि उक्त युवक अवैध हथियारों के साथ अपने साथियों के साथ सोशल मीडिया पर रील बनाकर वीडियो अपलोड करता रहता है। बुधवार शाम आरोपी अपने छह साथियों के साथ सब्जी विक्रेता की ठेली पर पहुंचा और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी व उसके साथियों ने वसीम पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि हमलावर जाते समय 20 हजार रुपये की नकदी भी छीन ले गए। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। पुलिस का कहना है कि आरोपी के सोशल मीडिया वीडियो सामने आए हैं। इनके आधार पर उसकी तलाश की जा रही है। मामले की गंभीरता से जांच जारी है।

# त्यागी समाज जल्द बनाएगा तीन मंजिला भवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** त्यागी समाज चौरिटेबल ट्रस्ट, रुड़की द्वारा समाज के लिए एक भव्य तीन मंजिला भवन के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य के शुरू होने से पूर्व रविवार को ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा प्रस्तावित भवन की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण से संबंधित सभी पहलुओं पर चर्चा की गई।

ट्रस्ट के अध्यक्ष नवीन त्यागी ने बताया कि समाज की यह वर्षों पुरानी मांग और सपना रहा है कि समाज का अपना एक स्थायी भवन हो, जहां सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि यह सपना अब साकार होने जा रहा है। आगामी 1 फरवरी को प्रातः 9:30 बजे आसफ नगर, दिल्ली रोड, नहर पटरी स्थित भूमि पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। इस अवसर पर उत्तराखंड के साथ-साथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा से समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित लोगों को आमंत्रित किया गया है। ट्रस्ट के महासचिव विकास त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त भूमि समाज द्वारा लगभग तीन वर्ष पूर्व समाज के सभी वरिष्ठजनों के सहयोग से क्रय की गई थी। अब इस भूमि पर समाज के उपयोग हेतु तीन मंजिला भवन का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भवन की पहली और दूसरी मंजिल पर भव्य हॉल बनाए जाएंगे, जबकि तीसरी मंजिल पर आवासीय कमरे निर्मित किए जाएंगे। यह भवन समाज के लोगों को उनके घरों में होने वाले शुभ एवं मांगलिक अवसरों पर उपलब्ध कराया जाएगा। लगभग 35 स्क्वायर फीट क्षेत्रफल में बनने वाले इस भवन का निर्माण कार्य करीब एक वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर त्यागी समाज रुड़की के अध्यक्ष अनिरुद्ध त्यागी,राजबीर त्यागी एडवोकेट, अनिल त्यागी, विनोद त्यागी, मुनेश त्यागी, बृजेश त्यागी एडवोकेट, नरोत्तम त्यागी, अश्वनी त्यागी, नंदकिशोर त्यागी, शिवकुमार त्यागी, श्यामवीर त्यागी, आदित्य त्यागी सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# नाबालिग के वाहन चलाने पर चालान पिता को जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी के द्वारा उप निरीक्षक आनंद मेहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर वारण्टीयो की धर पकड हेतु आदेशित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा यायालय से प्राप्त गैर वारण्ट की तामील कर 01 वारण्टी को दबिश देकर इसके मसकन सती मौहला रुड़की से गिरफ्तार किया गया। वारंटी तस्लीम खान के नाबालिक पुत्र द्वारा वाहन चलाए जा रहा था जिसका का चालान अंतर्गत धारा। 81/39/ 191/ 146/96/129/207 मोटर वाहन अधिनियम में किया गया था न्यायालय द्वारा नाबालिग के पिता तस्लीम खान का गैर जमानती वारंट जारी किया गया वारंटी तस्लीम खान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। 'नाम पता वारंटी'1. तस्लीम खघन पुत्र दीवान अमीन खान निवासी मकान नंबर 140 सती मोहल्ला निकट मदीना मस्जिद रुड़की कोतवाली रुड़की। पुलिस टीम में उप निरीक्षक उप निरीक्षक आनंद मेहरा, कांस्टेबल सुरेश तोमर, कांस्टेबल जितेंद्र ध्यानी शामिल रहे।

## मनरेगा बचाव को लेकर कांग्रेस लगातार मुखर

# लादपुर कला में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के लादपुर कला में मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेसियों के द्वारा एक मीटिंग का आयोजन कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह के नेतृत्व में किया गया है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने कहा कि जिस तरह से भाजपा सरकार नाम बदलने पर लगी हुई है विकास के बारे में कुछ भी नहीं किया जा रहा है उन्होंने कहा भाजपा सरकार के द्वारा गरीब आदमी के हक पर भी हथोड़ा चलाने की तैयारी की जा रही है उन्होंने कहा मनरेगा का नाम बदलकर खत्म करने की तैयारी कर रही है जो गरीब आदमी के ऊपर करारा प्रहार है गुफरान अंसारी ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस अब भाजपा की रीति नीति को समझ गई है यह गरीबी खत्म नहीं कर रही गरीबों को खत्म कर रही है जो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे मुकेश सैनी ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि हम सरकार से दो दो हाथ करने को तैयार है क्योंकि सरकार नाम बदलने के सिवाय और लोगों को गुमराह करने की शिवाय कोई काम नहीं किया जा रहा है जैसे मनरेगा का नाम बदलकर मनरेगा योजना को खत्म करने की तैयारी कर रहे हैं जो कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी युवा नेता मुकीम अहमद ने कहा कि जिस तरह से मनरेगा को बदलने की तैयारी सरकार कर रही है यह बहुत ही गलत है गरीबों के हक पर कुठारा घाट है उन्होंने कहा हम पहले भी कांग्रेसी थे और आज भी कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हुए हैं।



# खडंजा कुतुबपुर में सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में उप जिलाधिकारी लक्सर सौरभ असवाल की अध्यक्षता में विकास खंड लक्सर के न्याय पंचायत मुंडाखेड़ा कलां के पंचायत घर खंडजा कुतुबपुर में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनों से 1249 क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से 1450 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। इस शिविर में 3860 लोगों द्वारा किया गया प्रतिभाग।

आयोजित शिविर ने क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 66 समस्याएं दर्ज कराई गई,जिसमें 61 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया,शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति ने कहा कि पूरे प्रदेश की हर विकास खंड में जन-जन की सरकार जन-जन के बहुद्देशीय शिविर आयोजित किए जा रहे है इन शिविरों में आमजन की समस्याओं का निराकरण उन्हीं के द्वार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से ही इस शिविर के माध्यम से दूर दराज की जनता को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिला रहा है। उप जिलाधिकारी लक्सर सौरभ असवाल ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करे। सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका एवं कैलेंडर का भी आमजन मानस को वितरण किया गया। शिविर में पूर्व विधायक संजय गुप्ता,खंड विकास अधिकारी प्रवीण भट्ट सहित समस्त ग्राम प्रधानगण, पंचायत सदस्यगण,अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

## सम्पादकीय


**शनिवार, 31 जनवरी 2026**

**Dainikshahtimes@gmail.com** For Articles

# सराहनीय फैसला

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने गरीब, लाचार बच्चियों को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। जिसमें उसने सभी प्राइवेट व सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सेनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। साथ ही यह भी कहा कि लड़कियों के लिए अलग वॉशरूम बनाने होंगे, जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे उनकी मान्यता रद्द की जाएगी। कोर्ट ने सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को यह भी निर्देश दिया कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएंगे। असल में सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी, याचिका में लड़कियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता जताई गई थी। याचिका में यह भी कहा गया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों के कारण कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर पैसे खर्च करने के लिए नहीं होते। स्कूलों में भी लड़कियों के लिए यह सुविधा नहीं है इसलिए उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोसल की सुविधा भी नहीं होती, इसलिए भी लड़कियां स्कूल नहीं जा पातीं। याचिका में मांग की गई थी कि मेन्स्टुअल हाईजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए। कोर्ट का फैसला बताता है कि जया ठाकुर ने जिन बिन्दुओं को अपनी याचिका में उठाया, कोर्ट ने उन सभी को सही माना। कोर्ट ने कहा भी अगर स्कूलों में गर्ल्स के लिए अलग से टॉयलेट नहीं है तो यह संविधान 14 का उल्लंघन है। कोर्ट ने यह भी माना कि लड़कियों को सेनेटरी पैड नहीं मिलते, तो वह लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई व गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं। कोर्ट के अनुसार मासिक धर्म के दौरान सम्माजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 का हिस्सा है। हालांकि कोर्ट ने स्कूलों की मजबूरी की तरफ भी ध्यान दिया। कोर्ट ने कहा कि यह आद. ेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े नहीं है, यह आदेश उन क्लासरूम के लिए भी जहां लड़कियां मदद को झिझकती हैं और यह उन टीचर्स के लिए भी है जो मदद करना चाहते हैं लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कुछ नहीं कर पाते हैं। उन्होंने माता-पिता के लिए भी जो लड़कियों की चुप्पी को नहीं समझ पाते। कोर्ट ने यह टिप्पणी भी की कि यह फैसला समाज के लिए भी है ताकि प्रगति का पैमाना इस बात से तय हो कि हम सबसे कमजोर वर्ग की कितनी सुरक्षा करते हैं। बात सही भी है, देखने में यह बात बेहद मामूली सी लगती है विशेषकर संपन्न वर्ग के लिए। लेकिन अगर हम भारतीय समाज की गहराई में जाएं तो अभी भी गरीबी बहुत गहराई तक समाज में बनी हुई है। ऐसी लड़कियों की कमी नहीं है, जो सैनेटरी पैड खरीदने में सक्षम नहीं हैं और शर्म के चलते किसी से कह भी नहीं सकती। जाहिर है, वह स्कूल जाने से भी कतराती हैं। जिससे पढ़ाई व अन्य गतिविधियां प्रभावित होती है। ऐसे में कोर्ट का फैसला सराहनीय है।


## सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता



योगी सरकार को गोमाता की रक्षा के लिए अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए 40 दिनों का समय दिया जा रहा है, यदि इस अवधि में गोमाता को राज्यमाता का दर्जा नहीं दिया गया और गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो परिणाम गंभीर होंगे, जो सरकार गोवंश की रक्षा नहीं कर सकती, उसे हिंदू कहलाने का कोई अधिकार नहीं है, विशेष रूप से उस योगी को, तो बिल्कुल नहीं, जो गुरु गोरक्षनाथ की पवित्र गद्दी का महंत होने का दावा करता है, हमसे योगी ने हमारा प्रमाण-पत्र मांग लिया था, हमने सहज भाव से दे दिया, क्योंकि सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता, अब समय आपके हिंदू होने का प्रमाण देने का है, हिंदू होना भाषणों या भगवा तक सीमित नहीं है, इसकी कसौटी गो-सेवा और धर्म-रक्षा है।

**-स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शंकराचार्य, ज्योतिषपीठ**

# क्या उप्र के मुसलमान एआईएमआईएम के राजनीतिक नारों का समर्थन करेंगे





**एम हसन**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश में एक बार फिर गरमागरम राजनीतिक चर्चा में है, जहां 2027 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सोशल मीडिया और खासकर यूट्यूबर उत्तर प्रदेश में एआईएमआईएम की संभावनाओं पर गरमागरम बहस छेड़ने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी नवंबर 2025 में बिहार की पांच विधानसभा सीटों और महाराष्ट्र की हाल ही में संपन्न 29 नगर निग. मों में 125 पार्षद सीटों पर पार्टी की जीत के बाद काफी उत्साहित हैं। उत्तर प्रदेश के लिए एआईएमआईएम की योजना पर हाल ही में समा. जवादी पार्टी के सांसदों के सम्मेलन में चर्चा हुई, जिसकी अध्यक्षता पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने की। कुछ मुस्लिम सांसदों का मानना था कि एआईएमआईएम के राज्य में संभावित प्रभाव का मुकाबला करने के लिए एक कार्य योजना की आवश्यकता है, जो 2027 के चुनावों में हानिकारक साबित हो सकता है। ष्एसपी को देख लेंगेष के मूड में चल रहे ओवैसी ने मुस्लिम समुदाय को भावनात्मक रूप से एकजुट करने का सहारा लिया है। विशेष रूप से ष्धार्मिक अवसरों के लिए बनाए गए नारों के बीच, एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश में अपना आधार बढ़ाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही है। मुंबई नगर निगम चुनावों के दौरान एआईएमआईएम द्वारा लगाए गए ये नारे सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं और एक जवाबी कहानी पेश कर रहे हैं। मुंबई में विजय जुलूस के दौरान एआईएमआईएम की विजेता सहर शेख, उनके पिता यूसुफ शेख और अन्य लोगों द्वारा लगाए गए धार्मिक नारे उत्तर प्रदेश में चर्चा का विषय बन गए हैं। इसने उत्तर प्रदेश में गैर-भाजपा विपक्ष को भी चेतावनी दी है। मीडिया में मुस्लिम वोटों को बांटने के लिए खूब प्रचार किया जा रहा है, वहीं मुस्लिम समुदाय चुपचाप घटनाक्रम देख रहा है। यह कहना मुश्किल है कि मुस्लिम समुदाय एआईएमआईएम के मुस्लिम समर्थक बयानों से प्रभावित होगा या गैर-भाजपा विपक्षी दलों के साथ ही रहेगा। हालांकि, ओवैसी को इंडिया ब्लॉक या बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) में जगह मिलने की संभावना कम ही लगती है, क्योंकि ए पार्टियां अन्य मतदाताओं पर भी निर्भर करती हैं। खबरों के मुताबिक, दोनों ही दल एआईएमआईएम से किसी भी तरह का संबंध रखने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि इससे उल्टा असर पड़ सकता है और अन्य वर्ग उनसे दूर हो सकते हैं। बीएसपी प्रमुख मायावती पहले ही उत्तर प्रदेश चुनाव में अकेले लड़ने की घोषणा कर चुकी हैं। एसपी के पीडीए संगठन में मुस्लिम हैं, वहीं बीएसपी उन्हें वापस अपने पाले में लाने के प्रयास कर रही है। महाराष्ट्र में 2869 पार्षदों के मुकाबले 125 सीटों पर एआईएमआईएम की नगर निगम चुनाव जीत महत्वहीन है और इसकी तुलना उत्तर प्रदेश के विशाल विधानसभा क्षेत्रों से नहीं की जा सकती, जबकि बिहार में एआईएमआईएम का वोट प्रतिशत 1.85 था।

दरअसल, बिहार में मुसलमानों की राजनी. तिक स्थिति उत्तर प्रदेश से अलग है। पिछले दो दशकों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सत्ता में रहने और समुदाय को संरक्षण प्रदान करने के कारण, समुदाय एआईएमआईएम की व्यवहार्यता को परखने और कुछ सीटें देने का जोखिम उठा सकता था, लेकिन उत्तर प्रदेश की स्थिति बिल्कुल अलग है। मुसलमान नीतीश कुमार की जनता दल (यू) को भी वोट देते रहे हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश में समुदाय एआईएमआईएम का समर्थन करने में काफी सतर्क रहा है। हालांकि एआईएमआईएम को लेकर सपा नेताओं में चिंता है, फिर भी नेतृत्व को पूरा भरोसा है कि मुस्लिम समुदाय में पार्टी को अभी भी व्यापक समर्थन प्राप्त है। पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने कहा कि मुस्लिम समुदाय पूरी तरह से सपा के साथ है। नेतृत्व ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोगों को लामबंद करने के लिए पार्टी की कैराना सांसद इकरा हसन को भी तैनात किया है। सौम्य और विनम्र स्वभाव वाली इकरा हसन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में काफी लोकप्रिय हैं। यह वही क्षेत्र है जहां एआईएमआईएम सपा के वोट बैंक में सेंध लगाने के प्रयास कर रही है।

बसपा ने भी मुस्लिम समुदाय तक पहुंचने के लिए मुस्लिम भाईचारा समिति सम्मेलन शुरू किए हैं। पार्टी के युवा चेहरे आकाश आनंद (मायावती के भतीजे) अगले महीने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अभियान शुरू करने वाले हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के बीच एक व्यापक गठबंधन बना था, जिसमें कुछ छोटे दल भी शामिल थे। हालांकि, कांग्रेस केवल दो सीटें ही जीत सकी और आरएलडी ने आठ सीटें (2.9 प्रतिशत वोट) जीतने के बाद भाजपा में शामिल हो गई। सपा ने लगभग 33 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए 111 सीटें जीतीं। वहीं एआईएमआईएम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। मुस्लिम समुदाय, जो सपा के प्रति पूरी तरह से समर्पित था, ने एआईएमआईएम को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया। एआईएमआईएम ने 103 उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट जीतने में असफल रही और उसे केवल 0.49 प्रतिशत वोट मिले। उसे सबसे अधिक 36460 वोट (16.27 प्रतिशत) आजमगढ़ के मुबारकपुर से मिले, जहां से शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली चुनाव लड़ रहे थे। गुड्डू जमाली विधानसभा में बसपा के विपक्ष के नेता थे और चुनाव से पहले सपा में शामिल हो गए थे, लेकिन सपा का टिकट न मिलने पर वे एआईएमआईएम में शामिल हो गए। गुड्डू जमाली की व्यक्तिगत छवि ने एआईएमआईएम को भारी संख्या में वोट दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इसलिए एआईएमआईएम के सामने चुनौती कठिन है क्योंकि उसे शक्तिशाली सपा के सामने मुसलमानों को अपनी व्यवहार्यता का आश्वासन देना होगा, जिसका वर्तमान में समुदाय पर अण्डाकार नियंत्रण है। सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान की लंबी कैद और रामपुर में उनकी उच्च शिक्षा योजना को हुए नुकसान ने समुदाय के लिए काफी भावनात्मक प्रभाव डाला है। इसलिए, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या एआईएमआईएम, चाहे गठबंधन में हो या अकेले, मुस्लिम वोटों को विभाजित करने में सक्षम होगी, जिससे उत्तर प्रदेश में 2027 के चुनावी मुकाबले की ओर बढ़ते हुए हिंदुत्व समर्थक ताकतों को मजबूत करने में मदद मिल सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बैक्टीरिया के घर से कम नहीं है स्मार्टफोन

**विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में हफ्ते में कम से कम एक बार फोन की सफाई की जानी चाहिए। यदि आप फोन को अस्पताल, सार्वजनिक परिवहन या जिम जैसे जोखिमपूर्ण स्थानों पर ले जाते हैं, तो सफाई की आवृत्ति बढ़ा देनी चाहिए। अगर आप स्वच्छता को लेकर गंभीर हैं, तो न सिर्फ अपने हाथों की बल्कि उन चीजों की भी सफाई करना जरूरी है जिन्हें आप रोजाना सबसे ज्यादा छूते हैं। गलत तरीके से सफाई करने पर आपका फोन धीरे-धीरे खराब हो सकता है। लेकिन इसे सही तरीके से साफ करना आसान, किफायती है और इसमें ज्यादा समय भी नहीं लगता।**

हम अपने हाथ धोते हैं, शॉपिंग ट्रॉलियों को कीटाणु मुक्त बनाने के लिए सैनिटाइज करते हैं और कैफे की टेबल को पोंछते हैं, लेकिन क्या हम अपने मोबाइल फोन की सफाई पर उतना ध्यान देते हैं, जबकि दिन के 24 घंटे में ज्यादातर समय यह हमारे हाथ में होता है। साफ-सफाई केवल हाथों की ही नहीं, बल्कि उस वस्तु की भी होनी चाहिए जिसे आप दिन में सबसे अधिक बार छूते हैं।

**आपका मोबाइल फोन**

विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिन्हें हम दिनभर कई बार छूते हैं और रसोई, भोजन कक्ष, यहां तक कि शौचालय तक ले जाते हैं। ऐसे में इन पर तरह-तरह के कीटाणु जमा हो सकते हैं।

**फोन पर जमा हो सकते हैं सैकड़ों प्रकार के सूक्ष्मजीव**


अध्ययनों में पाया गया है कि जब मोबाइल फोन की सतहों से नमूने लेकर जांच की जाती है, तो उनमें सैकड़ों प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं। हालांकि, सभी सूक्ष्मजीव बीमारियां नहीं फैलाते, लेकिन संक्रमण का खतरा बना रहता है। लोग बाथरूम में फोन का इस्तेमाल करते हैं और उससे स्वयं बातचीत करते हैं या दूसरों के साथ साझा करते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।

**गलत सफाई से फोन को हो सकता है नुकसान**

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि फोन की सफाई के लिए यदि गलत उत्पादों या औजारों का इस्तेमाल किया गया, तो इससे उसके वाटरप्रूफ सील, टच सेंसिटिविटी और सतही कोटिंग को नुकसान पहुंच सकता है। एप्पल और सैमसंग जैसी कंपनियां ब्लीच, हाइड्रोजन परॉक्साइड, सिरका, एयरोसोल स्प्रे, विंडो क्लीनर या 70 प्रतिशत से अधिक अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की सलाह नहीं देतीं, क्योंकि यह फोन की ओलेयोफोबिक कोटिंग को हटा सकते हैं। ओलेयोफोबिक कोटिंग एक बेहद पतली फिल्म होती है जो उंगलियों के निशान और धूल से स्क्रीन की रक्षा करती है। अल्कोहल, एसीटोन या अमोनिया आधारित क्लीन इस कोटिंग को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सिरका जैसे घरेलू उपाय भी एल्युमिनियम या प्लास्टिक को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जबकि ब्लीच और हाइड्रोजन परॉक्साइड जैसे रसायन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए अत्यधिक कठोर माने जाते हैं।

**कैसे करें फोन की सही सफाई**

फोन को प्रभावी और सुरक्षित तरीके से साफ करने के लिए कुछ सुझावों का पालन करें। सफाई से पहले फोन को चार्जर और कवर से अलग करें। सफाई के लिए 70 फीसदी आइसोप्रोपिल अल्कोहल वाले वाइप्स या माइक्रोफाइबर कपड़े का उपयोग करें। चार्जिंग पोर्ट, स्पीकर ग्रिल जैसे नाजुक हिस्सों की सफाई के लिए एंटी-स्टैटिक ब्रश (नायलॉन, हॉर्सहेयर या गोट हेयर) का उपयोग करें। सीधे फोन पर किसी भी प्रकार का तरल न छिड़कें।



इससे नमी फोन के अंदर जा सकती है और शॉर्ट सर्किट या जंग लगने का खतरा हो सकता है। टिशू पेपर या खुरदरे कपड़े का प्रयोग न करें, यह स्क्रैच छोड़ सकते हैं। एप्पल और सैमसंग दोनों ही कंपनियों ने कोविड-19 महामारी के दौरान साफ-सफाई के दिशानिर्देशों में कुछ संशोधन किए थे और 70 फीसदी अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की अनुमति दी थी, लेकिन हल्के हाथों से पोंछने की सलाह दी थी।

# उम्मीद पर दुनिया कायम: फिर से पनप सकते हैं रिश्ते

हर रिश्ता अपनी एक खास कहानी कहता है, कुछ मीठे पल, कुछ उलझनें, और कई बार वो सवाल जो मन में चुपचाप घर कर जाते हैं। चाहे प्यार नया हो या सालों पुराना, कुछ दुविधाएं ऐसी होती हैं जो लगभग हर जोड़े को छूती हैं। वजहें भले ही अलग हों, लेकिन परेशानियां अक्सर एक जैसी लगती हैं। इसी सोच के साथ हमने कुछ अनुभवी कपल्स थेरेपिस्ट से बातचीत की और जानने की कोशिश की, ऐसे कौन से जज्बात हैं, कौन-से सबक हैं, जिन्हें वो हर जोड़े को बार-बार समझाते हैं? क्या ऐसा कोई सच है जो वे चाहते हैं कि हर रिश्ता समय रहते समझ जाए?

**मतभेद तो होंगे ही, उन्हें संभालना आना चाहिए**

हर रिश्ते में टकराव आता है लेकिन बात यह नहीं कि मतभेद हैं या नहीं, असली बात यह है कि हम उन्हें कैसे संभालते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के फैमिली इंस्टिट्यूट से जुड़े मनोवैज्ञानिक डॉ. एंथनी चेम्बर्स मानते हैं कि एक खुशहाल रिश्ता वो नहीं होता जिसमें कभी झगड़ा न हो, बल्कि वो होता है जिसमें दोनों साथी झगड़े को समझदारी से हैंडल करना जानते हों। उनके मुताबिक, रिश्ते में मतभेद चाहे छोटे-छोटे रोज के झंझटों को लेकर हों या गहरी उम्मीदों और अलग सोच से जुड़े हों, उन्हें सुलझाने के लिए तीन चीजें जरूरी हैं- लचीलापन, जिज्ञासा, और विनम्रता।

डॉ. चेम्बर्स कहते हैं, अगर आप बातचीत में इस इरादे से जाते हैं कि आप ही सही हैं और आपका पार्टनर गलत, तो समाधान मुश्किल होगा, लेकिन अगर आप यह मानते हैं कि हम अपने मतभेदों को कई तरीकों से सुलझा सकते हैं, तो रिश्ता मजबूत बनता है। मतभेद तो हर किसी के होते हैं, लेकिन जो जोड़े उन्हें समझदारी से संभालते हैं, वहीं रिश्ते में सच्ची संतुष्टि पाते हैं।

**टूटने के बाद जुड़ना भी एक कला है**

हर झगड़े के बाद जो सबसे जरूरी चीज होती है, वो है वापसी यानी फिर से एक-दूसरे से जुड़ना। मिनेसोटा की सेक्स थेरेपिस्ट डॉ. लॉरेन फोगेल मर्सी के मुताबिक, रिश्ते की असली ताकत इस बात में होती है कि आप किसी मतभेद के बाद दोबारा कैसे जुड़ते हैं। मरम्मत कोई जादू नहीं, बल्कि एक सीखने लायक स्किल है। माफी कैसे मांगनी है, किस पल बात करनी है, कब चुप रहना है, यह सब समझदारी और अभ्यास से आता है।

हर इंसान की जुड़ने की भाषा अलग होती है। कोई गले लगने से शांत होता है, तो किसी को थोड़ा वक्त चाहिए होता है। कोई खुलकर बात करना पसंद करता है, तो कोई बस एक सॉरी सुनना चाहता है। रिश्ते में यही समझ जरूरी है कि हम सिर्फ बहस से नहीं, बल्कि बहस के बाद भी एक-दूसरे को समझने की कोशिश करें।

**सही-गलत से ज्यादा जरूरी है, क्या महसूस हो रहा है**

कई बार जब बहस होती है, तो हमें लगता है कि हमें अपनी बात साबित करनी है, लेकिन यही सोच हमें ऐसे मोड पर ला देती है जहां बातचीत की जगह बहस होने लगती है और बहस से दूरी। मनोवैज्ञानिक और लेखिका डॉ. एलेक्जेंड्रा सोलोमन कहती हैं, जब हम सिर्फ तथ्यों पर अटक जाते हैं, तो वो बातचीत नहीं रह जाती, वो मुकाबला बन जाती है, मैं बनाम तुम, लेकिन अगर हम रुककर यह सोचें कि सामने वाला क्या महसूस कर रहा है? क्यों वो उस हालात को हमसे अलग देख रहा है? तो वहीं से रिश्ते में गहराई आती है। जब आप भावना को समझते हैं, तो आप सुलह की ओर बढते हैं। रिश्ते में सही होने से कहीं ज्यादा जरूरी होता है साथ रहना।

**रिश्ते में बारी-बारी की अहमियत मत भूलिए**

बचपन में हमें सिखाया गया था, बारी-बारी से बोलो, खेलो, समझो, लेकिन बड़े होकर हम अक्सर यही भूल जाते हैं। थेरपिस्ट जूली मेनानो कहती हैं कि कई कपल्स बातचीत के दौरान एक-दूसरे को सुनने के बजाय एक-दूसरे पर बोलने लगते हैं। कोई नहीं सुन रहा, सब माइक थामे हुए हैं। रिश्ते में सच्चा संवाद तब होता है जब आप शांत होकर सुनें, समझें और जवाब दें, न कि सिर्फ अपनी बात कहें।

**बह जाना और तय करना, एक जैसा नहीं होता**

रिश्ते में बहुत कुछ बस होता चला जाता है। लेकिन क्या वो आपके फैसले थे? थेरपिस्ट गैलेना रोड्स कहती हैं कि जिंदगी में बहने की बजाय सोच-समझकर फैसले लेना रिश्ते को मजबूत बनाता है फिर चाहे वो सेक्स से जुडा हो या साथ रहने के तरीके से। जो जोडे इस फर्क को समझते हैं, वही अपने रिश्ते की दिशा खुद तय करते हैं।

**साथ खेलना सिर्फ बच्चों का काम नहीं है**

हंसी-मजाक, मस्ती, और खेल, यह रिश्ता निभाने के बॉन्डिंग टूल्स हैं। डॉ. स्टीफन मिशेल कहते हैं, खुश जोडे वो हैं जो मस्ती करना कभी नहीं छोड़ते। एक मजेदार मैसेज, कोई पुराना जोक, या अचानक की गई डेट प्लानिंग ,ए छोटी-छोटी चीजें रिश्तों में जान डाल देती हैं।



**ज्यादातर जवाब आपके अंदर ही होते हैं**

थेरपिस्ट जेफ गुएंथर कहते हैं, आप पहले से जानते हैं कि क्या ठीक है और क्या नहीं। आप किन बातों से बच रहे हैं, कहां समझौता कर रहे हैं, आप जानते हैं। सवाल बस इतना है कि क्या आप वो कदम उठाने को तैयार हैं? कभी खुद से पूछिए, अगर मेरा सबसे अच्छा दोस्त मेरी जगह होता, तो मैं क्या सलाह देता? जवाब शायद वहीं मिल जाए।

**आपका तनाव, आपके रिश्ते को भी तोड सकता है**

जब आप खुद तनाव में होते हैं, तो प्यार करना भी मुश्किल हो जाता है। थेरपिस्ट एल्ट्जबेथ अर्नशॉ कहती हैं कि अनजाना तनाव रिश्तों में चुपचाप घुसकर दूरी बढ़ा सकता है। अगर आप अपने तनाव को पहचानें, समझें और बेहतर तरीके से हैंडल करें, तो आप अपने पार्टनर के लिए एक बेहतर साथ बन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नई दिल्ली। 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत आयोजित विरोध रैली में भाग लेते कांग्रेस नेता जयराम रमेश, अजय माकन, पवन खेड़ा व अन्य।

## अमेरिका ने यूरोप के कई ठिकानों पर एफ-35ए लड़ाकू विमान तैनात किए

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के साथ बढ़े हाल के तनाव के बीच अपनी पांचवीं पीढ़ी के एफ-35ए लड़ाकू विमानों को यूरोप में तैनात करना शुरू कर दिया है। हालांकि, इन विमानों का अंतिम गंतव्य फिलहाल स्पष्ट नहीं है। द वॉर ज़ोन पोर्टल ने ओपन-सोर्स डेटा के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ये एफ-35ए लड़ाकू विमान पहले वेनेजुएला से जुड़े एक अमेरिकी ऑपरेशन के तहत प्यूर्टो रिको में तैनात थे और अब पुर्तगाल के लाजेस एयर बेस पर उतरे हैं। सोशल मीडिया पर उपलब्ध एक वीडियो में इन विमानों की लैंडिंग देखी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे पहले अमेरिकी एफ/ए-18जी लड़ाकू विमान भी स्पेन की ओर उड़ान भर चुके हैं।

## उम्मीद हैं अमेरिका कनाडा संप्रभुता का सम्मान करेगा: कार्नी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि वह उम्मीद करते हैं कि अमेरिका 'कनाडा की संप्रभुता का सम्मान' करेगा। यह बयान उन मीडिया रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग करने की वकालत करने वाले एक समूह से मुलाकात की है। कार्नी ने राज्य के प्रमुखों (प्रीमियर) के साथ बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उनसे अमेरिकी अधिकारियों और 'अल्बर्टा प्रॉस्पेरिटी प्रोजेक्ट' (एपीपी) के बीच हुई बैठकों के बारे में सवाल पूछा गया था। एपीपी वह समूह है, जो प्रांत की स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह के लिए दबाव बना रहा है। कार्नी ने कहा कि मैं अमेरिकी प्रशासन से कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने की उम्मीद करता हूं।

# ट्रम्प की धमकी की डेनमार्क पीएम को मिला फायदा

### अमेरिकी राष्ट्रपति को चैलेंज किया था, अब सर्वे में फेडरिकसन की पार्टी को 9 सीटों का फायदा

**वाशिंगटन।** ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर अमेरिका और डेनमार्क के बीच विवाद का फायदा डेनिश पीएम मेट फेडरिक्सन को मिला है। अमेरिकी वेबसाइट द पोलिटिको ने लिखा है कि फेडरिक्सन को राष्ट्रपति ट्रम्प को शुक्रिया कहना चाहिए, क्योंकि उन्होंने उन्हें गहराते राजनीतिक संकट से बाहर निकाल लिया है।

फेडरिकसन की पार्टी के पापुलैरिटी में काफी उछाल आया है। सर्वे में सोशल डेमोक्रेट्स को सिर्फ 32 सीटें मिलती दिख रही थीं। यानी एक ही महीने में पार्टी की स्थिति में करीब 9 सीटों का उछाल आया है। पिछले साल नवम्बर 2025 में सोशल डेमोक्रेट पार्टी लोकल चुनाव हार गई थी। सबसे बड़ा झटका कोपेनहगन में लगा, जहां पार्टी ने 100 साल में पहली बार सत्ता गंवा दी। स्थिति तब बदलनी शुरू हुई, जब ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को डेनमार्क से छीनकर अपने में मिलाने की धमकी दी। इसके जवाब में डेनमार्क की प्रधानमंत्री फेडरिक्सन ने खुलकर देश की संप्रभुता का बचाव किया। मेटे फेडरिक्सन जून 2019 से डेनमार्क की प्रधानमंत्री हैं। वे डेनमार्क की सबसे युवा प्रधानमंत्री भी हैं। डेनमार्क में संसद में कुल 179 सीटें हैं, इनमें से प्रधानमंत्री फेडरिक्सन की सोशल डेमोक्रेट्स के पास 50 सीटें हैं। सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट पार्टी इस समय देश में गठबंधन सरकार चला रही है। इस गठबंधन में दो सेंटर-राइट पार्टियां मार्डरेटर्स और वेनस्टर भी शामिल हैं। मेगाफान नाम की एक डेनिश कंसल्टेंसी के सर्वे में सोशल डेमोक्रेट पार्टी को 22.7 प्रतिशत वोट और संसद की 41 सीटें मिलीं। यह सर्वे 20 से 22 जनवरी के बीच किया गया। दिसम्बर में हुए सर्वे में फेडरिकसन की पार्टी को सिर्फ 32 सीटें मिलती दिखाई गई थीं। ताजा सर्वे दिखाते हैं कि 41 सीटों के साथ भी वे संसद की सबसे बड़ी पार्टी बनी रहेंगी। इससे वे फिर से गठबंधन सरकार बनाने की बातचीत में सबसे मजबूत स्थिति में आ जाएंगी, हालांकि सत्ता में बने रहने के लिए उन्हें सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा। समर्थन में आई यह बढ़त इसलिए और भी खास मानी जा रही है, क्योंकि नवम्बर में हुए नगर निगम चुनावों में सोशल डेमोक्रेट्स को करारी हार मिली थी। इस चुनाव में पार्टी ने कोपेनहेगन गंवा दिया था, जो बेहद अहम सीट थी और जिसे पार्टी ने पिछले 100 सालों में कभी नहीं खोया था। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन के नेतृत्व वाली माडरेट्स पार्टी ने इस सर्वे में अपना वोट शेयर लगभग तीन गुना कर लिया। पार्टी का वोट 2.2 प्रतिशत से बढ़कर 6.4 प्रतिशत हो गया। यह करीब 12 सीटों के बराबर है। वहीं एक और एजेंसी वाक्समीटर के सोमवार को जारी सर्वे में फेडरिकसन की कैबिनेट को 40.9 प्रतिशत समर्थन मिला, जो दो साल में सबसे ऊंचा स्तर है।

■ सबसे बड़ा झटका कोपेनहेगन में लगा, जहां पार्टी ने 100 साल में पहली बार सत्ता गंवा दी



## संक्षिप्त समाचार

### ढाका-कराची सीधी हवाई सेवा शुरू

**ढाका।** बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस ने गुरुवार को ढाका-कराची-ढाका मार्ग पर सीधी उड़ान सेवा शुरू की। उद्घाटन उड़ान बीजी-341 गुरुवार रात 8 बजे ढाका से रवाना हुई। अगस्त 2024 में प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद से बंगलादेश और पाकिस्तान के बीच संबंधों में नजदीकी देखी जा रही है। दोनों देशों के बीच सैन्य प्रतिनिधिमंडलों सहित विभिन्न स्तरों पर प्रतिनिधिमंडलों का लगातार आदान-प्रदान हो रहा है। बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस द्वारा कराची के लिए सीधी उड़ान की शुरुआत को दोनों देशों को और करीब लाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया में निपाह वायरस के प्रकोप पर कड़ी नजर

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार एशिया में निपाह वायरस के प्रकोप पर कड़ी नज़र रख रही है। बटलर ने नाइन नेटवर्क टेलीविजन को बताया कि ऑस्ट्रेलिया में निपाह वायरस का अब तक कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन अधिकारी दिसम्बर में भारत में शुरू हुए इस प्रकोप से उत्पन्न खतरे को गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने इस प्रकोप को नियंत्रित कर लिया है, लेकिन फिर भी हम इस पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहे हैं, क्योंकि यह एक बहुत ही गंभीर वायरस है।

### काबुल में अफगान का पहला कैंसर केंद्र खुला

**अफगानिस्तान।** अफगान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि काबुल में अफगानिस्तान का पहला विशेष कैंसर केंद्र खुल गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय कैंसर निंदान एवं उपचार अस्पताल के रूप में आधिकारिक तौर पर नामित इस नए चिकित्सा केंद्र ने परिचालन शुरू कर दिया है और यह देश भर के कैंसर रोगियों को निंदान और विशेष देखभाल प्रदान करेगा।

# ट्रम्प की धमकी पर ईरान का अल्टीमेटम

### बोला: हमारे 1000 ड्रोन तैयार, जमीन और समुद्र से हमला करने में सक्षम, ईरान की तरफ बढ़ रहे अमेरिकी युद्धपोत

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका की सैन्य धमकी के बीच ईरान ने अपनी ताकत को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी सेना का कहना है कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान पर और कड़े हमलों की चेतावनी दे चुके हैं। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिकी युद्धपोत ईरान की तरफ बढ़ रहे हैं।

ईरानी सेना का दावा है कि अगर अमेरिका हमला करता है, तो ड्रोन और मिसाइलों का यह नेटवर्क देश की रक्षा में अहम भूमिका निभा सकता है। पिछले साल जून में अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले किए थे। ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा कि पिछले साल जून में हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद ईरान ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है। इसके तहत बड़ी संख्या में ड्रोन तैयार किए गए हैं। हातामी के मुताबिक, ये ड्रोन जमीन और समुद्र दोनों जगहों से आपरेट किए जा सकते हैं।

इसके अलावा ईरान के पास पहले से ही बड़ी संख्या में बैलिस्टिक मिसाइलें मौजूद हैं। ईरान ने संकेत दिए हैं कि वह जून, 2025 की तरह कतर के अमेरिकी ठिकानों और इजरायल पर मिसाइलें और ड्रोन दाग सकता है। पिछले साल जून में ईरान ने कतर स्थित अमेरिकी सेना के बेस पर मिसाइल हमले किए थे। हालांकि अमेरिकी सेना ने इन हमलों को नाकाम करने की बात कही थी। यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। यह फैसला विरोध प्रदर्शनों पर ईरानी सरकार की हिंसक कार्रवाई के चलते लिया गया है। रिवोल्यूशनरी गार्ड के शीर्ष कमांडरों समेत 15 अधिकारियों और 6 संगठनों पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। इनमें आनलाइन कंटेंट की निगरानी करने वाली संस्थाएं भी हैं। यूरोप में इनकी संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उनकी यात्रा पर रोक लगेगी। ईयू की राजनयिक काजा कलास ने कहा कि दमन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आईआरजीसी को अब अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठनों के बराबर माना जाएगा। आस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका पहले ही आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित कर चुके हैं। हालांकि ब्रिटेन ने अब तक इसे अपनी आतंकी सूची में शामिल नहीं किया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईयू के इस फैसले को 'दिखावटी कदम' और 'बड़ी रणनीतिक गलती' बताया है। उनका कहना है कि यूरोप हालात संभालने के बजाय तनाव बढ़ा रहा है। आईआरजीसी ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य ताकत मानी जाती है। इसकी स्थापना 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद हुई थी। इसके पास करीब 1.90 लाख सक्रिय सैनिक हैं। आईआरजीसी की कमान सीधे सुप्रीम लीडर खामेनेई के हाथ में होती है। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी और मजबूत करते हुए अरब सागर और लाल सागर में विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन, यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट और कई मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत तैनात किए हैं। साथ ही कतर, बहरीन, सऊदी अरब, इराक और जार्डन के सैन्य अड्डों से वायुसेना की सक्रियता बढ़ी है। अमेरिका अब ईरान के परमाणु ठिकानों, सैन्य अड्डों व कमांड सेंटरों पर समुद्र और आसमान दोनों से हमले की स्थिति में आ गया है। ट्रम्प ने 28 जनवरी को ईरान से परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने को कहा था और चेतावनी दी थी कि अगला हमला पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक होगा। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी कहा है कि सेना राष्ट्रपति के किसी भी सैन्य आदेश के लिए तैयार है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शुक्रवार को इस्तांबुल पहुंचे। उन्होंने यहां तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान से मुलाकात की है। इस यात्रा का मकसद अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर बातचीत करना है तुर्की तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता की पेशकश कर रहा है।


■ पिछले साल जून में हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद ईरान ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है: जनरल अमीर हातामी

## आईआरजीसी को आतंकवादी संस्था घोषित करने का फैसला अनुचित: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में ईयू के विदेश मंत्रियों के इस फैसले को अवैध, अनुचित और पाखंडपूर्ण बताते हुए इसे ईरान के खिलाफ कार्रवाई करार दिया। बयान में कहा गया है कि आईआरजीसी ईरान के आधिकारिक सशस्त्र बलों का अभिन्न हिस्सा है। देश के संविधान के तहत ईरान की संप्रभुता और सुरक्षा बनाए रखने, क्षेत्रीय स्थिरता की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने में इसकी भूमिका बेजोड़ और सम्मानजनक रही है। इसने उस आईएसआईएस आतंकवाद का भी मुकाबला किया है, जो कुछ यूरोपीय देशों और अमेरिका की साजिशों का नतीजा था। मंत्रालय ने कहा कि किसी औपचारिक सरकारी संस्था पर 'आतंकवादी' होने का ठप्पा लगाना एक खतरनाक परंपरा है।

# अमेरिका ने क्यूबा को तेल निर्यात करने वाले देशों पर कसा शिकंजा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्यूबा पर अतिरिक्त दबाव डालने के उद्देश्य से इस द्वीपीय देश को तेल निर्यात करने वाले देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिआवश्यक कदम बताते हुए गुरुवार को यह कदम उठाया है, जिसके तहत उन सभी देशों से अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो क्यूबा को तेल की आपूर्ति करते हैं।

इस आदेश के पीछे तर्क दिया गया है कि क्यूबा अमेरिका के प्रति शत्रुता का रुख रखने वाले रूस, चीन और ईरान जैसे देशों से संबंध रखता है। इसके साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि क्यूबा अमेरिका द्वारा देश के लिए 'घातक' चिन्हित किए गए हिज्बुल्लाह और हमास जैसे समूहों को भी पनाह देता है। इसके अतिरिक्त तर्क दिया गया है कि क्यूबा सरकार आधारभूत मानवाधिकारों की अवहेलना करती है। इन सभी आरोपों के आधार पर अमेरिका ने क्यूबा के खिलाफ 'राष्ट्रीय आपात' की घोषणा कर दी है और इसके सहयोगी देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। ट्रम्प से गुरुवार को जब एक पत्रकार ने पूछा कि क्या वह क्यूबा का 'दम घोंटने' की कोशिश कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि दम घोंटना एक बहुत ही कड़ा शब्द है। मैं ऐसी कोशिश नहीं कर रहा हूं, लेकिन ऐसा लगता है कि यह देश अब टिक नहीं पाएगा।

दूसरी ओर, क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज ने ट्रम्प के इस कार्यकारी आदेश की निंदा करते हुए इसे 'क्यूबा और उसके लोगों के खिलाफ एक क्रूर कृत्य' बताया। उन्होंने कहा कि वहां के लोगों पर अब अत्यंत कठिन परिस्थितियों में रहने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह दूसरे देशों को क्यूबा के खिलाफ अपनी नाकाबंदी नीति में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहा है। क्यूबा के उप विदेश मंत्री कार्लोस एफ. डी कोसियो ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि अमेरिका दशकों के आर्थिक युद्ध की विफलता के बाद क्यूबा की नाकाबंदी को और सख्त कर रहा है और संप्रभु राष्ट्रों को इस प्रतिबंध में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहा है।

■ ट्रम्प ने अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए

# बांग्लादेश ने भारत से स्पेशल इकोनॉमिक जोन छीना

**ढाका।** बांग्लादेश ने चटगांव में भारत को दी गई सेज (स्पेशल इकोनामिक जोन) का जमीन आवंटन रद्द कर दिया गया है। यूनुस सरकार ने यह जमीन चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए दे दी है।

लगभग 850 एकड़ में फैली इस जमीन में इस साल के अंत तक प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। चीन ड्रोन टेक्नोलाजी ट्रांसफर करने को भी राजी हो गया है। यहां मीडियम रेंज और वर्टिकल लिफ्ट वाले ड्रोन बनेंगे। चटगांव प्लांट भारतीय सीमा से 100 किमी दूर है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत-पाकिस्तान के बाद ड्रोन बनाने वाला तीसरा देश बन जाएगा। दूसरी ओर चीन ने बीते साल बांग्लादेश को 20 जे-10सीई फाइटर जेट देने की डील भी की थी। ये सप्लाई भी इस साल के अंत से शुरू हो जाएगी। चीन ने बांग्लादेश को पेमेंट में भी बड़ी मोहलत दी है। भारत और बांग्लादेश के बीच 2015 में एक समझौता हुआ था। पीएम मोदी की ढाका यात्रा के दौरान शेख हसीना के साथ संयुक्त घोषणा में भारत के निवेशकों के लिए एक इंडियन इकोनामिक जोन (आईईजेड) स्थापित करने का फैसला लिया गया। यह गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट (जी-2जी) फ्रेमवर्क पर था, जिसमें भारतीय निवेशकों को प्राथमिकता मिलती और भारत की लाइन आफ क्रेडिट (एलओसी) से फंडिंग होती।

■ चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए जमीन दी, बांग्लादेश को 20 चीनी फाइटर जेट मिलेंगे

## न्यूजीलैंड ने शांति बोर्ड में शामिल होने के ट्रम्प के प्रस्ताव को ठुकराया


**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। आरएनजेड रेडियो स्टेशन ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने बोर्ड के 'वर्तमान स्वरूप' में शामिल न होने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विस्टन पीटर्स ने एक अलग बयान में कहा कि चूंकि कई देश पहले ही इस पहल में शामिल हो चुके हैं, इसलिए 'न्यूजीलैंड इसमें कोई खास योगदान नहीं देगा।' 16 जनवरी को ट्रम्प ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की थी।

# चीन जा रहे पश्चिमी देशों के नेता

### दो महीने में 5 लीडर्स बीजिंग पहुंचे, ट्रम्प की नीतियों से बदल रहा ग्लोबल बैलेंस

**बीजिंग।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर बुधवार को 3 दिन के चीन दौरे पर पहुंचे। पिछले 2 महीने में 5 पश्चिमी देशों के नेता चीन जा चुके हैं। स्टार्मर से पहले फ्रांस, कनाडा, फिनलैंड और आयरलैंड के लीडर्स बीजिंग का दौरा कर चुके हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ की धमकियों ने पश्चिमी देशों को चीन के साथ रिश्ते सुधारने पर मजबूर कर दिया है।

यूनिवर्सिटी आफ सिडनी के अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और अमेरिकी इतिहास के एक्सपर्ट डा स्टुअर्ट रोलोका ने कहा कि ट्रम्प की आक्रमक नीतियों की वजह से ग्लोबल बैलेंस शिफ्ट हो रहा है। द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प के नाटो पर सवाल उठाने, ग्रीनलैंड पर कब्जे की मांग और गठबंधन की अनदेखी रवैये ने यूरोपीय सहयोगियों में विश्वास की कमी पैदा की है। इसमें सबसे बड़ा रोल ट्रम्प की टैरिफ धमकियों का है। यूरोप के टैक्स फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों पर औसतन 10 से 25 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया है। इससे व्यापार में अनिश्चितता का खतरा बढ़ गया है। यूरोपीय देशों पर लगे 15 प्रतिशत टैरिफ का सीधे तौर पर फ्रांस और जर्मनी पर पड़ा है। टैरिफ ने इन देशों में वित्तीय संकट और आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ा दी है। ट्रम्प ने इस महीने यूरोप के 8 देशों को 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे का विरोध कर रहे थे। हालांकि ट्रम्प ने बाद में अपना फैसला वापस ले लिया। ट्रम्प ने 23 जनवरी को स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन के मंच से अपने पश्चिमी सहयोगियों के खिलाफ कई विवादित बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब उस ग्लोबल सिस्टम की लीडरशिप नहीं करेगा, जिसे उसने दूसरे विश्व युद्ध के बाद अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर बनाया था। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका अब यूरोपीय देशों को अपने बाजार और सैन्य सुरक्षा की सुविधा मुफ्त में नहीं देगा। उनका भाषण कभी आक्रामक, कभी नाराज और कभी खुद की तारीफ से भरा हुआ था। उन्होंने यूरोपीय सहयोगियों को ऐसे देश बताया जो अमेरिका का फायदा उठाते रहे हैं। ट्रम्प ने ये भी कहा कि वे अपने 'ट्रेड वार' को आगे बढ़ाएंगे और टैरिफ को अमेरिकी बाजार में आने की कीमत बताया। अपने भाषण में ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया को संभाले हुए है।


■ इसमें सबसे बड़ा रोल ट्रम्प की टैरिफ धमकियों का है

# अमेरिका में सस्ती दवाओं के लिए वेबसाइट लॉन्च करेंगे ट्रम्प

### 800 प्रतिशत तक खर्च कम होगा, 16 कंपनियों से समझौता, बदले में 3 साल का टैरिफ छूट दी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन इस महीने 'ट्रम्प-आर' नाम की एक नई सरकारी वेबसाइट लॉन्च करने जा रहा है। इस प्लेटफार्म के जरिए मरीज दवा कंपनियों से सीधे कम दामों पर दवाएं खरीद सकेंगे। प्रशासन का दावा है कि इस पहल से अमेरिकी लोगों के दवा खर्च को 800 प्रतिशत तक कम किया जाएगा।

ट्रम्प प्रशासन ने पिछले साल सितंबर से अब तक 16 बड़ी दवा कंपनियों के साथ समझौते किए हैं। इन समझौतों को 'मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन)' डील्स कहा गया। बदले में दवा कंपनियों को 3 साल तक इम्पोर्टेड दवाओं पर टैरिफ से छूट मिलेगी। यह योजना चुनावी वादों और 'अमेरिका फर्स्ट' हेल्थ पालिसी से जुड़ी मानी जा रही है। ट्रम्प का कहना है कि दूसरे अमीर देश अमेरिका में बनी दवाइयां कम कीमत पर खरीदते हैं, जबकि अमेरिकियों को इसके लिए तीन गुना ज्यादा कीमत चुकाना पड़ता है। यह प्रोग्राम सुनिश्चित करेगा कि दवा कंपनियां उसी दाम पर दवा बेचे जो बाकी देशों में मिल रही है। अमेरिकी कंपनियां दवाओं के रिसर्च, टेस्टिंग, फैक्ट्री करोड़ों-खरबों रुपये खर्च करती है। दुनिया भर में यह दवा बेची जाती है। अमेरिका में यह दवा बहुत महंगी है, जबकि यूरोप, कनाडा, जापान जैसे अमीर देशों में वही दवा बहुत सस्ती मिलती है। दरअसल, उन देशों की सरकार कम कीमत पर दवा खरीदने की मांग करती है और ऐसा न करने पर डील रोकने का खतरा रहता है। बाजार खोने के डर से कंपनियां कम कीमत में दवाइयां मुहैया करवाती है। ट्रम्प का मानना है कि अमेरिकी लोगों के पैसे से ही नई दवाइयां बनती हैं। दूसरे देश कम पैसा देकर इसका फायदा उठाते हैं। ट्रम्प के मुताबिक वह अमेरिका की मेहनत पर श्फ्री राइडश करते हैं। इसलिए इस एमएफएन प्रोग्राम में फैसला किया गया है कि अब अमेरिका में भी दवा की कीमत सबसे कम होगी जो किसी अमीर देश में मिलती है। कंपनियों से कहा गया कि अमेरिका को भी वही सस्ती डील दो।


■ यह योजना चुनावी वादों और 'अमेरिका फर्स्ट' हेल्थ पालिसी से जुड़ी मानी जा रही है

## नियामी हवाई अड्डे पर हमला, जवाबी कार्रवाई में 20 हमलावर ढेर

**नियामी।** दक्षिण अफ्रीकी देश नाइजर के रक्षा-सुरक्षा बल (एफडीएस) ने राजधानी नियामी के डियोरी हमानी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को हुए हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में कम से कम 20 हमलावरों को मार गिराया और 11 अन्य को गिरफ्तार कर लिया। नाइजर के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सुरक्षा बलों ने हमलावरों के पास से भारी मात्रा में युद्ध सामग्री और उनके द्वारा इस्तेमाल की गई कई मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। मंत्रालय के अनुसार यह हमला बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात को हुआ, जब 'भाड़े के सैनिकों' (मर्सनरी) के एक समूह ने हवाई अड्डे के पास स्थित एयर बेस 101 को निशाना बनाया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरुष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर